* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 319

जी 20 के मंच से दुनिया देखेगी भारत की विकास यात्रा



## न्यूज रील्स

### दिल्ली के होटलों की सुरक्षा चाक-चौबंद

नयी दिल्ली। दिल्ली के होटल विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के स्वागत के लिए तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति से लेकर ब्रिटेन के पीएम तक के लिए अलग-अलग होटलों में रुकने की व्यवस्था की गयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जहां रुक रहे हैं वहां 400 कमरे बुक किये गये हैं।

**कौन कहां रुकेगा**

राष्ट्रपति जो बाइडन: अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन आइटीसी मौर्य के प्रेसिडेंशियल सुइट में रुकने वाले हैं।

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक: ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शांगरी ला होटल में रुकेंगे।

चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग: चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिरकत नहीं कर रहे हैं। उनकी जगह पर प्रधानमंत्री ली कियांग चीन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वह ताज होटल में ठहरेंगे।

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो: कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द ललित होटल में ठहरेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथोनी अल्बानीज: ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज इंपीरियल होटल में ठहरेंगे।

### गोल्डन टेंपल पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के सांसद ब्रैड

अमृतसर। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया से सांसद ब्रैड बैटिन गुरुवार को अमृतसर पहुंचे। अमृतसर आते ही सबसे पहले वह गोल्डन टेंपल नतमस्तक होने पहुंचे। ऑस्ट्रेलिया के कुछ ऑफिशियल्स के साथ पहुंचे सांसद ब्रैड ने पंजाबियों के सम्मान में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिससे पंजाबियों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। वहीं उन्होंने भारत से मजबूत हो रहे रिश्तों के बारे में भी कहा।

### आधा दर्जन अमेरिकी उत्पादों से इंपोर्ट ड्यूटी हटायी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति जो बाइडन के भारत आने से पहले भारत सरकार ने बादाम, सेब, अखरोट और दाल जैसे करीब आधा दर्जन अमेरिकी उत्पादों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को हटा दिया है। सरकार के इस फैसले से चना पर 10%, मसूर दाल पर 20%, ताजे या सूखे बादाम पर 7 रुपये प्रति किलो, छिलके वाले बादाम से 20 रुपये प्रति किलो, छिलके वाले अखरोट से 20% और सेब से 20% ड्यूटी हटायी गयी है। भारत ने साल 2019 में अमेरिका से इंपोर्ट होने वाले 28 प्रोडक्ट्स पर 120% तक यह ड्यूटी लगायी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कूलिंग-ऑफ पीरियड की मांग खारिज की

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 6 सितंबर को रिटायर्ड जजों के राजनीतिक पद लेने से पहले 2 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड पूरा करने की मांग को खारिज किया। बॉम्बे लॉयर्स एसोसिएशन ने मांग की थी कि सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के जजों के रिटायरमेंट और राजनीतिक पद लेने में दो साल का अंतर जरूरी होना चाहिए।

# जी-20 के लिए दिल्ली तैयार

## आने लगे मेहमान, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन आज आयेंगे

- बाइडन को प्रधानमंत्री मोदी खुद रिसीव कर सकते हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले समूह जी-20 के नेताओं का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर ब्रिटेन, कनाडा, चीन और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भी शिरकत कर रहे हैं। करीब 30 देशों के प्रमुख प्रतिनिधि इसमें हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिनिधियों का दिल्ली पहुंचना शुरू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन शुक्रवार शाम को तीन दिन के दौरे पर आ रहे हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। वह शाम को एयरफोर्स-वन विमान से दिल्ली पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उन्हें रिसीव कर सकते हैं।

**ह्वाइट हाउस ने दी वाइडन के आने की जानकारी:** पहले ह्वाइट हाउस ने बताया था कि राष्ट्रपति सात सितंबर से दिल्ली की यात्रा पर रहेंगे। अब ह्वाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वाशिंगटन से रवाना होने के बाद राष्ट्रपति जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जायेंगे। वहां रुकने के बाद वह भारत के लिए रवाना होंगे। 9-10 सितंबर को वह दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 8 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

**सम्मेलन में 30 देशों के प्रमुख हो रहे शामिल:** जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों में नाइजीरिया, अर्जेंटीना, इटली, एयू (कॉमरोस द्वारा प्रतिनिधित्व), बांग्लादेश, यूनाइटेड किंगडम, जापान, सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य, मिस्र, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, इंडोनेशिया, तुर्किए, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, मॉरीशस, यूरोपीय संघ, सिंगापुर और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।



### 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे वाइडन



बाइडन को दिल्ली के मौर्या होटल में ठहराया जायेगा। उनकी सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम तीन दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बाइडन सीक्रेट सर्विस के तीन सौ कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी उनका ही होगा, जिसमें 55 से 60 गाड़ियां शामिल होंगी। बाइडन के लिए दुनिया की सबसे सुरुक्षित कार 'द बीस्ट' को भी भारत लाया गया है। इसी कार में बैठकर वह जी-20 समिट के लिए जायेंगे।

### 10 हजार फीट की ऊंचाई पर लहराया जी-20 का झंडा




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पूरे देश में जी-20 की चर्चा है। हर कोई अपनी तरफ से खुशी जाहिर कर रहा। इस खास मौके पर वायु सेना स्टेशन मध द्वीप पर तैनात विंग कमांडर गजानंद यादव ने नीले आकाश में जी-20 शिखर सम्मेलन का जश्न मनाया। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर गजेंद्र ने गुरुवार को 10 हजार फीट से स्काई डाइविंग करते हुए जी-20 का झंडा फहराया। वीडियो के बैकग्राउंड में बॉलीवुड की फिल्म '83' का 'लहरा दो' गाना बज रहा है। विंग कमांडर दोनों हाथों से जी-20 का झंडा लहरा रहे हैं। इसका वीडियो खूब वायरल हो रहा।

### केंद्रीय मंत्रियों को दी गयी स्वागत की जिम्मेदारी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सम्मेलन में शामिल होने के लिए राष्ट्राध्यक्षों के भारत आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच केंद्र सरकार ने अलग-अलग देशों से आने वाले राष्ट्राध्यक्षों की अगवानी करने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्रियों की ड्यूटी भी तय कर दी गयी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और नागरिक विमानन राज्यमंत्री वीके सिंह अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के पीएम ली कियांग को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहीं, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा करांदलाजे, बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना को कपड़ा व रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश रिसीव करेंगी, जबकि ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और जापान के पीएम फुमियो किशिदा को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु राज्यमंत्री अश्विनी चौबे रिसीव करेंगे। दक्षिण कोरिया राष्ट्रपति यूं सुक येओल और ऑस्ट्रेलिया की पीएम एंथनी अल्बनीज की अगवानी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर करेंगे। ब्राजील की राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा की आगवानी गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, फ्रांस की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगवानी केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल और जर्मनी के चांसलर की अगवानी केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा करेंगे। इसी तरह मॉरीशस के पीएम प्रवीण कुमार जगन्नाथ को केंद्रीय जलमार्ग राज्यमंत्री श्रीपाद येशो नायक, सिंगापुर की पीएम ली सीन लूंग को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन, यूरोपियन यूनियन की अध्यक्षा उर्सुला वॉन डेर लेयेन को केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और स्पेन के राष्ट्रपति को केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर रिसीव करेंगे।

# जी-20 में दिखेगी भारत की डिजिटल ताकत

## प्रतिनिधियों के लिए लांच किया गया है जी20 भारत ऐप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सरकार जी-20 समिट में आने वाले प्रतिनिधियों को भारत की डिजिटल ताकत दिखाना चाहती है। सरकार की योजना है कि जी-20 प्रतिनिधियों के लिए बनाये गये इ-वॉलेट में 1000 रुपये डाले जायें। इस तरह सरकार अपनी डिजिटल उपलब्धियों जैसे- आधार, डिजिलॉकर और यूपीआइ आदि को प्रदर्शित करने की योजना बना रही है। सूत्रों के मुतिबक इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित किये गये प्लेटफार्मों जैसे भाषिणी, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स और इ-संजीवनी को भी जी-20 प्रतिनिधियों के सामने लाइव प्रदर्शित किया जायेगा। आइटी मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार दो दिवसीय जी-20 बैठकों में 1000 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेने के लिए निर्धारित हैं। वे वॉलेट में जमा किये गये धन का उपयोग शिखर सम्मेलन स्थल पर स्टॉलों से सामान खरीदने के लिए कर सकते हैं। यह एक मामूली राशि होगी, जिससे भारत में कैसे आसानी से डिजिटल भुगतान हो जाता है, यह दिखाया जा सके। सरकार चाहती है कि प्रतिनिधि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की शक्ति का अनुभव करें, जिसका उपयोग आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि ऐप में नेशनल लैंग्वेज ट्रांसलेशन मिशन टूल भाषिणी की भी सुविधा दी गयी है। इससे प्रतिनिधि अपनी भाषा में कार्यवाही सुन सकते हैं।

### यूपीआइ से अब नगद भी निकाला जा सकेगा




मुंबई (आजाद सिपाही)। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआइ) से अब नगद भी निकाला जा सकेगा। मुंबई में चल रहे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में यूपीआइ एटीएम दिखाया गया है। इस एटीएम के इस्तेमाल के लिए कार्ड की जरूरत नहीं पड़ती। बस क्यूआर कोड स्कैन कर पैसा निकाला जा सकता है। इस एटीएम को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने विकसित किया है।

## देवघर के वन प्रमंडल पदाधिकारी को तमिलनाडु में भेजा गया जेल

- पत्नी को प्रताड़ित करने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** देवघर के वन प्रमंडल पदाधिकारी डॉ वी भास्करण को पत्नी को प्रताड़ित करने के मामले में तमिलनाडु के थेनी जिला न्यायालय द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डॉ भास्करण की पत्नी ने घरेलू हिंसा एवं प्रताड़ना के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। इसके आलोक में अगस्त 2022 में तमिलनाडु के थेनी जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा पत्नी को 60 हजार रुपये प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया गया था। न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करने के कारण डॉ वी भास्करण को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। भास्करण को जेल भेजे जाने के कारण सामाजिक वानिकी प्रमंडल, देवघर का काम ठप हो गया है। वृक्षारोपण कार्यों का मजदूरी भुगतान लंबित रहने के कारण मजदूरों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है।

## डुमरी उपचुनाव : मतगणना आज झामुमो-आजसू की धड़कनें बढ़ीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डुमरी।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में क्या होगा, इस पर से शुक्रवार पर्दा उठ जायेगा। विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मतगणना पचंबा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में होगी। इस बीच आजसू और झामुमो दोनों दलों के नेताओं और समर्थकों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के चलते डुमरी विधानसभा सीट खाली हुई थी। इस सीट पर पांच सितंबर को मतदान हुआ था। इसमें 64.84 प्रतिशत वोटिंग हुई है। झामुमो की ओर से बेबी देवी और आजसू की ओर से यसोदा देवी ससमेत छह प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में बंद है। आरक्षी अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि बाजार समिति में वज्रगृह की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। मतगणना के दिन भी केंद्र पर कड़ी सुरक्षा रहेगी।

## आसियान समिट में शामिल होकर स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री

# 21वीं सदी एशिया की सदी है: नरेंद्र मोदी

- समिट में कहा, वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर हमारा मंत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्रा नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को जकार्ता से वापस नयी दिल्ली आ गये। इससे पहले गुरुवार सुबह वह जकार्ता में आसियान-इंडिया समिट में शामिल हुए। जकार्ता पहुंचने पर प्रधानमंत्री का पारंपरिक अंदाज में स्वागत हुआ। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने अपने पांच मिनट के संबोधन में कहा कि 21वीं सदी एशिया की सदी है, वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर हमारा मंत्र है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के इंडो-पैसेफिक इनिशिएटिव में भी आसियान का प्रमुख स्थान है। आसियान भारत की एक्ट इस्ट पॉलिसी का केंद्रीय स्तंभ है। आज वैश्विक अनिश्चितताओं के माहौल में हमारे आपसी सहयोग में वृद्धि हो रही है। हमारी साझेदारी चौथे दशक में प्रवेश कर रही है। इस समिट के शानदार आयोजन के लिए मैं राष्ट्रपति विडोडो का अभिनंदन करता हूं। आसियान समिट की अध्यक्षता के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जकार्ता के होटल में आये प्रवासी भारतीयों से भी मिले। आसियान समिट पांच सितंबर से शुरू हुई है और शुक्रवार तक चलेगी। आसियान में मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, वियतनाम, कंबोडिया, फिलीपींस, ब्रुनेई, थाइलैंड, लाओस और सिंगापुर शामिल हैं।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,700 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# जी 20 के मंच से दुनिया देखेगी भारत की विकास यात्रा

## ■ दिल्ली बैठक से तय होगा पीएम मोदी के नेतृत्व का ग्लोबल नैरेटिव

## ■ अब 'विश्वगुरु' भारत के दिखाये रास्ते पर आगे बढ़ेगी दुनिया

## ■ दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र सही मायने में दुनिया का अगुवा है

**भारत के लिए यह पूरा सप्ताह ऐतिहासिक है। राजधानी दिल्ली में 19 देशों के राष्ट्राध्यक्षों का जमावड़ा लग रहा है। साथ ही इस भव्य समारोह में अन्य देशों को भी मेहमान के तौर पर आमंत्रित किया गया है, जो भारत की विकास यात्रा के गवाह बनेंगे। इस सम्मेलन में 19 देशों के राष्ट्राध्यक्ष के साथ-साथ उनके कूटनीतिक-राजनीतिक-आर्थिक प्रतिनिधि मंडल दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आ रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन दुनिया भर में एक ऐसी धुन की शुरुआत करेगा, जो विश्व कल्याण के लिए लोगों को जागरूक करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार नौ सितंबर को जब दुनिया के सबसे बड़े सभागार भारत मंडपम में इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे, ग्लोबल स्तर पर भारत और उनके नेतृत्व का नैरेटिव तय होगा। भारत की संस्कृति और उसकी चमक से भी दुनिया अवगत होगी। दुनिया भर के देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को 'विश्वगुरु' की भूमिका निभाते नजर आयेंगे, जिसने विज्ञान से लेकर पर्यावरण और समाज से लेकर राजनयिक स्तर पर दुनिया भर को राह दिखायी है। भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' वैसे ही नहीं कहा जाता है, यह बात जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने आये अतिथि खुली आंखों से देखेंगे और 'वसुधैव कुटुंबकम' से लेकर 'अतिथि देवो भव' के मंत्र की ताकत भी महसूस करेंगे। भारत की मेजबानी में हो रहा यह शिखर सम्मेलन कितना महत्वपूर्ण है और दुनिया में भारत के नेतृत्व को मजबूती से स्थापित करने के लिए कितना अहम है, इन सवालों की पृष्ठभूमि में इसकी तैयारियों से लेकर अलग-अलग पहलुओं के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

देश की राजधानी इस समय दुनिया की मेजबानी करने के लिए तैयार है। शनिवार सात सितंबर से शुरू होनेवाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने आ रहे 19 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और उनके साथ आनेवाले कूटनीतिक-राजनीतिक-आर्थिक प्रतिनिधि मंडल अगले तीन दिन तक भारत के अतिथि सत्कार की परंपरा का जीवंत अनुभव करेंगे। वहीं इस बार जी-20 समिट के लिए नीदरलैंड, सिंगापुर, स्पेन, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस और नाइजीरिया को मेहमानों के तौर पर बुलाया गया है। यूक्रेन को जी-20 समिट का न्योता नहीं भेजा गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस समिट में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह चीन के पीएम ली कियांग चीनी प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करेंगे। जी-20 देशों की अध्यक्षता भारत को उस समय मिली है, जब पूरी दुनिया हमारे देश की ओर देख रही है। दुनिया की कई समस्याओं को लेकर विभिन्न देशों को भारत से बड़ी उम्मीद है। इसलिए इस सम्मेलन के बारीक से बारीक पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन तमाम पहलुओं पर खुद नजर रख रहे हैं।

### भारत के लिए कितना अहम है जी-20 सम्मेलन

दरअसल भारत की विदेश नीति के लिए जी-20 की अध्यक्षता चंद्रयान मोमेंट है। भारत में इतना बड़ा सम्मेलन बीते 50 सालों में नहीं हुआ। गुटनिरपेक्ष देशों का सम्मेलन हुआ, राष्ट्रमंडल देशों का सम्मेलन हुआ था और कुछ वर्ष पहले भारत-अफ्रीका सम्मेलन हुआ था। जी-20 विश्व के अग्रणी देशों का समूह है। इसका प्रोफाइल और इसमें शामिल होने वाले दुनिया के देशों का प्रोफाइल जितना बड़ा है, उतना वृहद आयोजन भारत में आज तक नहीं हुआ। यह भारत के लिए गर्व का विषय है। हमने आजादी के 75 वर्ष कुछ ही समय पहले पूरे किये हैं। यह हमारे लिए बेहद गौरवशाली क्षण है। हमारा अमृतकाल शुरू हो रहा है। अगले 25 सालों में हम विकसित देश कैसे बन सकें, इसकी हमारी परिकल्पना है। विज्ञान, तकनीक के क्षेत्र में, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में, वैक्सीनेशन के क्षेत्र में हमारे देश ने काफी प्रगति की है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है। हम अगले कुछ वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत के लिए जी-20 की प्रेसीडेंसी करना बेहद सुनहरा मौका है। इसके लिए काफी तैयारी चल रही है। तैयारियां बीते डेढ़ सालों से चल रही है। कैबिनेट ने एक जी-20 सेक्रेटेरिएट स्थापित किया। यह सेक्रेटेरिएट प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काम कर रहा है। प्रधानमंत्री और लीडरशिप के विजन को हम आगे बढ़ा रहे हैं। हम 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुबंकम' की भावना के साथ दुनिया को यह दिखाना चाहते हैं कि भारत में क्या प्रगति हुई है। भारत अग्रणी भूमिका अदा करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है।




### पीएम मोदी ने इसे पीपुल्स जी-20 कहा है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विजन था कि जी-20 को जनता के साथ जोड़ा जाये। इसको ग्राउंड लेवल पर कैसे लागू किया जाये, इस पर काफी काम किया गया है। हर राज्य में जी-20 की बैठकें की गयीं। तकरीबन 230 से अधिक बैठकें भारत की अध्यक्षता में होनी है। ये बैठकें 60 जगहों पर होनी हैं। 57 जगहों पर बैठक हो चुकी है। चीन ने 15 जगहों पर बैठक की थी, इंडोनेशिया ने 25 स्थानों पर मीटिंग की थी। देश के हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में बैठकें की गयीं। आम जनता ने भी बैठकों की मार्फत जी-20 के बारे में सोचना शुरू किया। लोगों ने यह समझा कि जी-20 के द्वारा उनके शहर को ग्लोबल मैप पर देखा जा रहा है। बैठकें स्कूल, कॉलेजों में भी आयोजित की गयीं। बहुत सारी यूनिवर्सिटी में भी बैठक का आयोजन किया गया। क्विज, निबंध प्रतियोगिता और मैराथन का आयोजन किया। यही प्रधानमंत्री का विजन था कि इसे पीपुल्स जी-20 माना जाये। उनकी दूरगामी सोच है कि युवा जेनरेशन को भविष्य के लिहाज से तैयार किया जाये। स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए वहां की हस्तकलाएं खरीदी गयीं, वहां की कला को प्रोत्साहित किया गया।

### क्या है जी-20 का एजेंडा

जी-20 में 30 से भी ज्यादा वर्कस्ट्रीम हैं। वित्त स्ट्रीम में कई ऐसी चीजें है, जो भारत को नयी दिशा दे सकती हैं। वित्तीय समावेशन की बात हो, इंफ्रास्ट्रक्चर, बहुआयामी बैंक सुधार की बात हो, इससे विकास की प्रक्रिया को बल मिलेगा। अप्रत्यक्ष तौर पर ग्लोबल नैरेटिव को बनाने का मौका मिलेगा। शेरेपा ट्रेक में स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन, क्लाइमेट चेंज, आपदा खतरा न्यूनीकरण जैसे मुद्दे हैं। पर्यटन में सस्टेनेबल पर्यटन की बात की गयी है। कल्चर में कई देशों में हमारी परिसंपत्तियां, जो अवैध तरीके से बाहर चली गयी थीं, उनको कैसे वापस लाया जाये, इन मुद्दों पर बात हुई। जी-20 के कारण इन्हें गति मिल रही है। आने वाले समय में यह जी-20 के एजेंडे में रहेगा। इन सब चीजों के पीछे कुछ प्राथमिकताएं हैं, जैसे कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्य। कोरोना की वजह से इनमें कुछ बाधाएं आयी थीं, लेकिन भारत ने लक्ष्य रखा है कि 2030 तक इसे हासिल करना है। ग्रीन डेवलपमेंट और एनर्जी ट्रांजिशन जैसे मुद्दे भी काफी अहम हैं। एनर्जी ट्रांजिशन में इस बात का ध्यान रखा गया है कि वह न्यायसंगत होना चाहिए। स्त्रियों की सहभागिता के साथ-साथ उन्हें नेतृत्व भी दिया जाये।

### अतुल्य भारत की झलक मिलेगी

भारत की सभ्यता और संस्कृति सदियों पुरानी है, यह जगजाहिर है। यह हमारी सॉफ्टपावर है। देश में 50 तरीकों से मेहमान का स्वागत किया जायेगा। विभिन्न राज्यों की परंपराओं के आधार पर राष्ट्राध्यक्षों का होटल और मंडपम में स्वागत किया जायेगा। भोजन की वेरायटी के साथ उसे परोसने के तरीके पर भी ध्यान दिया गया है। राष्ट्राध्यक्षों की पत्नियों को पूसा इंस्टीट्यूट और नेशलन गैलेरी ऑफ मॉडर्न ऑर्ट ले जाया जायेगा। उनके लिए शॉपिंग और स्ट्रीट फूड का शानदार अनुभव प्रस्तुत किया जा रहा है।

शिखर सम्मेलन का केंद्र बिंदु भारत मंडपम है। इसका हाल ही में उद्घाटन हुआ है। प्रगति मैदान में जहां प्रदर्शनी लगती थी, उस एरिया को पुनर्विकसित कर इसे बनाया गया है। यह अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर है। मुख्य सम्मेलन यहीं होगा। सारी गतिविधियां इस कन्वेंशन सेंटर में ही होंगी। इस साल 'मिलेट वर्ष' मनाया जा रहा है, तो वह खान-पान में किसी न किसी रूप में जरूर होगा। राष्ट्राध्यक्ष जिस होटल में रुक रहे हैं, वहां के शेफ ने उनके लिए मेन्यू तैयार किया है। इसमें कुछ बातों का ध्यान रखा गया है, जैसे कि क्षेत्रीय खान-पान को बढ़ावा दिया जाये, मिलेट को शामिल किया जाये और कुछ साग-सब्जी को प्रायोगिक तौर पर बनाया जाये। शाकाहारी खाने को अलग-अलग तरीके से प्रस्तुत किया जाये।

### आम जनता को क्या लाभ होगा

कुछ चीजों का शीघ्र प्रभाव होता है और कुछ चीजों का दूरगामी प्रभाव होता है। शीघ्र प्रभाव के लिहाज से देखा जाये, तो इस आयोजन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक आवाज मिली है। उसे बल मिला है। कई जगह इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हुआ है। टूरिज्म पर इसका दूरगामी प्रभाव पड़ने वाला है। इसकी बैठक लक्षद्वीप और हंपी आदि में हुई है। इन जगहों के टूरिज्म को इससे बल मिला है। पूर्वोत्तर को भी इससे फोकस मिला है। जम्मू-कश्मीर के टूरिज्म में भी इससे असर पड़ा है। इसका पॉजिटव इंपैक्ट पड़ा है। सब लोग विश्व में समझते हैं कि भारत दुनिया की लीडरशिप के लिए तैयार और सक्षम है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि भारत विश्व के लिए तैयार होगा और विश्व भारत के लिए तैयार होगा।

---

# कुजू में पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त

### पटरी पर आयी भैंस, ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** पटना से रांची जाने वाली वंदे भारत ट्रेन गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कुजू स्टेशन के पास नयामोड़-गिद्दी हीरक मार्ग पुल के नीचे रेलवे लाइन पर अचानक एक भैंस आ गयी। भैंस से टकराने के कारण ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यह दुर्घटना दिन में 11.20 बजे हुई।

भैंस से टकराने के बाद ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगा कर रोकना पड़ा। घटना की सूचना के बाद विभाग के पीडब्ल्यूआइ और टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद फंसे मवेशी का शव निकाला। घटना के बाद ट्रेन में बैठे यात्री परेशान रहे। इसके बाद ट्रेन को 12 बजकर 50 मिनट पर रांची के लिए रवाना किया।

बताते चलें कि पटरी के दोनों तरफ खुला होने के कारण मवेशी पटरी पर आ जाते हैं। इससे पूर्व भी यात्री ट्रेन की चपेट में आने से दर्जनों मवेशियों की मौत हो चुकी है। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक दिवेश कुमार ने बताया कि किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

# एक साल में कम हो गये 45 इनामी नक्सली

## झारखंड में बचे सिर्फ 91 इनामी नक्सली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले एक साल के दौरान 45 इनामी नक्सली कम हो गए. साल भर पहले झारखंड में इनामी नक्सलियों की संख्या 136 थी, जो अब घटकर 91 पर पहुंच गई है.

झारखंड में इस साल 21 नक्सलियों ने सरेंडर किया है. 181 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और सात नक्सली मारे गए हैं. झारखंड पुलिस के लिए वर्तमान में चार बड़े नक्सली प्रयाग मांझी मिसिर बेसरा,असीम मंडल और पतिराम मांझी को पकड़ना चुनौती बना हुआ है.

**ये हैं एक करोड़ के चार इनामी नक्सली :** प्रयाग मांझी, मिसिर बेसरा, असीम मंडल, पतिराम मांझी.

**25 लाख के आठ इनामी नक्सली ये हैं :** अनुज, ब्रजेश गंझू, चमन, लालचंद्र हेंब्रम, अजय महतो, रघुनाथ हेंब्रम, विश्वनाथ, प्रकाश महतो.

**15 लाख के 15 इनामी नक्सली ये हैं :** मोछू, रणविजय महतो, संजय महतो, नवीन यादव, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, रामप्रसाद मारडी, नितेश यादव, रवींद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, गणेश भारती, पूनम, मदन महतो.

**10 लाख के 12 इनामी नक्सलियों के ये हैं नाम :** मनोहर परहिया, आरिफ जी, रामदयाल महतो, मृत्युंजय, अरविंद भुईयां, पप्पू लोहरा, मनोहर गंझू, नीरज सिंह खेरवार, साहेबराम मांझी, विवेक यादव, सीताराम रजवार गोदराय यादव.

**ये हैं पांच लाख के 21 इनामी नक्सली :** कांडे होनहागा, कुंदन खेरवार, मनीष यादव, बीरसेन गंझू, गणेश लोहरा, श्याम सिंह, बल्लू, सालूका कायम, नेशनल भुईयां, रंथु उरांव, अघनू गंझू, गुलशन मुंडा, प्रदीप खेरवार, सहदेव महतो, बीरबल उरांव, रवींद्र यादव, लवलेश गंझू, जयंती, खुदी मुंडा, प्रभात मुंडा, प्रभात गंझू.

**दो लाख के 10 इनामी नक्सलियों के ये हैं नाम :** अनिल तुरी, राजू भुईयां, सुखलाल बिरजिया, बैजनाथ गंझू, पंकज कोरवा, कुंवर मांझी, बिरेन सिंह, बलराम लोहरा, सागेन अंगरिया, करीम जी.

**एक लाख के 21 इनामी नक्सली ये हैं :** बाबूलाल, ब्रजेश मांझी, बिरसा मांझी, पवन मांझी, अमृत, रामचन्द यादव, राहुल चंपिया, सुलेमान हांसदा, फिरोज अंसारी, विरेंद्र गंझू, मेरिना सिरका, सैमुअल बुध, पांचा उरांव, संतोष गंझू, नयनतारा, सहेंद्र यादव, लक्ष्मण राय, अमोज मोदक, कृष्णा यादव, गुलशन उरांव, बबलू उर्फ साधुचरण और राजू यादव.

**ये इनामी बड़े नक्सली मारे गये :** बुद्धेश्वर उरांव, सनिचर सुरीन, गौतम पासवान, अजीत उरांव, अमर गंझू.

**इन इनामी बड़े नक्सलियों ने किया सरेंडर :** संतोष भुइयां, अमरजीत यादव, इंदल गंझू, दुर्योधन महतो, सुरेश मुंडा, महाराजा प्रमाणिक, अमन गंझू, राधेश्याम यादव.

**ये इनामी बड़े नक्सली हुए गिरफ्तार :** प्रशांत बोस, प्रद्युमन शर्मा, चंदन सिंह खेरवार, कृष्णा हांसदा, दिनेश गोप, बलराम उरांव, भीखन गंझू , नंदलाल सोरेन.

# गिरिडीह के बरगी गांव में तनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगी गांव में गोवंश की हत्या के बाद गुरुवार को तनाव व्याप्त है। एसडीपीओ सुमित प्रसाद और थाना पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है। पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की है। बताया गया कि बरगी गांव निवासी अजय जायसवाल घर के पीछे गोवंश को बांधे हुए थे। बुधवार दोपहर गोवंश ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ देर बाद गांव का हसनैन अंसारी बछड़े को खोल कर ले गया। उसने शमसुद्दीन अंसारी, खुर्शीद अंसारी और अन्य के साथ बछड़े को काट कर उसका मांस गांव के ही कुछ लोगों के बीच बांट दिया। साथ ही बचे हुए मांस को एक खेत के नीचे दबा दिया।

जब इस बात की जानकारी अजय को हुई, तो उसने अन्य ग्रामीणों को इस बारे में बताया। इसके बाद ही दोनों समुदायों में कुछ देर के लिए तनाव बढ़ गया। इस बीच अजय ने डुमरी थाना पुलिस को भी लिखित आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तनाव बढ़ता देख एसडीपीओ और थाना प्रभारी गांव पहुंचे। उन्होंने मामले को शांत कराया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।

# अधिवक्ता का लाइसेंस रद्द हो : सरयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने अधिवक्ता विनोद कुमार साहू का लाइसेंस रद्द करने की मांग बार काउंसिल के अध्यक्ष से की है। गढ़वा जाने के क्रम में गुरुवार को यहां अपने राजनीतिक सहयोगी प्रभाकर मिश्रा के कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने उक्त अधिवक्ता के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि बिनोद कुमार साहू ने झारखंड हाइकोर्ट द्वारा पारित आदेश के संबंध में मीडिया को गलत और अतिरंजित जानकारी देकर व्यावसायिक कदाचार अधिनियम का उलंघन किया है।



अधिवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ है। सरयू राय ने कहा कि अधिवक्ता ने जानबूझ कर प्रचार पाने और मेरी स्थिति को बदनाम करने के इरादे से हाइकोर्ट के आदेश की गलत और विचलित व्याख्या कर मीडिया को दुर्भावनापूर्ण तरीके से जानकारी दी थी। यह अधिनियम का उल्लंघन है। इसलिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.33 बजे |



### भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर प्रदेश कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

# जन आंदोलन है भारत जोड़ो यात्रा : अविनाश पांडे

**भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं पसीने से लिखा गया: राजेश ठाकुर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार शाम राजधानी रांची में शहीद स्थल से पदयात्रा निकाली, जो अलबर्ट एक्का चौक, प्लाजा चौक, लालपुर चौक, होते हुए बिरसा समाधि स्थल, कोकर तक पहुंची। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नफरत छोड़ो भारत जोड़ो के नारे लगाये। बिरसा समाधि स्थल पहुंचने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभा किया। सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एकता और प्रेम की दिशा में उठाये गये करोड़ों कदम देश की बेहतर कल की नींव बन गयी और यह नफरत मिटाने और भारत को एक होने तक जारी रहेगी। हमें भारत के लिए अपने बलिदानों और प्रतिबद्धता पर गर्व है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एक जनआंदोलन है। यह यात्रा आर्थिक असमानताओं, महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए की गयी थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का इतिहास स्याही से नहीं पसीने से लिखा गया है। राहुल गांधी ने जिस मकसद से कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, उसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। भाजपा जितनी भी नफरत फैलाने की कोशिश करे हम मोहब्बत से उसका सामना करेंगे। देश के अंदर विघटनकारी शक्तियां सक्रिय हो गयी हैं। ऐसे में राहुल गांधी ने मोहब्बत का पैगाम को लेकर लंबी पदयात्रा की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में लोकतंत्र खतरे में पड़ता जा रहा है और वर्तमान केंद्र सरकार देश के संविधान को तोड़ मरोड़ कर अपने हिसाब से इस्तेमाल करके उसे नष्ट करने की साजिश कर रही है। सभा को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक राजेश कच्छप, शिल्पी नेहा तिर्की, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, गुंजन सिंह और अभिजीत सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, शहजादा अनवर, उपाध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान, अजय दूबे, महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, शिव कुमार भगत, जवाहर लाल महत्था, अजय नाथ शाहदेव, सुरेंद्र सिंह, कृषि विपणन अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, सतीश पॉल मुंजनी, अशोक चौधरी, आभा सिन्हा, अमरेंद्र सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, कमल ठाकुर, गजेंद्र सिंह, केदार पासवान, नेली नाथन, चंचल चटर्जी, शमशेर आलम, अभिलाष साहू, शशि भूषण राय, धनंजय सिंह, सतीश केडिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सभी को अनेक - अनेक बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं। जोहार।



## राज्यपाल ने देशवासियों को जन्माष्टमी की दी बधाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने समस्त देशवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने गुरुवार को ट्विटर करके सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी है।

# उदयनिधि स्टालिन के बयान को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म संबंधी टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि यह भारत की खासियत है कि हम अस्तित्व को चुनौती नहीं देते। हम इसे स्वीकार करते हैं और इसका पालन करते हैं।

सनातन धर्म पर मंत्री उदयनिधि स्टालिन का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा बयान उनकी सोच व विकृत मानसिकता को दर्शा रहा है। आपको बता दें कि तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने पिछले शनिवार को यह टिप्पणी कर विवाद पैदा कर दिया कि सनातन धर्म समानता एवं सामाजिक न्याय के विरुद्ध है और इसके उन्मूलन की जरूरत है। सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू से करते हुए कहा था कि ऐसी चीजों का उन्मूलन कर देना चाहिए।



### सनातन धर्म पर बयान विकृत मानसिकता को दर्शाता है

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सनातन धर्म को लेकर जिस तरीके से तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बयान दिया है, वह उनकी सोच व विकृत मानसिकता को दर्शाता है। सनातन धर्म पर बयानबाजी के दौर के बीच तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा है कि वे सभी मामलों का कानूनी रूप से सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सहयोगी मणिपुर हिंसा और भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए सनातन धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि वे किसी भी धर्म के शत्रु नहीं हैं।

### यूपी के रामपुर में मुकदमा दर्ज

सनातन धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि और कथित रूप से उनका समर्थन करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियंक खरगे के खिलाफ यूपी के रामपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ता हर्ष गुप्ता और राम सिंह लोधी ने रामपुर की सिविल लाइंस कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे में उदयनिधि और प्रियंक पर धार्मिक भावनाएं भड़काने और समाज में द्वेष फैलाने का आरोप लगाया गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# 9 और 10 सितंबर को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में विशेष अभियान चलायेगी भाजपा : प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सभी घरों से होगा मिट्टी का संग्रह, अभियान में पार्टी के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता होंगे शामिल**



**रांची।** प्रदेश भाजपा आगामी 9 एवं 10 सितंबर को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव एवं शहरों में घर-घर से मिट्टी संग्रह का अभियान चलायेगी। जिस घर में मिट्टी उपलब्ध नहीं हों वहां से एक मुट्ठी चावल लिये जायेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में यह अभियान चलाया जा रहा। उन्होंने बताया कि गांव स्तर पर 1 से 17 सितंबर तक मिट्टी संग्रह के कार्यक्रम चलाये जा रहे। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान लोहरदगा से अभियान का शुभारंभ किया है। बताया कि प्रत्येक गांव में हर घर से मिट्टी संग्रह के अतिरिक्त प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका निर्माण, शहीद के गांव में विद्यालय में शिला फलकम लगवाना तथा गांव स्तर पर पंच प्रण की प्रतिज्ञा सामूहिक कराना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ वर्मा ने बताया कि 3 से 13 अक्टूबर तक हर ब्लॉक का एक कलश तैयार होगा जिसमें उस ब्लॉक के गांव की मिट्टी होगी। ब्लॉक में सामूहिक रूप से सांस्कृतिक एनसीसी कैडेट, एनएस एस, स्काउट, युवा, महिला, किसान सभी को शामिल कर शहीदों के सम्मान के साथ प्रदेश में कलश भेजने के कार्यक्रम आयोजित होंगे। बताया कि 25 से 28 अक्टूबर तक सभी 263 ब्लॉक से आये अमृत कलश को प्रदेश मुख्यालय में सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली भेजना है। सार्वजनिक कार्यक्रम में सांसद, विधायक गण शामिल होंगे। डॉ वर्मा ने बताया कि दिल्ली में निवास करने वाले विभिन्न प्रदेशों के लोग अपने अपने प्रदेश से आये कलश का दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पारंपरिक भेष भूषा के साथ स्वागत करेंगे।

बताया कि 29 एवं 30 अक्टूबर को इन अमृत कलशों में लायी गयी मिट्टी दिल्ली कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाली अमृत वाटिका में समर्पित की जायेगी। बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री देश भर से कलश लेकर आये स्वयंसेवाकों को संबोधित करेंगे।

# सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की पहल पर पांच ट्रेनों की सौगात

**09 सितंबर को कतरासगढ़ स्टेशन पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस को दिखायेंगे हरी झंडी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को पांच ट्रेनों की सौगात दी है। कतरासगढ़ स्टेशन में साप्ताहिक अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस और कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव होगा। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी 9 सितंबर को कतरासगढ़ स्टेशन पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह यह ट्रेन कोलकाता से आकर अहमदाबाद जाएगी। साथ ही कोरोना की वजह से बंद रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस, रांची गोड्डा एक्सप्रेस और पटना हटिया एक्सप्रेस का भी ठहराव कतरासगढ़ स्टेशन पर होगा। रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस 13403/04, रांची गोड्डा एक्सप्रेस 18619/20 और पटना हटिया एक्सप्रेस 19607/19608 का कतरासगढ़ स्टेशन पर 9 सितंबर से ठहराव होगा। जबकि कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस 19607/19608 का ठहराव 13 सितंबर से होगा। मालूम हो कि लंबे समय से राज्य व क्षेत्र की जनता अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस और कोलकाता मदार अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव कतरासगढ़ स्टेशन पर करने की मांग कर रही थी और इसको लेकर कई मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का ध्यान भी आकृष्ट कराया। बता दें कि कतरासगढ़ स्टेशन धनबाद जिले के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में आता है, जो गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में है।

## सूरज उरांव ने सूडा के नये सहायक निदेशक के रूप में किया पदभार ग्रहण

**रांची।** सूरज उरांव ने राज्य शहरी विकास अभिकरण रांची में नये सहायक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे कोडरमा में परिक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। सूरज उरांव ने अपनी पढ़ाई मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीआइटी मेसरा से पूरी की है। जेपीएससी की परीक्षा पास करने के पूर्व वे निजी क्षेत्र में प्रोसेस इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि वे अपने पद पर रहते हुए राज्य के शहरी क्षेत्रों में चल रही विभिन्न योजनाओं की निगरानी एवं निरीक्षण करेंगे एवं उनका ससमय क्रियान्वयन कराने में अहम योगदान देंगे।

### बोकारो के प्रो समीर कुमार नायक की कोयंबटूर में मौत, शव लेकर राजभवन पहुंचे परिजन

# हत्या का आरोप लगा तैलिक साहू सभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गुरुवार को राजभवन के समक्ष बोकारो के दांतु निवासी प्रो समीर नायक की हत्या के विरोध में झारखंड तैलिक साहू सभा के बैनर तले रांची जिला तैलिक साहू सभा के कार्यकर्ताओं ने परिजनों एवं प्रो समीर कुमार नायक के पार्थिव शरीर के साथ प्रदर्शन किया । बता दें कि समीर कुमार नायक बोकारो जिले के दांतु ग्राम का निवासी था एवं पिछले महीने ही तमिलनाडु राज्य के कोयंबटूर के अरुण्या यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर योगदान दिया था एवं उसी यूनिवर्सिटी में रिसर्च स्कालर भी थे। 5 सितंबर को सुबह करीब सवा नौ बजे समीर के परिजनों को फोन से सूचना मिली कि समीर की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गयी है। जिसके बाद उसके बड़े भाई प्रवीर कुमार कोयंबटूर पहुंचे। प्रवीर कुमार ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में इन्हें प्रशासन एवं विवि से किसी भी तरह का सहयोग नहीं मिला साथ ही फोरेंसिक और किसी भी तरह की जांच में सावधानी नहीं बरती गयी। शव का जो फोटो है उसमें साफ है कि गले में बेल्ट कसकर उसे बेड में बांधकर लटकाया गया है। जबकी बेड कि लंबाई समीर की लंबाई से काफी कम है और समीर का घुटना जमीन से सटा पाया गया। इन सब बातों से प्रथमद्दष्टाया ही प्रतीत होता है कि समीर की हत्या हुई है। धरना प्रदर्शन में सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह एवं विधायक लंबोदर महतो भी पहुंचे।

### यह आत्महत्या नहीं हत्या, सीबीआइ करे जांच

राजभवन में मौजूद गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि संस्थान और वहां का जिला प्रशासन इसे आत्महत्या कह रहा है जबकि यह पूरी तरह से हत्या है। फोटो और वीडियो जो सामने आया है, उसमें उसका पैर जमीन में है। उसे मार कर हत्या का रूप दिया गया है। हमारी मांग है कि मृतक का फिर से पोस्टमार्टम हो। मेडिकल बोर्ड का गठन हो। इस हत्या की सीबीआइ जांच हो। वहां की राज्य सरकार, जिला प्रशासन और संस्थान का रवैया पक्षपातपूर्ण है। झारखंड सरकार इसे गंभीरता से ले और सीबीआइ जांच कराये।

परिजनों ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज करायी एवं मंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इसके बाद उपायुक्त से मिले। उपायुक्त ने लंबोदर महतो को आश्वासन दिया कि इस मामले की सीबीआइ जांच को लेकर गृह विभाग को लिखा जायेगा। इसके बाद परिजन राजभवन के पास धरना स्थल पर लौटे एवं राजभवन के नाम मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपने के बाद धरना समाप्त किया। फिर अंत्येष्टि के लिए बोकारो के लिए निकले। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष कुमार रौशन ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रधान महासचिव मदन साहू, प्रदेश सचिव चंद्रशेखर नायक, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, महासचिव राजकिशोर साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष ललित साहू, बोकारो जिला अध्यक्ष काशी साव, बोकारो जिला उपाध्यक्ष अजय नायक, रांची युवा अध्यक्ष निरंजन साहू, सोमनाथ नायक, प्रसन्न जीत नायक, अजीत नायक, अरविंद नायक, संतोष नायक, नीरज साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# कृषकों के हित में बहुत ही सराहनीय कदम उठाया गया : अजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि विभाग झारखंड सरकार ने पीडीएमसी योजना के अंतर्गत पाये गये अनियमितता पर कार्रवाई करते हुए राज्य में 8 से 10 कंपनियों को काली सूची में दर्ज करते हुए उनके भुगतान पर रोक लगा दिया है। विभाग के इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए सीपीआइ के अजय सिंह ने कहा कि विगत कुछ माह से इस संबंध में विभाग द्वारा जांच करायी जा रही थी इसकी रिपोर्ट आने पर कृषि निदेशक द्वारा त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की गयी है, ताकि भविष्य में इस योजना में अच्छे तरह से कार्य हो सके एवं कृषकों को इसका पूर्ण लाभ मिल सके। कृषि निदेशक द्वारा राज्य के कृषकों के हित में बहुत ही सराहनीय कदम उठाया गया है और यह संदेश दिया है कि किसी भी कंपनी द्वारा कोई भी अनियमित बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

बता दें कई राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत प्रति बूंद अधिक फसल उपयोजना के तहत 06 फरवरी 2023 को सीआइपीइटी, रांची को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में उपयोग हो रहे प्लास्टिक उत्पाद के परीक्षण कार्य करने का आदेश निर्गत किया गया था। इसके बाद रेंडम बेसिस पर कंपनियों को काम दिया गया था। इस काम में अनियमितता की शिकायत पर संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख, सीआइपीइटी, रांची के द्वारा जांच प्रतिवेदन में पायी गयी अनियमितता के कारण कंपनियों के साथ हुए एग्रीमेंट के आलोक में आदेश जारी किया है। आदेश एक सितंबर को कृषि निदेशक संजय सिन्हा ने जारी किया है इसमें लिखा है कि मोहित पोलीटेक प्राइवेट लिमिटेड, श्री भंडारी प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड, वेदांता पोलीमेयर प्राइवेट लिमिटेड, समय इरिगेशन प्राइवेट लिमिटेड, भारत ड्रीप इरिगेशन एंड एग्रो, मक्क्नाऊ इंडस्ट्रीज, को झारखंड राज्य में आदेश निर्गत होने की तिथि से आगामी पांच वर्षों के लिए काली सूची में डाला जाता है। उक्त अवधि में कंपनी झारखंड राज्य में कार्य करने के लिए योग्य नहीं होगी एवं कंपनी को पीडीएमसी योजना के तहत झारखंड राज्य में किसी भी तरह के भुगतान पर रोक लगायी जाती है।

## बोकारो में बदमाशों ने क्रेन व्यवसायी पर की फायरिंग, बाल-बाल बचा

**बोकारो।** नया मोड़ के समीप स्थित गेमन कॉलोनी के पास बुधवार देर रात को दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने क्रेन व्यवसायी पंकज राय पर फायरिंग की। घटना में व्यवसायी सुरक्षित है लेकिन दहशत में है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। व्यवसायी ने पुलिस को बताया कि वह नयामोड़ स्थित राजनंदनी होटल से ऑपरेटर और मजदूर के लिए खाना लेकर कार से गेमन कॉलोनी जा रहा था। इस बीच घात लगाए अपराधियों ने जान मारने की नीयत से गोली चलाई। अपराधियों में चंद्रपुरा का रहने वाला अंशु उर्फ आशुतोष राय शामिल था। उसके इशारे पर घटना को अंजाम दिया गया है। उसने बताया कि कुछ दिन पहले अंशु के पोकलेन का काम किया था, जिसका पेमेंट बकाया था। पंकज ने आरोप लगाया कि पेमेंट को लेकर अंशु से लगातार धमकी मिल रही थी। व्यवसायी ने कहा कि सेक्टर- 12 थाने में शिकायत की थी। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## एडुमेटा आइ स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा के सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आइ स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा व बाल लीलाओं से जुड़ी अपने नटखट प्रदर्शन से सबों का मन मोहा। इस दौरान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़कर बच्चों ने अलग अलग झांकियां भी प्रस्तुत की। स्कूल की निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि जन्माष्टमी का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की एडमिन श्रुति रॉय, प्रभारी सपना व शिक्षिका स्वाति के मार्गदर्शन में हुआ। बच्चों में वीर अग्रवाल, समक्ष, सक्षम राज, अयांश, अथर्व वत्स ने बालक कृष्ण का जबकि अदिति ने राधा का रूप धर लोगों को खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों मयंक सिंह, इरहान, श्रद्धा पांडेय, तक्ष गंजू, मिहिर, शिक्षिकाओं व कर्मियों ने जमकर लुत्फ उठाया व स्लोगन हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की का नारा लगाया।

## मरकच्चो में कृष्ण लीला से मुग्ध हुए लोग



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण से संबंधित अनेक लीलाएं रची गयी और दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मरकच्चो स्थित राधाकृष्ण मंदिर, मरकच्चो बाजार पर, राधाकृष्ण मंदिर ब्राह्मण टोला, राधाकृष्ण मंदिर भगवती डीह समेत प्रखंड के जामु, दशारो, सिमरिया नावाडीह समेत कई गांवों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मौके पर 7 साल का प्रियस, 6 साल का आचमन, 3 साल की जैनी ने कान्हा व राधा के रूप में लोगों को खूब प्रभावित किया। कान्हा बने प्रियस, आचमन व राधा बनी जैनी को देखने के लिए मंदिर में लोगों की भीड़ लगी रही और लोगों ने खूब प्रशंसा की। सामाजिक संगठनों, प्रखंड के स्कूलों में जन्माष्टमी की धूम मची रही। कृष्ण के जन्म, गोपियों के साथ रास रचाना, कंस का वध तथा कृष्ण सुदामा की मित्रता की अनेक प्रसंगों के माध्यम से बच्चे जहां एक और अपनी संस्कृति से जुड़ने का प्रयास किये वहीं दूसरी ओर उपस्थित लोगों को यह संदेश भी दे गई कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। कृष्ण के रूप में अभिभावक अपने बच्चों की प्रशंसा करते हुए सेल्फी व फोटो लेते नजर आये।

## महाआरती के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय के लालनगर स्थित राधाकृष्ण पंच मंदिर परिसर में जन्माष्टमी के अवसर पर बुधवार से आयोजित 24 घंटे के संगीतमय अखंड रामायण पाठ का समापन गुरुवार को महाआरती व हवन के साथ हो गया। मौके पर पंडितों ने नियमपूर्वक व विधि-विधान के साथ अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया। रामायण का अंतिम दोहा भी पंडितों ने ही पढ़कर समाप्त किया। इसके बाद उपस्थित पाठार्थी आचार्य अधीन पांडेय, उषा वर्णवाल, भूषण पोद्दार, कौशल कुमार कुशल, दीपक कुमार सिन्हा समेत कई श्रद्धालुओं ने हवन कार्य व सामूहिक आरती कार्यक्रम संपन्न किया। इस अवसर पर दिलीप कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सहाय, जुगनु कुमार सिन्हा, आशु कुमार सिन्हा, रनझुन कुमार सिन्हा, गायत्री देवी, शशिलता सिन्हा, भारती सिन्हा, रानी कुमारी गुड्डन, नीता सिन्हा, उमेश सिंह, नारायण सिंह, बहादुर सिंह, रणजीत सिंह, चंद्रदेव सिंह, बीरेंद्र सिंह, मदन सिंह, बबीता सिंह, शुभाष मोदी, सत्येंद्र पोद्दार व अंकित कुमार समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी जन्माष्टमी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** पेठियाबागी के निकट सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जयनगर में बच्चों ने कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। मौके पर रंग बिरंगे परिधानों में बच्चों ने राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की। वहीं प्राचार्य राजकुमार प्रसाद ने पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी बच्चों को मुरली, मोरपंख, माखन, मिश्री के शब्दों से परिचित कराया तथा कृष्ण के विभिन्न नाम कृष्ण, गोपाल, लला, मुरलीधर, मधुसूदन, माधव, कान्हा मोहन के बारे में विस्तृत चर्चा किया। मौके पर बच्चों ने दही हमारी खेल का भी आनंद लिया बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया और जन्माष्टमी की झांकी भी सजायी। मौके पर शिक्षिका रानी कुमारी, ज्योति कुमारी, सपना कुमारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## यादव समाज ने मनायी जन्माष्टमी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गोंदलपूरा गांव में महा जन्माष्टमी प्रखंड यादव समाज के द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव और कारगिल युद्ध के रिटायर्ड जवान एचएन यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया वासुदेव यादव व संचालन नरेश यादव ने किया। मौके पर अमरदीप यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्णा का संपूर्ण व्यक्तित्व और उपदेशों से ही आज दुनिया में मनुष्य प्रेरणा लेकर अपने जीवन को उद्देश्यों को में लगे हुए हैं हर जाति समाज के लोग के बीच में भगवान श्री कृष्ण की महिमा उनके द्वारा दिये गये गीता के उपदेश जीवन के हर पल में अनुकरणीय है। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि गोंदलपुरा के ग्रामीण वर्षों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी में भागवत कार्यक्रम करते आये हैं। यह दर्शाता है कि इस गांव के लोग भगवान श्री कृष्ण के प्रति कितने आस्था और श्रद्धा रखते हैं इस गांव में समृद्धि आये लोगों के शैक्षणिक और आर्थिक उन्नति हो हम भगवान श्री कृष्ण से यही प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यादव महासभा के युवा जिला अध्यक्ष विनोद यादव, प्रखंड यादव विकास समिति के अध्यक्ष चुरामन गोप, विकास यादव, अवध यादव, राजेश यादव, अनुज यादव, लालदेव यादव, नरेश यादव, बीरबल यादव, देवराज यादव, सुबोध यादव, कुलदीप यादव, नंदू यादव, कोलेश्वर यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष श्यामलाल महतो, अशोक महतो समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## तेल चोरी मामले के दो आरोपियों के घर देवघर पुलिस ने लगाया इश्तेहार



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** तेल के टैंकर से तेल चोरी करने के मामले में देवघर जिला की मधुपुर थाना पुलिस गुरुवार को कोडरमा पहुंची। जिसके बाद तिलैया थाना पुलिस की मदद से थाना क्षेत्र स्थित झंडा चौक के समीप संजीव खेतान और अड्डी बंगला निवासी अजय सोमानी उर्फ संजय सोमानी के घर इश्तेहार चस्पा करने पहुंची। दोनों लोगों के घर इश्तेहार चस्पा करने बाद देवघर जिले की मधुपुर थाना पुलिस ने झुमरीतिलैया नगर परिषद और कोडरमा रेलवे स्टेशन में इश्तेहार को सार्वजनिक करने के लिए चस्पा किया। मामले की जानकारी देते हुए मधुपुर थाना के एएसआई सामंत कुमार ने बताया कि मामला वर्ष 2018 में टैंकर से तेल चोरी करने से जुड़ा है। जिस टैंकर से तेल की चोरी की गई थी उसके मालिक अजय सोमानी उर्फ संजय सोमानी हैं, और केयर टेकर संजीव खेतान हैं। वहीं तेल चोरी में मधुपुर के होटल के लोगो की मिलीभगत थी। इसी मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर के बाद लगातार ये दोनों लोग फरार चल रहे थे, जिसके बाद न्यायालय के द्वारा इश्तेहार निकाला गया है। अगर न्यायालय द्वारा इश्तेहार में दिये गए समय तक ये लोग उपस्थित नही हुए तो इनपर कुर्की जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।

# भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** कांग्रेस कार्यलय से भारत जोड़ो पदयात्रा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम भगत सिंह चौक से चलकर शहर के विभिन्न मार्गो भगत सिंह चौक, सुजाइत चौक, पंच मंदिर चौक, झंडा चौक, मेन रोड, टावर चौक से होते हुए इंद्रपुरी चौक स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर पदयात्रा आम सभा में तब्दील हो गयी। मंच का संचालन केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन मनोज नारायण भगत ने कीया। इस अवसर जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा की 7 दिसंबर भारत जोड़ो यात्रा का 1 वर्ष का वर्ष हो गया जो भारत की एकता बंधुत्व को प्रदर्शित करता है। कांग्रेसी एकमात्र पार्टी है जो सभी धर्म सभी जात सभी वर्ग को लेकर चलती है। यही विशेषता देश को जोड़ती है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश ने कहा कि जब आर्थिक स्थिति का संकट उत्पन्न होता है तो मोदी सरकार धर्म का प्रोपगांडा बना करके देश की जनता को भ्रमित करती है। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा मुख्य उद्देश्य नफरत की बाजार में मुहब्बत की दुकान खोल रहा है। लोगो का प्यार और आर्शीवाद कांग्रेस पार्टी की ताकत है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, डॉ आर सी मेहता, अशोक देव, यमुना यादव, भगवान सिंह, आबिद अंसारी, लाल बिहारी सिंह, मकसूद अलाम बिनोद सिंह, अवधेश कुमार सिंह, दिगंबर मेहता, शशि मोहन सिंह, डॉ आर सी प्रसाद, विनोद सिंह, रजी अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, मिथिलेश दुबे, लखराज सिंह, दिलीप कुमार रवि, सदरुल होदा, रामजन्म राय, विजय कुमार सिंह, आशीष श्रीवास्तव, मुंगेश्वर प्रसाद चौधरी, अनिल भुइयां, चंदन कुमार गुप्ता, मोहम्मद मोजिब, उपेंद्र कुशवाहा, निसार खान, कैलाशपति देव, रघु जायसवाल, सुरजीत नगवाल, विनोद सिंह, बेबी देवी, लालमोहन रविदास, आबिद अंसारी, चंद्रदेव प्रसाद मेहता, असगरी अंजुम, गुड्डू सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# विधायक ने किया धोबियापहरी सड़क का शिलान्यास

**बरही की जनता का हूं चौकीदार, क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता : उमाशंकर अकेला**

**1 करोड़ 98 लाख आरइओ रोड से पांडेय टोला तक दो किलोमीटर सड़क का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत अंतर्गत धोबियापहरी आरईओ रोड से पांडेय टोला तक दो किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया। विधायक के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, 20 सूत्री सदस्य मीना देवी मुख्य रूप से शामिल हुए। विधायक श्री अकेला समेत सभी अतिथियों ने शिलापट्ट का अनावरण करते हुए नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जिसके बाद विधायक का ग्रामीणों ने माला पहनाकर व बुके देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि आजादी के दशकों बाद भी यह सड़क का शिलान्यास नहीं हो पाया। सड़क नही बनने से यहां की माता बहनों को काफी परेशानी होती थी। जिसके बाद उन्होंने डीएमएफटी मद से यह सड़क बनाने की मांग रखी। सांसद हजारीबाग के सहयोग से इस सड़क का शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण प्राक्कलित राशि एक करोड़ 98 लाख रुपया है। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा की राजनीति में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है लेकिन वह विकास की राजनीति शुरू से करते आये है। उनका मानना है कि बरही विधानसभा की जनता ने जिस उद्देश्य के लिए उन्हें विधानसभा सदस्य बनाकर भेजी है, वह काम कर पाऊं। बरही विधानसभा की जनता का चौकीदार हूं उनकी रखवाली करना और उन्हें विकास के मुख्य धारा से जोड़ना ही उनकी प्राथमिकता है। मौके पर दसरथ यादव, शराफत अली, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, बंधन यादव, संवेदक बीरेंद्र कुमार, रघुवीर यादव, सुनील कुमार पांडेय, सीताराम यादव, रामानंद यादव, सिकन्दर यादव, कृष्णा पाण्डेय, सुमित पाण्डेय, अभिमन्यु पांडेय, मंजू देवी, शिवरानी देवी, गीता देवी, मो ताहिर, बिगन यादव, राजेन्द्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत कलश में उठायी मिट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल मंत्री पश्चिमी सुधीर मेहता के नेतृत्व में शहीद राजेश मिंज के नेशनल पार्क के समीप आदमकद प्रतिमा के समक्ष शहिद के पिता आर्मी कैप्टन राधाबल्लभ मिंज के करकमलों से कलश में मिट्टी लिया गया। वहीं पदमा प्रखंड के दाऊजी नगर में अवस्थित सेना के जवान शहीद बीरेंद्र मेहता को श्रद्धासुमन अर्पित कर मिट्टी को कलश में उठाया गया। इस मौके पर शहीदों के सम्मान में उनका जयकारा भी लगाया गया। शहिद राजेश मिंज अमर रहे, राजेश मिंज जिंदाबाद और बीरेंद्र मेहता अमर रहे, बीरेंद्र मेहता जिंदाबाद के नारों से सभी ने एक स्वर में जयकारा लगाया। इस मौके पर पूर्व बरकट्ठा विधानसभा प्रत्याशी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता ने लोगों को एकजुट होकर समाज के लिए कार्य करने का संकल्प लेने के पाठ को पढ़ाया। कहा कि हमें शहीदों का सम्मान पूरे दिलों जान से करना चाहिए। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुनील कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, पूर्व मुखिया मनोज मेहता, दिनेश मेहता, अयोध्या मेहता, मोहन गांधी, राधा बल्लभ मिंज, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, उप मुखिया उपेंद्र रविदास, संजय मेहता, दीपक कुमार मेहता, विनोद मेहता उर्फ विक्की के साथ साथ कई लोग मौजूद रहे।

# राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव का हुआ आयोजन, उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** चाराडीह झुमरी तालाब और ध्वजाधारी धाम स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भव्य रूप से कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर झुमरी तालाब के घाट पर वाराणसी के पंडितों के द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती आकर्षण का केंद्र रहा। राधा कृष्ण मंदिर में पूजा करने वाले लोगों की भीड़ देर रात तक लगी रही। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी दिल्ली से देर शाम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोडरमा पहुंची। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर झुमरी तालाब के श्री राधा कृष्ण मंदिर में पहली बार आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में लोगों के बीच काफी उत्साह देखा गया। जिले के अलग-अलग इलाके से काफी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यही हमारे सनातन धर्म की खुबसूरती है। इस त्यौहार में सनातन प्रेमी सभी लोग ऊंच नीच का भेदभाव मिटाकर एक साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदय निधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि यह ओछी घटिया मानसिकता का परिचायक है। संविधान हमें किसी के धर्म के बारे में गलत टिप्पणी करने की इजाजत नहीं देता। सनातन धर्म का इतिहास वर्षों-वर्षों से है। लोगों की आस्था और विश्वास पर चोट करने वालों को करारा जवाब मिलेगा। ध्वजाधारी धाम में महंत सुखदेव दास के अलावा पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, अशोक यादव, मनोज कुमार झुन्नू, सहदेव यादव, सुशील अग्रवाल, संतोष साव, मनोज वर्मा, संजीव समीर, रवि शंकर, अभिनव पाठक आदि मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी के अवसर पर कीर्तन का आयोजन



**चरही (आजाद सिपाही)।** कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सांसद आदर्श ग्राम जरबा सहित विभिन्न जगहों पर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। शुभारम्भ भक्तिमय वातावरण में हरे कृष्ण हरे राम से गूंजा पूरे गांव 24 घंटे अखंड कीर्तन का बुधवार को समापन हुआ। अखंड हरिकीर्त्तन का समापन विभिन्न अनुष्ठानों के बीच किया गया। इस कार्यक्रम के समापन में मुख्य रूप ग्राम जरबा में पूजा कमिटी के द्वारा पूजा अर्चना करते हुए गांव की सुख शांति और समृद्धि के लिए मंगल कामना की। दो दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन अखंड कीर्तन में श्रद्धालु का तांता लगा रहा। हरे रामा, हरे कृष्णा के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा, वहीं अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। उसके बाद हवन, आरती के साथ अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूजा स्थल को विभिन्न प्रकार के फुलों से सजाया गया था। मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। इस क्रम में बारह गांव के कीर्तन मंडली पहुंचे।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में मनाया गया श्रीकृष्णा जन्मोत्सव




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल मे जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियो के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने कृष्ण, राधा, यशोदा, नंद बाबा, मीरा, सुदामा, बलराम, देवकी, बर्बरीक और वासुदेव जैसे विभिन्न चरित्रों का रोल अदा किया। मटकी डेकोरेशन, मोर पंख एवं बांसुरी निर्माण जैसी अनेक मनोरंजक और रचनात्मक गतिविधियों में विधार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दिन विद्यालय परिसर को शिक्षिकाओं द्वारा सजाया गया। जगह जगह दही -हांडी लगायी गयी। हमारे नौनिहाल राधा-कृष्ण तथा गोप-गोपी की वेशभूषा में तैयार होकर आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति रंजन ने सभी को जन्माष्टमी को बधाई देते हुए विभिन्न जीवन मूल्यों जैसे मित्रता, प्रेम, सद्भावना को अपनाने की प्रेरणा दी। निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने बताया की भगवान श्री कृष्ण और राधा के झूलन का दृश्य पेश कर बच्चों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य स्वाती रंजन और निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर बिहारी जी का भोग लगाया और संयुक्य रूप से कहा की बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक परिस्थितियों से अवगत करवाना जरूरी है। समारोह को सफल बनाने मे स्कूल की शिक्षिका प्रीती प्रभा, पूनम कुमारी, शिक्षक राहुल देव, राणा तेजश्वी, मुकेश कुमार, संजय यादव, और रामनंदन कुमार का अहम योगदान रहा।

## जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**दारू/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखंड क्षेत्र में जन्माष्टमी का त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार में राधा कृष्ण के अति सुंदर व भव्य मंदिर है, जिसमें पूरे विधि विधान से बुधवार की रात्रि को भगवान श्री कृष्ण की पूजा की गयी। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में बड़वार और आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे। जन्माष्टमी पूजा के अगले दिन गुरुवार को मंदिर परिसर में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवकों ने 50 फीट ऊंची मटका बांधा था जिसे कई प्रयास के बाद सफलता पूर्वक तोड़ा गया। मटका फोड़ कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर के अंदर मौजूद थे। दारू प्रखंड क्षेत्र में राधा कृष्ण का इस तरह का पहला मंदिर है जहां इस तरह का पहला आयोजन हो रहा था। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चे, बच्चियां, महिला-पुरुष मौजूद थे। जन्माष्टमी पूजा व मटका फोड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन करने में बैजनाथ यादव, इंद्रनाथ यादव, विकास यादव, अप्पू यादव, गुलाब यादव, लखन यादव, अनिल यादव, रवि यादव, राजन यादव सहित दर्जनों लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## आठ वर्षों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अम्बाबाद पंचायत के भूलाडीह गांव से गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व में मारपीट मामले के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर सतगावां पुलिस ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त भूलाडीह निवासी भादो राय (उम्र 40 वर्ष) को गुप्त सूचना के आधार पर भुलाडीह गांव से गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि गांव में ही मारपीट के मामले को लेकर सतगावां कांड संख्या 36/11 व जीआर 401/11 के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने इस संबंध में बताया कि 8 वर्ष से आरोपी फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी गांव से ही हुई।

## बीओआइ का 118वां स्थापना दिवस मना



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 118 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाखा को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने दीप प्रज्वलित किया। मिठाई बांटी गयी। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बेहद खुशी हो रही है, कि हम देश के कोने कोने में ग्राहकों को सुविधा उपलब्ध करा रहे है जिसमे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी। मौके पर अमित कुमार, कुमार अमन, बैजनाथ राम, टू केश्वर गिरी, मुकेश कुमार, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, चंद्रकांत, अनूप कुमार, अभिषेक कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उचक्कों ने ठग लिये 49 हजार रुपये



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य द्वार से महज सौ मीटर आगे मरकचो बरियारडीह मुख्य मार्ग में डेढ़ लाख का झांसा देकर 49 हजार रुपये ठगी कर ले उड़े। जानकारी के अनुसार 6 सितंबर को मथुरा साव (उम्र 60 वर्ष पिता भोला साव, ग्राम गगरेसिंघा पंचायत कादोडीह) अपने घर से पैदल चल कर दरदाही पहुंचे और दरदही से टेंपो पकड़कर बैंक आफ इंडिया मरकचो पहुंच कर 49 हजार रुपये की निकासी की। रुपये लेकर बैंक से बाहर रोड पर आये और टेंपो का इंतजार करने लगे। टेंपो नहीं मिलने की वजह से बैंक से लगभग 300 मीटर आगे बढ़कर पीछे मुड़कर देखें और टेम्पु का का इंतजार करने लगे। इसी बीच तीन लोग आये और उन्हें डेढ़ लाख की गड्डी देकर उनके द्वारा बैंक से निकाले 50 हजार रुपये मांग कर बैंक में जमा कर लौटने की बात कह कर ले लिये। एक जमा करने गया। देर होने पर दूसरा, तीसरा उसे देखने कह कर तीनों लोग झांसा देकर भाग गये। इसके बाद मथुरा साव ने उस गड्डी को खोला तो उसमें कागज का टुकड़ा निकाला। उसके बाद इधर-उधर उन लोगों को तलाशने लगा। नहीं मिलने पर वह अपने घर गगरेसिंघा पहुंचा। 7 सितम्बर को परिजन के साथ आकर मरकचो थाना में लिखित शिकायत की। शिकायत के बाद थाना प्रभारी लव कुमार अपने दल बल के साथ जांच करते हुए पेट्रोल पंप मरकचो का सीसीटीवी का फुटेज देखा गया लेकिन कुछ भी पता नहीं चला है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत बाजार में एक बाइक सवार युवक वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान राकेश कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता अमरीका मेहता, बेहराडीह) के रूप में हुई है। दुर्घटना में घायल युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
05

## पुलिस ने बालू लदा हाइवा पकड़ा

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला पुलिस प्रशासन जिले में अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का लगातार प्रयास कर रही है, बावजूद क्षेत्र में चाहे कोयला का कारोबार हो, लोहा का हो, बालू का हो, लकड़ी का हो, शराब का हो, डीजल का हो सभी अवैध कारोबार संचालित है। इन अवैध कारोबार में पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अथक प्रयास किया जा रहा है। कभी सिविल प्रशासन द्वारा अवैध खनन के मामले में तो कभी पुलिस प्रशासन द्वारा छापामारी की जा रही है। इसी प्रयास में पुलिस अवर निरीक्षक कार्यालय में पदस्थापित सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने एक दिन पहले जहां गोला बोकारो मार्ग में सोसोखुर्द टोल प्लाजा के पास दोस्ताना होटल में छापामारी कर अवैध शराब और डीजल बरामद किया। वहीं दूसरे दिन बरलंगा थाना क्षेत्र में रात्रि गस्ती के दौरान अवैध रूप से बालू ले जा रहा हाइवा वाहन को पकड़ा। इस बीच डीसी द्वारा गठित टीम ने भी रजरप्पा क्षेत्र में छपामारी कर बालू लदा चार ट्रेक्टर को पकड़ा गया। बरलांगा थाना क्षेत्र में बीती रात पकड़ा गया बालू लदा हाइवा वाहन ओ डी 09पी 1991 के मामले में थाना में बरलंगा थाना कांड स. -19/23 दर्ज कर हाइवा गाड़ी के चालक योगेश यादव पिता टुकलाल यादव ग्राम नैटंड थाना डोमचाच, जिला- कोडरमा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने तस्करों को चेतावनी देते हुए कहा है कि गोला और बरलांगा थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। अवैध कारोबार में शामिल तस्करों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करेगी।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा बलसगरा में 11 को



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** किसान मजदूर इंटर कॉलेज बलसगरा में भाजपा डाड़ी मंडल के प्रखंड कार्यसमिति के सभी सदस्यों और वरिष्ठ नेताओं के साथ में तैयारी समिति का बैठक मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया। जबकि संचालन मंडल महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू के लोकप्रिय विधायक आदरणीय जयप्रकाश भाई पटेल जी शामिल हुए। मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने डाड़ी प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया है, कि आगामी 11 सितंबर को दोहपर 3:00 बजे दिन सोमवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी का संकल्प यात्रा को बलसगरा में जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसमें डाड़ी मंडल से 5000 लोगों को उपस्थित होने का कार्य करेंगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को ज्ञापन धन्यवाद मंडल महामंत्री गुलचंद महतो ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजूरंजन तिवारी, हुकुमनाथ महतो, राकेश सिंह, सेवालाल महतो, प्रभात कुमार सिंह, डॉ.रामसेवक प्रसाद, प्रमोद कुमार महतो, राजदीप प्रसाद, प्रितलाल महतो, उमेश प्रकाश सिंह, गणेश साहु, बंसत प्रजापति, बृजकिशोर पाठक, गिरजा सिंह, मंगलदेव महतो, नमिता कुमारी, बिहारी प्रजापति, बाबूचरण बेदिया, नकुल महतो, सुदीप चौधरी, सुदय कुमार महतो, नंदकुमार महतो, अमृत महतो, लालदेव महतो, मनिकचंद प्रजापति, भुनेश्वर ठाकुर, पिंटू साव, अनिल अग्रवाल, सुदर्शन महतो, लालदेव महतो, बालदेव राम, भोला महतो, गिरधारी महतो, जगरनाथ महतो, बासुदेव प्रजापति, हसनैन अंसारी, केतर महतो, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, बासुलाल महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रामगढ़ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर गुरुवार को शहर के सभी मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो कई स्थानों पर झांकियां सजाई गई। मंदिरों में भगवान कृष्ण का रात 12 बजे जन्म हुआ। जिनके दर्शनों के लिए रात लगभग 1 बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में जमा रहती है। इस अवसर पर व्रत रखने वाली शहर की महिलाओं ने मंदिर की परिक्रमा की। मंदिर में मध्य रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए हजारों श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का तांता लगा रहा जो देर रात्रि तक जारी रहा। वही, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व को लेकर शहर के मंदिरों को परंपरागत रूप से नंद का दरबार सजाया गया। गौरतलब है कि गुरुवार की मध्य रात्रि को श्रीकृष्ण के जन्म मनाने से पूर्व वर्षों से चली रही परम्परा के अनुसार शाम को मंदिर में नंद बाबा का दरबार लगा। कार्यक्रम को देखने शहर के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 से 30 सितंबर तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कई क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण रंगोली व पोषण संबंधित चर्चा आयोजित की गई जिसमें ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के उद्देश्यों, स्वच्छता का महत्व, बच्चों के विकास में सही पोषण का महत्व, खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां व मोटा अनाज शामिल करने एवं इससे होने वाले फायदों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सभी को जागरूक किया गया।

## धूमधाम से मना बैंक ऑफ इंडिया का 118वां स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा शाखा का गुरुवार को 118वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बैंक परिसर में ब्रांच मैनेजर प्रमोद कुमार सिंह द्वारा केक काटा गया। साथ ही लोगों के बीच मिठाई का भी वितरण किया गया। बैंक के 118वे स्थापना दिवस पर बैंक प्रबंधन ने बैंक के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि पांच भारतीयों द्वारा सात सितंबर 1906 को मात्र पचास लाख की पूंजी से बैक शुरू किया । यह बैंक पूर्णत : स्वदेशी वित्तीय संस्थान है जो आरंभ से ही भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देते आ रहा है । समाज के प्रत्येक तबके तक बैंकिंग सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं । बैंक ऑफ इंडिया भारत का एक सबल और सफल बैंक है जिसने अपने शैशव काल से ही ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा देते आ रहा है । आज हम समाज के प्रत्येक तबके तक बैंकिंग सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं । ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा स्थापित स्वयं सहायता समूह हो के स्तर पर काम करने वाले लघु एवं सूक्ष्म निकाय बैंक ऑफ इंडिया पूरी निष्ठा के साथ आर्थिक सहायता प्रदान करती है। हम नए भारत के निर्माण के लिए कार्य करते हैं । ग्राहकों को बैंक से जुड़ने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि जब आप बैंक से जुड़ेंगे तो आप खुद महसूस करेंगे कि अन्य बैंकों से बेहतर है।और बैंक से संबंधित किसी भी समस्या के तत्काल समाधान हेतु हमेशा तत्पर रहने का भरोसा ग्राहकों के बीच किया। मौके पर परमोद कुमार सिंह, अनूप अग्रवाल, शशि मुंडा, राजेश कुमार, अजय कुमार, रोहित कुमार, रवि कुमार, शिव कुमार यादव, रॉकी अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, विजय सरकार आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ में भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन

# राहुल गांधी ही देश में अमन चैन कायम रख सकते हैं: दीपिका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'जिला मुख्यालय में भारत जोड़ो यात्रा' का आयोजन किया गया। यात्रा स्थानीय ब्लॉक चौक से लेकर सुभाष चौक तक किया गया। जिसके बाद सुभाष चौक के समीप एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया। जबकि संचालन प्रवक्ता मुकेश यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में महागामा विधायक दीपिका पांडे उपस्थित हुई।

**देशवासी राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है: दीपिका**

मौके पर विधायक दीपिका पांडे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से एक वर्ष पूर्व 7 सितंबर 2022 को राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 4000 किलोमीटर की यात्रा तय कर देश को जोड़ने का आह्वान किया गया था। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोग आज राहुल गांधी को उम्मीद की किरण के रूप में देखते हैं। जो देश और समाज में प्रेम और भाईचारा को कायम रख सकते हैं।




**भाईचारा धर्म और मजहब के नाम पर आपस में लड़ाया जा रहा है:ममता देवी**

पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि आज चारों ओर भाईचारा धर्म और मजहब के नाम पर लोगों को आपस में लडाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में हम सभी कांग्रेसजनों का दायित्व और बढ़ जाता है। हम सभी कांग्रेसजन राहुल गांधी के नेतृत्व में चट्टानी एकता के साथ कदम से कदम मिलाकर आरएसएस और भाजपा के सांप्रदायिकता के जहर का जवाब दे सकते हैं।

**कौन कौन थे उपस्थित**

मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव शांतनु मिश्रा, जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा राजेंद्र नाथ चौधरी, परमानंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, भीम साव, भैरव ठाकुर, उमेश सिंह, संजय साव, सज्जाद खान, शमसूद खान, आसिफ इकबाल, रामविलास महतो, सागर महतो, दिगंबर गुप्ता, संतोष सोनी, सुजीत पटेल, बलराम साहू, सुनील करमाली, महिला जिला अध्यक्ष मंजू जोशी, अनु विश्वकर्मा, अनीता देवी, सरिता देवी, मीना राय, रीना राय, टिंकू खान, साजिद हुसैन, समीर हुसैन, राजा खान, गगन करमाली, राजन करमाली, नकुल महतो, महेश यादव, अफरोज आलम, जाकिर अख्तर, मनीष चिंगारी, मिस्टर आलम, विजय यादव, कमलेश महतो, हीरालाल महतो, भरत महतो आदि उपस्थित थे।

# बंद पड़ी फैक्ट्री से अवैध पोड़ा कोयला लदा ट्रक जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू ।** कुजू पुलिस ने क्षेत्र के बनवार स्थित बंद पड़ी एक फैक्ट्री से अवैध पोड़ा कोयला लदा एक दस चक्का ट्रक को जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर ओपी प्रभारी विनय कुमार ने बनवार स्थित बंद पड़ी जय मां भद्रकाली फ्यूल्स फैक्ट्री में छापेमारी की। जहां पुलिस ने अवैध पोड़ा कोयला लोड ट्रक संख्या बीआर 01 जीएल - 9173 को पकड़ा। जिस पर करीब 20 टन अवैध पोड़ा कोयला लदा है। वहीं, पुलिस को देख अवैध कोयला कारोबारी और ट्रक चालक व खलासी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये। इधर, बारिश के कारण पुलिस द्वारा उक्त ट्रक को जब्त कर ओपी परिसर नहीं लाया जा सका है। पुलिस द्वारा कीचड़ में फंसे ट्रक को निकालने के लिए भेजे गये क्रेन के भी कीचड़ में फंस जाने के कारण ट्रक को निकालने में कामयाबी नहीं मिल पायी है। इधर, पुलिस द्वारा ट्रक के पकड़े जाने से क्षेत्र के अवैध कोयला कारोबारी के बीच हड़कंप व्याप्त है।



# विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस पर जिला मंत्री ने दी बधायी

**विहीप के कार्यकर्ता 105 देश एवं भारत के 1 लाख गांव में सेवा दे रहे है: छोटू वर्मा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** विश्व हिंदु परिषद के जिला मंत्री छोटू वर्मा ने संगठन की स्थापना दिवस पर जिलेवसियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि संगठन का स्थापना 1964 में जन्माष्टमी के दिन हुई थी। इसी लिए हम सब मिलकर पूरे देश में आज के पावन दिन को स्थापना दिवस के रूप में भी मानते है। बताया कि 1966, 1979 और 2007 में हिन्दू सम्मेलन हुआ। जिसमें विश्व के समस्त हिन्दुओं की सहभागिता रही थी। 1982 से संगठन जन जागरण अभियान गांव गांव में चला रही है।

उन्होंने बताया कि गर्व होता है ये बताते हुए की वीएचपी ने 14 बार धर्म संसद बुलाई है। जिसमे 125 सम्प्रदायों के साधु संतों की सहभागिता भारी संख्या में रही है। हमारे संगठन द्वारा सेवा कार्य से 44 अनाथ आश्रम, 112 छात्रावास, 850 चिकित्सा केन्द्र, 5000 विविध सेवा प्रकल्प. 56,000 एकल विद्यालय चलाए जाते हैं। जहां देश भर के गरीबों को हर प्रकार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने बताया की प्रत्येक वर्ष 2,00,000 से अधिक कार्यकर्ता देश भर में रक्तदान कार्यक्रम चलाकर समाजसेवा जैसे परोपकार में अपना योगदान देते हैं। करोड़ों हिन्दुओं सहायतार्थ, हिन्दू हेल्प लाईन, हिन्दू हेल्थ लाइन भी संगठन द्वारा चलाया जाता है। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में देश भर में 600 गौशाला चलाए जाते है। जहां बीमार और गौवंशों का मुफ्त इलाज सहित अन्य सुविधाएं दी जाती है। जिसकी वजह से वर्ष 15 लाख गोवंश को कसाईयों से मुक्ति मिलती है। संगठन द्वारा अब तक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में 40 लाख हिन्दुओं का धर्मान्तरण रोका गया और 7 लाख घर लोगों की घर वापसी कर्रवाई गई है। संगठन द्वारा 1984 में वृहत रूप से छेड़े गए आंदोलन के कारण हम आज अयोध्या में भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर बनता देख रहें है। साथ हीं वीएचपी द्वारा 2007 में राम सेतु रक्षा आंदोलन के कारण हम श्रीलंका तक गये श्रीराम सेतु के अवशेषों को सुरक्षित रखने में सफल हुए। हमे गर्व है कि आज विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता 105 देशों सहित भारत के 1 लाख गांव में अपनी सेवा दे रहें है।




## साइड से बाइक चोरी, ओपी में दिया आवेदन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। चोर गिरोह घरों-दुकानों और सीसीएल के कार्यालयों के साथ अब बाइक चोरी की घटनाओं को भी बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र के रीवर साइड में कन्या मध्य विद्यालय के निकट से बीती शाम एक बाइक चोरी हो गई है। वाहन मालिक तारकेश्वर ठाकुर ने बाइक चोरी के संबंध में गुरुवार को भुरकुंडा ओपी में आवेदन दिया है। भुक्तभोगी ने बताया कि बुधवार की शाम कन्या मध्य विद्यालय के निकट अपनी बाइक जेएच 01 सीएल 6106 खड़ी कर बुधबाजार साप्ताहिक हाट में सब्जी खरीदने गये थे। वापस लौटने पर बाइक को गायब पाया। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का पता नहीं चल सका। वहीं पांच दिन पूर्व सौंदा डी निवासी सीसीएलकर्मी हीरा गोप के घर के सामने से बाइक चोरी हुई थी। भुरकुंडा कोयलांचल में चोरों का मनोबल बढ़ा लागतार चोरी की घटना को दे रहे है।

# जिले में मिले डेंगू के सात मरीज, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग के बाद रामगढ़ जिले के एक निजी अस्पताल में जांच के दौरान सात डेंगू मरीजों के मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अल्र्ट हो गया है। छह मरीजों में डेंगू के हल्का लक्षण होने के कारण उनका इलाज रांची रोड स्थित होप हॉस्पीटल में चल रहा है। वहीं, चतरा जिले के निवासी सतीश कुमार का इलाज जिले के सदर अस्पताल में चल रहा है।

एनएस-वन कीट से जांच के दौरान होप हॉस्पीटल में मिलने वाले डेंगू के मरीज जिला मलेरिया विभाग के कर्मियों ने बताया कि बुधवार को रांची रोड स्थित होप हॉस्पीटल में एनएस-वन कीट से जांच के दौरान सात डेंगू के मरीज मिलने की पुष्टि हुई है। जिसमें केदला मांडू निवासी कविता कुमारी, हजारीबाग निवासी सबीता देवी, हेंसला रामगढ़ निवासी शाहीद अंसारी, गोरियारीबागी रामगढ़ निवासी श्वेता गुप्ता, थाना चौक निवासी रीता देवी, चरही निवासी जगनारायण राम और आनंद कुमार परसोतिया निवासी शामिल हैं।



**सात मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट**

जिले में डेगू के सात मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अल्र्ट हो गया है। सिविल सर्जन के निर्देश पर सदर अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए बारह बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। जहां एक संक्रमित का फिलहाल इजाज चल रहा है।

वहीं सभी पीएचसी व सीएचसी में डेंगू की जांच के लिए कीट उपलब्ध कराया गया है। सभी डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि मरीज में डेंगू के लक्षण दिखते ही सदर अस्पताल में भर्ती कराया जाये। वहीं, एडिस मच्छरों के लार्वा की खोज के लिए बीते एक माह से रामगढ़ जिले में जगह-जगह अभियान चलाया जा रहा है।

## भुरकुंडा में धूमधाम से मनायी गयी जन्माष्टमी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार की रात्रि पूरे धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। वहीं कई क्षेत्र में गुरुवार की रात्रि भी कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। इधर पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में बुधवार की रात्रि पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी को ले ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में लगभग 300 महिलाओं ने सामूहिक पूजन किया। पुरोहित राम कुमार पाठक के देख-रेख में आयोजित पूजन-अनुष्ठान में बतौर यजमान उत्तम सिन्हा पत्नी बबीता सिन्हा शामिल हुए। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण का जन्म हुआ। इसके बाद भजन-कीर्तन, सोहर गये गये। इसके पूर्व मां शक्ति के आह्वान किया। तत्पश्चात राधा-रानी के आहवान के बाद श्री कृष्ण की पूजा-आराधना की गयी। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में मंदिर समिति का अहम योगदान रहा। वहीं कई जगहों पर कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप धरकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

## भुरकुंडा में बाबूलाल मरांडी का आगमन 9 को

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आगामी 9 सितंबर को 3 बजे रिवर साइड भुरकुंडा स्तिथ बुध बाजार में संकल्प यात्रा के तहत होने वाले बड़कागांव विधानसभा स्तरीय उच्च कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता को लेकर भाजपाई दिन रात लगे हुए हैं। उक्त कार्यक्रम में जनसभा को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद जयंत सिन्हा आदि संबोधित करेंगे। 9 सितंबर शनिवार को 3 बजे भुरकुंडा की पावन धरती पर बाबूलाल मरांडी का आगमन होगा। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता, विधानसभा प्रभारी सह हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, डॉ संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, संजीव कुमार बावला, अभितेश सिंह, जगतार सिंह, कुमेल उरांव, युगल नायक, योगेश दांगी, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, अजय पासवान, सुभाष दास, अनिता राय, गीता श्रीवास्तव, संतन सिंह, अनूप पाठक, अखिलेश टोप्पो, खेमलाल महतो आदि ने स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन व जनसभा कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। कहा गया की बाबूलाल मरांडी के साथ 2024 में अबकी बार मोदी सरकार होगी। झारखंड में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। हर हाल में यहां एनडीए की सरकार बनेगी।

## टंडवा में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कबरा पंचायत के खैल्हा गांव के गांधी मैदान में युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया नीलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा व विशिष्ट अतिथि में उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, मुखिया सुबेश राम,महावीर साव, समाजसेवी अजय उर्फ छोटू, आलोक गुप्ता, गजेन्द्र कुमार, प्रयाग राम उपस्थित थे। रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 32 टीम ने भाग लिया। फाइनल मैच डुमरी के टीम और बसरिया टीम के बीच खेला गया। जिसमें बसरिया की टीम ने एक गोल से डुमरी को हराकर टूर्नामेंट खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को ट्राफी व दस हजार रुपए उप विजेता को ट्राफी व सात हजार और तीसरे विजेता को ट्राफी व पांच हजार रुपए देकर अतिथियों ने पुरस्कृत किया। सभा को संबोधित करते हुए मुखिया नीलेश ज्ञासेन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। छुपे प्रतिभा को निखारने की आवश्यकता है। क्षेत्र में खेल प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए हम हर समय तैयार हैं। प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेल कुद के माध्यम से भी अपना कैरियर बनाने में मदद मिलती है। वही मुखिया ज्ञानसेन ने गांधी मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने की घोषणा किया। उप प्रमुख जितेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। परंतु उन प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म नहीं मिलने से वह प्रतिभा कुंठित हो जाती है। मंच का संचालन मुकेश आंनद ने किया। मौके पर साकेत पांडेय, सुमन भारतीय, संतोष महतो, महेश महतो, जगदीश महतो, जयंमती देवी, निशा कुमारी, अशोक कुमार, अरूण कुमार, जगेश्वर कुमार, सुबोध कुमार, प्रकाश कुमार, प्रदीप कुमार, रघुवीर कुमार, राजेश कुमार समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## पतरातू में मनायी गयी जन्माष्टमी



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्टीम कॉलोनी जन्माष्टमी मैदान में धूमधाम से गुरुवार को जन्माष्टमी पूजा मनाया गया। भारी संख्या में भक्त पूजा अर्चना करते हुए नजर आये। पुजारी पंडित मुकेश पाठक के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना बाद प्रसाद वितरण किया गया। पूजा को सफल बनाने मे पिंटू सोनी उर्फ बबलू, सरोज ठाकुर,अमन ठाकुर, बमबम कुमार, आयुष कुमार, मनीष कुमार, त्रिभुवन, संटू कुमार, निखिल कुमार, शुभम तिवारी, त्रिलोकी गिरी, सोनू कुमार, रोहित सिंह, का सराहनीय योगदान रहा।

## जन्माष्टमी पर मरार में भगवती जागरण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मरार स्थित प्राचीन उज्जैन शिव मंदिर के प्रागंण में बीती रात भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरण का विधिवत उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने फीता काटकर की। मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि श्रद्धालुओं के बीच जागरण का आयोजन होना बेहद जरूरी है। इससे श्रद्धालुओं में ईश्वर के प्रति आस्था जागती है। साथ ही थके- हारे शरीर तथा विचलित मन को शांति मिलती है। इधर, आसनसोल से आए जागरण मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों एवं देवी-देवताओं की विभिन्न जीवंत झांकियां प्रस्तुत कर लोगों को खूब मनोरंजन कराया। मौके पर तिवारी महतो, राजू चतुवेर्दी, शंकर मिश्रा, चित्तू महतो, नरेश साहू, सोनू साव, गुड्डू सिंह, पवन साहू, अर्जुन साहू, संतोष सिंह, बबलू जायसवाल, विक्रम सिंह, झमन यादव, मंटू सिंह, विक्की सिंह, दयाशंकर सिंह, रेखा पांडेय, निर्मल सिंह, सुदेश कौर, जयमाला देवी, पिंटू पंडित, कामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सच का सामना करें

यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जाएगी कि देश में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (इजीआई) के अध्यक्ष और उसकी फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों को गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़े। हालांकि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देकर इन सबके सिर पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार फिलहाल हटा दी है, जो निश्चित रूप से राहत की बात है, लेकिन यह मुद्दा अभी बना हुआ है। ध्यान रहे, मणिपुर अगर मई महीने से ही हिंसा की लपटों से घिरा दिख रहा है और तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक ये लपटें पूरी तरह शांत नहीं हो पाई हैं, तो इसके पीछे एक बड़ी भूमिका गलत और झूठी सूचनाओं के निरंतर प्रवाह की भी रही है। स्थानीय समुदायों के बीच दूरी आ गई जिसे फेक न्यूज और दुष्प्रचार अभियान और बढ़ाते रहे। इसी संदर्भ में इजीआई की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने बताया कि कैसे 'दोनों तरफ से परस्परविरोधी नैरेटिव चलाए जाते रहे।' इस रिपोर्ट पर मणिपुर पुलिस का एफआईआर दर्ज कर लेना जितना बेतुका और आपत्तिजनक है उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है खुद मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का इस मुद्दे पर प्रेस में आकर बयान देना और व्यक्तिगत रूप से इजीआई रिपोर्ट की निंदा करना। जब मणिपुर सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर अपनी नाकामी के कारण खुद कटघरे में है, वह ऐसा जताने की कोशिश कर रही है कि उसे सवाल किया जाना पसंद नहीं। हालांकि किसी भी संस्था की कोई भी रिपोर्ट आलोचना से ऊपर नहीं होती। उस पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं और उससे असहमति भी दर्ज कराई जा सकती है। लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री कुछ पत्रकारों को देशद्रोही और व्यवस्था विरोधी बताने लग जाए तो उससे बेहतर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने में कोई मदद नहीं मिलती। इस तरह की पुलिस कार्रवाई से मीडिया का स्वतंत्र कामकाज बाधित होता है। गौर करने की बात है कि राज्य के हिंसा पीड़ित लोगों के बीच राहत और पुनर्वास के कार्यों में मदद के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमिटी में किसी मणिपुरी को स्थान नहीं मिला तो इसके पीछे भेदभाव और पक्षपात की आशंकाओं को खत्म करने की ही भावना थी। राज्य सरकार ने अपने अफसरों को सोशल मीडिया ग्रुप्स से हटने को कहा तो उसके पीछे ये खबरें थीं कि नौकरशाही और पुलिस में जातीय आधार पर विभाजन दिख रहा है। ऐसे माहौल में विश्वास बहाल करना आसान नहीं होता। इसके लिए कड़वे सच को न सिर्फ सुनना होगा बल्कि उसे स्वीकार करना और उससे निपटना भी होगा। संवाद और सूचनाओं के प्रवाह पर लगी रोक हटाते हुए राज्य से बाहर के मीडिया को भी पूरी पहुंच देनी होगी। एन बिरेन सिंह सरकार इजीआई सदस्यों के खिलाफ दायर एफआईआर को वापस लेने की प्रक्रिया के साथ इस दिशा में सही शुरुआत कर सकती है।

**एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (इजीआई) ने मणिपुर हिंसा पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे दोनों तरफ से परस्परविरोधी नैरेटिव चलाए जाते रहे। इसके बाद मणिपुर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इजीआई को गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना पड़ा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत नई उभरती व्यवस्था में मानव पूंजी की केंद्रीय भूमिका को स्वीकार करता है। शिक्षा और कौशल से लैस लोग आज की ज्ञान अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे अकेले ज्ञान की सीमा का विस्तार करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के अतिरिक्त सफल नवाचारों और वैज्ञानिक खोजों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में असाधारण योगदान दे सकते हैं।**

## भारत का विशिष्ट प्रतिभा पूल: एक नयी वैश्विक व्यवस्था का अग्रदूत



**धर्मेंद्र प्रधान**

भारत एक ज्ञान सभ्यता के रूप में अपने डीएनए में प्रतिभा का एक स्वाभाविक भंडार रखता है। अपने पूरे इतिहास में, भारत ने गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, दर्शन और साहित्य सहित ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के संख्या सिद्धांत और गणितीय विश्लेषण में अभूतपूर्व काम आधुनिक अनुसंधान को भी प्रभावित करता रहा है। ज्ञान सभ्यता के रूप में भारत का इतिहास अपने समकालीन शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को प्रभावित करता रहा है, जिससे यह वैश्विक कल्याण में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है।

**वैश्विक कल्याण के लिए जी-20 :** भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, चाहे वह कार्यकारी समूह में हो या मंत्रिस्तरीय सभा में- सभी चर्चाओं में व्यापक वैश्विक कल्याण संयोजक रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम के हमारे प्राचीन मूल्यों में निहित जी-20 का विषय 'एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य' इस बात को रेखांकित करता है कि भारत की प्रगति और विकास न केवल अपने लोगों के लिए है, बल्कि वैश्विक कल्याण के लिए है - जिसे हम 'विश्व कल्याण' कहते हैं - पूरे विश्व का कल्याण।

**भारत एक ज्ञान सभ्यता के रूप में अपने डीएनए में प्रतिभा का एक स्वाभाविक भंडार रखता है।**

**भारत की अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास :** विश्व ने भारत की अर्थव्यवस्था की सहज शक्ति और लचीलेपन को पहचाना है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत को विश्व अर्थव्यवस्था में 'उज्वल स्थान' के रूप में चिन्हित किया है। भारत के मैक्रो-इकनॉमिक का आधार काफी मजबूत है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत अब कम समय में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।




**भारत वैश्विक कल्याण के लिए एक विशाल प्रयोगशाला है। 21वीं सदी ज्ञान की सदी होने के नाते नई प्रौद्योगिकियां एक नई व्यवस्था का अग्रदूत होंगी और भारत अपने विशाल प्रतिभा पूल के साथ इस नई व्यवस्था को आकार देने में सबसे आगे है।**

**शिक्षा की जननी :** ज्ञान और कौशल के माध्यम से मानव पूंजी जुटाना भारत की क्षमता को साकार करने की कुंजी है। शिक्षा 'जननी' है जो विकास की गति को चलाएगी और बनाए रखेगी। शिक्षा वह मातृ-शक्ति है जो नागरिकों को सशक्त बनाएगी।

**नई शिक्षा नीति (एनईपी): मातृ दस्तावेज-** भारत में शिक्षा को समावेशी और संपूर्ण, निहित, भविष्योन्मुखी, प्रगतिशील और अग्रगामी बनाने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तैयार की गई है। मजबूत वैचारिक समझ और स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए मातृभाषा में सीखने को एनईपी में प्राथमिकता दी गई है। मातृभाषा में शिक्षा संपर्क भाषाओं को प्रतिस्थापित नहीं करेगी, बल्कि उनका पूरक बनेगी। यह ज्ञान के लिहाज से कम संपन्न छात्रों सहित, सभी छात्रों के शैक्षिक मार्गों को सुचारू और आसान बनाएगी।

उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण को प्राथमिकता दी गई है। भारत को एक शीर्ष अध्ययन स्थल बनाने के लिए एनईपी 2020 का उद्देश्य फैकल्टी/छात्र आदान-प्रदान, अनुसंधान और शिक्षण साझेदारी तथा विदेशी देशों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना है। आईआईटी-मद्रास और आईआईटी-दिल्ली ने क्रमशः जांजीबार-तंजानिया और अबू धाबी-यूएई में अपने विदेशी परिसर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन किए हैं।

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग-अकादमिक सहयोग एनईपी का एक और प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना शैक्षिक संस्थानों में अनुसंधान को बीज, विकास और सुविधा प्रदान करने के लिए की जा रही है। फोकस भारत को अनुसंधान और विकास केंद्र बनाने पर है। सरकार न केवल व्यवसाय की सुगमता बल्कि अनुसंधान की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। इसके अतिरिक्त भारत की संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और यूरोप के प्रमुख देशों के साथ शैक्षिक साझेदारी है, जहां भारत के प्रतिभा पूल को मान्यता दी जाती है। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) तथा क्वाड फेलोशिप के अंतर्गत उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

मानकीकरण भारतीय शिक्षा को वैश्विक शिक्षा के साथ जोड़ने में सहायता करता है। एनईपी के अंतर्गत स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा जारी की गई जो विशिष्ट शिक्षण मानकों, सामग्री, अध्यापन और मूल्यांकन की कसौटी है। इसी प्रकार विभिन्न शिक्षाविदों को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के दायरे में लाने के लिए नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क स्थापित किया गया है।

**कौशल और उद्यमिता :** भारत में 18 से 35 वर्ष की आयु के 600 मिलियन से अधिक लोग हैं, जिसमें 65 प्रतिशत 35 वर्ष से कम आयु के हैं। बहु-विषयक और बहु-कुशल, गंभीर रूप से सोचने वाले, युवा और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करना प्राथमिकता है। भारत तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ कौशल और उद्यमिता में एक पथ प्रवर्तक परिदृश्य देख रहा है। भारत के नवाचार और स्टार्ट-अप न केवल मेट्रो शहर बल्कि टियर 2 टियर 3 शहरों और कस्बों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।

**स्कूल में कौशल :** कौशल को कक्षा 6 से स्कूली शिक्षा में एकीकृत किया गया है। यह अब क्रेडिट फ्रेमवर्क का अभिन्न अंग है। सिंगापुर का कौशल ढांचा तकनीक-संचालित औद्योगिक वातावरण में बनाए रखने के लिए स्कूल स्तर से ही एक कुशल कार्यबल बनाने के लिए अनुकरणीय है।

**भारत और नई व्यवस्था :** भारत नई उभरती व्यवस्था में मानव पूंजी की केंद्रीय भूमिका को स्वीकार करता है। शिक्षा और कौशल से लैस लोग आज की ज्ञान अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे अकेले ज्ञान की सीमा का विस्तार करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के अतिरिक्त सफल नवाचारों और वैज्ञानिक खोजों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में असाधारण योगदान दे सकते हैं।

भारत वैश्विक कल्याण के लिए एक विशाल प्रयोगशाला है। 21वीं सदी ज्ञान की सदी होने के नाते नई प्रौद्योगिकियां एक नई व्यवस्था का अग्रदूत होंगी और भारत अपने विशाल प्रतिभा पूल के साथ इस नई व्यवस्था को आकार देने में सबसे आगे है।

**(लेखक : भारत सरकार के शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं।)**

# जमशेदपुर की खबरें

## सड़क किनारे से दुकान हटाने से मचा हड़कंप



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के जुबली पार्क के सामने बिस्टुपुर जाने वाली मुख्य सड़क किनारे फुटपात लगी दुकान पर अचानक जुस्को के द्वारा कार्रवाइ होने पर दुकानदारों में हलचल मच गया। गुरुवार को हुई कार्रवाइ से पोरोठा के दुकान लगा रखी महिला गीता श्रीवास्तव ने बताया बीते 6 माह से दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। लेकिन आज बिना सूचना के सभी सामान पलट दी गयी। उन्होंने बताया थोड़ा 5 मिनट का समय मिलता तो समान हटा लेते। उन्होंने कहा इन लोगो को महिलाओं से बात करने की भी तमीज नही है। जबरदस्ती धक्का देकर दुकान को पलटने से घयाल हो गये। लेकिन सुनने वाले कोई नही है। उन्होंने कहा सरकार ही कोई बात नही सुनती तो इनलोग क्या सुनेंगे। उधर जिला प्रशासन की उपस्थिति में जुस्को के टीम के द्वारा लगभग पांच दुकान को सड़क किनारे से हटाया गया। इस दौरान देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

## विधायक ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर जमशेदपुर प्रखंड के दक्षिणी छोटा गोविन्दपुर पंचायत अंतर्गत सुभाष नगर में न्यू किशोर क्लब द्वारा श्री श्री जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। गुरुवार को महोत्सव मुख्य अतिथि झारखण्ड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी शामिल हुए। मौके पर विधायक के द्वारा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। वही परसुडीह के लोकनाथ मंदिर व राधिका नगर कृष्णा मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में विधायक ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के परिवार में सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना की। मौके पर विधायक ने कहा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हमारे लिए सदैव एक उत्साह, आनंद, प्रेरणा और उमंग लेकर आती है। भगवान श्री कृष्ण की प्रेरणा मनुष्य को सफल एवं समृद्धि बनाती है। मौके पर मुखिया आलोक सांडी, चंदन ठाकुर, विक्रांत सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा,तरुण पाल, रजत प्रसाद, उज्वल सुर,गोलू शर्मा, गणेश गोप, अजय रजक, दीपानकर, प्रज्ञा, राकेश झा, पंकज सिंह, सूरज पाण्डे सहित कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या, पुलिस पर लगा प्रताड़ित करने का आरोप

## सरायकेला एसपी ने थाना प्रभारी को किया निलंबित

**ग्रामीणों ने परिजनों के साथ पुलिस के खिलाफ विरोध करने लगे।**

**एसपीओ दिनेश साहू को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला थाने के कथित खबरी एसपीओ दिनेश साहू के द्वारा सरायकेला बाजार के रहने वाले 16 वर्षीय युवक सागर राणा को प्रताड़ित करने के बाद युकक ने सीनी रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन के आगे कुदकर आत्महत्या कर ली। उधर ग्रामीणों ने परिजनों के साथ पुलिस के खिलाफ विरोध करने लगे। मामले की जानकारी मिलते ही एसपी डॉ बिमल कुमार ने थाना प्रभारी नीतीश कुमार को निलंबित करते हुए सर्किल इंस्पेक्टर राम अनूप महतो को पूरे मामले के जांच का जिम्मा सौंपा। साथ ही एसपीओ दिनेश साहू को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है गुरुवार की सुबह से ही मृतक के परिजन ग्रामीणों के साथ युवक का शव लेकर सरायकेला थाने का घेराव किया। सभी ने आरोपी एसपीओ दिनेश साहू की गिरफ्तारी के लिए मांग पर अड़े रहे। लगभग 6 घंटे तक प्रदर्शन करते रहें। थानेदार के निलंबन के बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ। उसके बाद परिजनों शव को अपने साथ ले गये।

## कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने ढूंढ़ निकाला प्रसन्नजीत का शव



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत डोबो डोंगा घाट मे बीते दिनों नहाने के दौरान आदित्यपुर दिल्ली बस्ती निवासी प्रसन्नजीत नंदी पानी में डूब गया। गुरुवार को 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने शव को ढूंढ निकाला। कपाली ओपी के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद कासिम अंसारी ने बताया बुधवार की शाम प्रसन्नजीत अपने तीन अन्य दोस्त अनूप कुमार, चितरंजन महतो व कदमा निवासी अशोक हसदा के साथ मौज मस्ती करने डोबो गया था। जहां चारों नदी में नहाने उतर गये। इस दौरान प्रसन्नजीत पानी में डुब गया। स्थानीय गोताखोरो द्वारा खोज निकाला गया। वहीं कपाली पुलिस ने शव को पंचनामा कर सरायकेला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर शव मिलने से परिजनों में मातम छा गया।

**गोताखोरों के अनुसार कई वर्षों से नदी में डूबे लोगों को खोज बिन किया जाता लेकिन नगर परिषद से कुछ भी नही मिलता। जिला प्रशासन सिर्फ 100 व 200 पकड़ा कर चले जाते।**

गोताखोरों के अनुसार कई वर्षों से नदी में डूबे लोगों को खोज बिन किया जाता लेकिन नगर परिषद से कुछ भी नही मिलता। जिला प्रशासन सिर्फ 100 व 200 पकड़ा कर चले जाते। ऐसे में सरकार से जीवन यापन के लिए कुछ व्यवस्था की जाय ताकि परिवार चला सके।

## भाजमो जमशेदपुर महानगर का डीसी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन आज

**पुरा जिला डेंगू, मलेरिया, वाइरल फीवर सहित अन्य जानलेवा बीमारियां से ग्रस्त है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजमो जमशेदपुर महानगर के द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिले में जन सुविधा व क्षेत्र में फैली अव्यवस्था के खिलाफ शुक्रवार को जिला मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर विरोध कराने का निर्णय लिया गया। गुरुवार को भाजमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने बताया शहर में नगर-पालिकाओं की व्यवस्था पुरी तरह से ठप हो चुकी है। जनता को मिलने वाली मौलिक सुविधाएं पानी, बिजली, साफ-सफाई, शौचालय, सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य की स्थिति बद से बदतर हो गई है। पुरा जिला डेंगू, मलेरिया, वाइरल फीवर सहित अन्य जानलेवा बीमारियां से ग्रस्त है। लोगों को इलाज के लिए अस्पताल से जगह नहीं मिल रही है। जिसे देखते हुए भाजमो द्वारा शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार व प्रशासन को चेताने का कार्य किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी मंडलों के सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति को कुत्ते ने किया जख्मी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा प्रखंड अंतर्गत ढाब थाम में गुरुवार को बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों की पहचान राजू यादव पिता मोहन यादव एवं गीता देवी पति राजू यादव ढाब थाम निवासी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाजरत घायलों ने बताया कि दोनों एक बाइक पर सवार होकर घर से करीब 2 किलोमीटर दूर स्थित अपने खेत पर जा रहे थे। इस दौरान सड़क पर एक कुत्ता आ जाने से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें राजू यादव को गंभीर चोट आई है। इस दौरान कुत्ता बाइक के नीचे घुस गया और राजू यादव को काटकर जख्मी कर दिया।

## किर्लोस्कर प्लंबर मीट की बैठक संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में विक्रम हार्डवेयर जयनगर में किर्लोस्कर प्लंबर मीट का आयोजन किया गया। जिसमें किर्लोस्कर कंपनी के बिजनेस मैनेजर आनंद कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने किर्लोस्कर पंप के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए प्लंबर को समझाया। इस प्लंबर मीट में विक्रम हार्डवेयर के प्रोपराइटर शशिकांत प्रसाद, प्लंबर कैलाश राम, पिंटू कुमार, प्रेम कुमार, जयराम, अजहरुद्दीन, सोनू खान, विकास कुमार, आकाश कुमार, कुंदन गुप्ता, असगर खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## नेचुरोपैथी सेंटर का उद्घाटन, पांच बीमारी को छोड़ सभी का होगा इलाज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** न्यू कॉलोनी कोडरमा में नेचुरोपैथी सेन्टर का विधिवत उद्घाटन हजारीबाग के सुरेंद्र कुमार पांडेय के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर सेंटर में पूजा कर वातावरण को शुद्ध किया गया। वही उद्घाटन में आये लोगों को इसके बारे में बताते हुए गौतम कुमार पांडेय ने कहा कि नेचुरोपैथी के माध्यम से पांच बीमारी को छोड़कर जिसमे एक्सीडेंटल, डिलीवरी, पोलियो ग्रषित, सीरियस रोगी और 90 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति को छोड़कर हर प्रकार के रोग का इलाज किया जायेगा। आगे उन्होंने बताया कि यहां पर फियोथैरेपी और आयुर्वेद के माध्यम से गारंटी के साथ ईलाज किया जायेगा। साथ ही एक अच्छा प्लेटफार्म भी दिया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भव्य शोभायात्रा के साथ विश्व विख्यात बंशीधर मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव संपन्न



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भव्य शोभायात्रा के साथ विश्व विख्यात बंशीधर मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव संपन्न हो गया। गुरुवार को मंदिर परिसर से शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मेन रोड होते हुए बजरंग बली मोड़ तक गयी और वापस मंदिर आकर समाप्त हो गयी। इस दौरान डीजे के धुन पर कृष्णभक्त थिरक रहे थे। दुल्हन की तरह सजी रथ पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ वृंदावन से पधारे योगेश जी महाराज बैठे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के जवान भी शहर में कई जगह तैनात किए गए थे। शोभायात्रा में मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, आचार्य सत्यनारायण मिश्रा, झामुमो नेत्री किरण देवी, मनोज कुमार, मनीष कुमार, सुजीत लाल अग्रवाल, मनीष कमलापुरी, वीरेंद्र कमलापुरी, मिक्की जायसवाल, विशाल कुमार, अनूप निराला सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### विशुनपुरा प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर विभिन्न पूजा कमिटी ने मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे भक्ति भाव के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया. इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। वहीं जगह जगह प्रतिमा स्थापित कर लोग भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहे। वही दूसरे दिन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें लोग भक्ति गीतों ओर झूमते दिखे। श्री श्री अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर कमिटी कमता एवं अपर बाजार विशुनपुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कमेटी के द्वारा झांकी सजाकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवल किशोर गुप्ता एवं बिनोद गुप्ता ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री कृष्ण के रूप में सजे छोटे बालकों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सगमा प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया



**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखण्ड में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व उल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जगह जगह बने पूजपंडालों में श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ रही थी। जबकि बच्चे बालकृष्ण के गणवेश में चहल कदमी करते देखे गए जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इसे लेकर शांति व्यवस्था को लेकर धुरकी थाना की पुलिस थाना प्रभारी सदानंद कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र भ्रमण करती देखी गयी। इस अवसर पर सगमा प्रखण्ड के बीरबल गांव में श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में मटका फोड़ कार्यक्रम रखा गया था जिसमें ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को भगवान श्रीकृष्ण की फोटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष रामजन्म गुप्ता, कामेश्वर गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, मणिशंकर विश्वकर्मा, पारस नाथ यादव, श्रीकान्त चन्द्रवंशी, सुरेंद्र रवानी, संतोष प्रजापति, राम प्रताप विश्वकर्मा, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, चन्दन ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मेराल प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मना



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल प्रखंड भर में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। पुरानी बाजार के प्रसिद्ध दुर्गा मंडप सहित मेराल के सभी गांव टोलों में बुधवार की मध्य रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा मंडप में पंडित दिनेश पाठक द्वारा जैसे ही भगवान के जन्मोत्सव की जयकारा लगाते हुए शंख ध्वनि की। वहीं देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत एवं महावीर मंडली के महंत मिथिलेश प्रसाद, व्यास रामेश्वर विश्वकर्मा, देवेंद्र शर्मा, सोहराई प्रसाद, राज बिहारी पटवा, राम जी ठाकुर, महेश्वर प्रसाद, रामनाथ ठाकुर, कृष्ण प्रसाद सौंडीक, सुरेश भगत, मनोज जायसवाल सहित मंडली के सदस्यों व उपस्थित लोगों ने 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी' की स्तुति की। वहीं छवआना टोला के महावीर मंदिर, हॉस्पिटल चौक शिव स्थान, बस स्टैंड शिव स्थान, पूवार्रा टोला स्कूल, तेली टोला दुर्गा मंडप, चांदनी चौक शिव स्थान, मुड़ल टोला शिव मंदिर आदि सार्वजनिक जगहों में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार दलबल के साथ मध्य रात्रि में दुर्गा मंडप सहित थाना क्षेत्र के अन्य जगहों पर आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए तथा आशीर्वाद लिया।

**बैठक :** भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने संकल्प यात्रा को सफल बनाने पर की चर्चा, कहा

# 15 को आयेंगे मरांडी, भाजयुमो के लोग करेंगे स्वागत, तैयारियां तेज

**15 सितम्बर को गढ़वा में विशाल जनसभा कार्यक्रम में हर बुथ स्तर से हजारों युवा शामिल होंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में आगामी कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। कार्यक्रम के दौरान विषय प्रवेश कराते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि संकल्प यात्रा के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत करेंगे। 15 सितम्बर को गढ़वा में विशाल जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए हर बूथ स्तर से हजारों हजार युवा शामिल होंगे। साथ ही मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे। शहीदों के घर से मिट्टी एकत्र कर दिल्ली भेजेंगे।

बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि संकल्प यात्रा की जनसभा ऐतिहासिक होगी। इसके लिए बूथ स्तर पर तैयारी चल रही है। कार्यक्रम में युवाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा। प्रदेश की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवाओं को संकल्पित होना होगा। उन्होंने कहा कि मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के दौरान युवाओं को आगे बढ़कर काम करना है। जिसमें गांव शहर हर जगह से मिट्टी एकत्र कर दिल्ली भेजी जाएगी। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि अमृत काल में मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के तहत गांव के हर घर से मिट्टी एकत्र की जाएगी और उसे दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका में देश के 7500 प्रखंड से लायी गयी कलश की मिट्टी से पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्कूल कॉलेज हर जगह अमृत वाटिका बनाकर पौधरोपण कार्य करना है। साथ ही 15 सितम्बर को संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान जनसभा में अहम भूमिका निभानी है।

जिला महामंत्री सह भाजयुमो जिला प्रभारी संतोष दूबे ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के दौरान भव्य स्वागत करेंगे। जिसमें हजारों मोटरसाइकिल के साथ बेलचम्पा में रिसीव कर स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल पर लेकर जाएंगे।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय कमलापुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विकास तिवारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मंत्री संजय जायसवाल, शिवम भारद्वाज, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष बलराम यादव, मनोज चौधरी, विकास तिवारी, महेंद्र यादव, रामाकांत गुप्ता, ललीत सिंह, निरंजन पाठक, रविन्द्र साव, ज्ञान रंजन चौबे, ओमप्रकाश पासवान, भरदुल कुमार, भाजपा कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी, संजय तिवारी, धर्मदेव ठाकुर, हरेंद्र तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार व अन्य मौजूद थे।

## विधायक भानु ने सड़क के जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास

**कहा- सड़क के बिना क्षेत्र की विकास की बात करना जनता के साथ नाइंसाफी होती है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में गुरुवार को दरीदह मोड़ से लेकर केतार कोल्ह रोड का कालीकरण सड़क का जीर्णोद्धार हेतु हरिहरपुर बस स्टैंड पर पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना करते हुए शिलान्यास किया गया। शिलान्यास का कार्यक्रम हरिहरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी के द्वारा हुआ। पथ निर्माण गढ़वा के द्वारा 24 किलोमीटर लंबी सड़क को दस करोड़ रुपये की लागत से स्वर्णिम कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जाएगा।

उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि सड़क का होना हमारी पहचान है। सड़क के बिना क्षेत्र की विकास की बात करना जनता के साथ नाइंसाफी होती है। जब तक सड़क नहीं रहेगी तब तक क्षेत्र की जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क मां की आंचल के समान है, जिसके फटने से पहले बदलना अति आवश्यक होता है। इसलिए हमरा प्रयास होता है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ जाए। अपने विरोधियों पर हमला बोलते हुए कहा कि उनसे पहले 14 विधायक बने पर क्षेत्र की सड़कों की ओर किसी का भी ध्यान नहीं गया। हमारे विधानसभा क्षेत्र की जनता जात पात से अलग हटकर मुझे आशीर्वाद देती है। उसी का परिणाम है कि मैं अपने क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रहा हूं। वहीं झारखंड सरकार के विफलताओं को बताते हुए कहा कि सत्र 2021 से प्रधानमंत्री आवास योजना में तीन लाख गरीब परिवारों के घर नहीं बन पा रहा है तथा बालू को सोना बना कर सरकार बेचने में मशगूल है। साथ ही 16 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बंशीधर नगर में आगमन पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने का अपील की। इसके पूर्व सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह ने हरिहरपुर गांव के केरवा टोला में 25 घरों में बिजली नहीं होने के कारण ढिबरी युग में जीवन यापन करने को बताया। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि इन घरों को अविलंब बिजली मिले, तथा हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह ने विधायक से मांग की कि टाउनशिप स्थित डैम से पानी को छुड़वाकर कवलदाग सिंचाई विभाग के नहर के द्वारा पानी को दर्जनों गांवों में लगी धान की फसल को बचाया जा सके तथा महुआधाम कोल्ह रोड से कवलदाग सड़क के बीच जर्जर पड़ी सड़क को बनवाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मंच संचालन शशांक शेखर ने किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, भगत दयानंद, बबलू पटवा, निर्मल विश्वकर्मा, जगत किशोर चौबे, आनंद सिंह, शंभु नाथ साह, दुर्गा राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रंका प्रखंड में दो सड़कों का झामुमो प्रखंड कमेटी के प्रतिनिधियों ने किया शिलान्यास

**कहा- दर्जनों गांव के हजारों लोगों को मिलेगा इसका सीधा लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड में बनने वाली दो सड़कों का झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा निर्माण कार्य शुरू करने हेतु गुरुवार को नारियल फोड़कर विधिवत भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। उक्त दोनों सड़कों में पहली रंका मझिगांवा भाया हरिजन टोला तथा दूसरी सड़क चुटिया हाटदोहर होमियों दुर्जन का नाम शामिल है। इसके संबंध में जानकारी देते हुए झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त दोनों सड़कों के बन जाने से दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा लगातार विकास की नई नई गाथाएं लिखी जा रही है। मौके पर झामुमो गढ़वा जिला युवा अध्यक्ष श्रवण सिंह उर्फ संजय छोटू, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम, जिला उपाध्यक्ष शत्रुघ्न चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष शंभू यादव, झामुमो रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, सिरोई पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह खरवार , सचिव अनिल यादव, मुखिया कर्मदयाल सिंह, रंकाकला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, बलीगढ मुखिया बिनोद प्रसाद, रामचंद्र प्रजापति, फिरोज अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम का मेराल में भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने किया शुभारंभ



**बाबूलाल की संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड में भाजपा का 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को भाजपा नेता व पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह द्वारा मेराल के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर प्रांगण से अमृत कलश में मिट्टी भरकर करायी गयी। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा 15 सितंबर को गढ़वा आगमन की तैयारी को लेकर मेराल सामुदायिक भवन में भाजपा मेराल दक्षिणी मंडल के नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा की गई। पूर्व मंत्री व कार्यक्रम के प्रभारी श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नेताओं को संकल्प यात्रा में अपने इष्ट मित्रों के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को साथ लेकर शामिल होने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि अमृत कलश में मेराल के दोनों मंडलों के प्रत्येक घर से मिट्टी संग्रह कर जिला में भेजी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल तथा धन्यवाद ज्ञापन उत्तरी मंडल सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी, संजय भगत, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, महेंद्र सिंह, चंद्रमणि पाठक, अमित शाह, राजेश यादव, शंकर यादव, विजयपाल, धनंजय शर्मा, राधेश्याम यादव, श्यामलाल पासवान, अनीश अंसारी, भोला पासवान, सिकंदर पासवान, विकास द्विवेदी, शिवकुमार विश्वकर्मा, संतोष प्रसाद, लक्ष्मी नारायण सिन्हा, विश्वनाथ ठाकुर, प्रकाश कुमार अरुण, देवकांत ओझा, रामलाल साह, मथुरा पासवान सहित कई लोग थे।

### हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन का गढ़वा टाउन स्टेशन पर ठहराव शुरू, सांसद वीडी राम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के द्वारा हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का हरी झंडी दिखाकर गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया गया। उक्त ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विभाकर नारायण पाण्डेय, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मुरली श्याम सोनी, गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष, उमेश कश्यप, सांसद प्रतिनिधि, चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो, धनबाद मंडल के रेलवे पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम आयोजित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर राधा-कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लव कुमार सिंह, रेणु सिंह, सोनी सिंह, राजमणि चौबे, संरक्षक शांति देवी, धर्मजीत पासवान ने संयुक्त रूप से श्रीकृष्ण की आरती के साथ किया। रूप सज्जा कार्यक्रम में भैया-बहन ने खुलकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी भैया श्रीकृष्ण के और बहनों ने राधा के रूप में सज कर वहां उपस्थित अभिभावक एवं विद्यालय परिवार को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर मुख्य अतिथि लव कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती आधारित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का मुख्य कार्य शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कारों से नई पीढ़ी को अवगत कराना है। वही प्रधानाचार्य ने विद्या भारती के उद्देश्य के बारे में भैया-बहनों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेणु सिंह ने कहा कि इससे भैया - बहनों का सर्वांगीण विकास होता है । श्रीमती सोनी सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से भैया-बहन के प्रतिभा का चंहुमुखी विकास होता है और वह अपने संस्कार संस्कृति को आगे ले जाते हैं। राधा-कृष्ण के रूप-सज्जा में कक्षा अरुण से कक्षा चतुर्थ के सभी भैया-बहन ने भाग लिया। राधा कृष्ण की वेशभूषा में बच्चे सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रहे थे। सभी भैया बहन के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऋतु ने किया। कृष्ण भजन और आरती सुनीता शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के अंत में आशीर्वचन राजमणि चौबे के द्वारा जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिशु वाटिका प्रमुख रितु दीदी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुनीता शुक्ला, काजल, नेहा, पूर्णिमा एवं आचार्य में अनुराग आनंद, राम इकबाल शर्मा, अनूप कुमार चतुर्वेदी सहित सभी कर्मचारी बंधु शामिल थे।

### सत्कर्म यज्ञ टीम ने जन्माष्टमी महोत्सव मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सत्कर्म यज्ञ टीम के द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। समाज में सबसे ज्यादा सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों ने पूरी भक्ति और समर्पण के साथ योगेश्वर कृष्ण की पूजा की। छोटे-छोटे बच्चों, माताओं ने पूजा का भरपूर आनंद लिया। सब ने मिलकर श्रीकृष्ण का आवाहन किया और यह प्रार्थना की कि आज हर हृदय के अंदर उस विराट और विशुद्ध कृष्ण की जरूरत है। मौके पर उपस्थिति कार्यक्रम के यज्ञाचार्य विपिन तिवारी ने उस परम-पावन कृष्ण को याद कर कहा कि हर वह बच्चा जो भीख मांग कर गुजारा कर रहा है या संपूर्ण ऐशो आराम में है सब में वही मुरलीवाला, माखनचोर विद्यमान है। अब जरूरत है कि कम से कम समाज बच्चों में उपस्थित कृष्ण को पहचाने और सारे भेद को मिटाकर मूल प्रेम की यात्रा करे। कार्यक्रम में नितिन तिवारी, गौतम ऋषि, सिद्धार्थ ऋषि, ध्रुव राज, अभिमन्यु पाल, तथा अथर्व, अद्वैत, बबलू सिन्हा तथा यज्ञाचार्य विपिन तिवारी उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** मझिआंव, कांडी और बरडीहा प्रखंड में 105 करोड़ की लागत से बिछेगा सड़कों का जाल

# कुछ छुटभैया नेता कुदाल लेकर सड़क बनाने का ढोंग करने में जुटे हैं : चंद्रवंशी

**कहा- आने वाले छह महीना में सभी सड़कों को दुरूस्त कर दिया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा/मझिआंव।** विश्रामपुर के भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा है कि जिले के मझिआंव कांडी और बरडीहा के दर्जनों सड़क का निर्माण कार्य और जर्जर सड़कों की मरम्मती 105 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रही है। अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांडी, बरडीहा और मझिआंव के दर्जनों सड़कों की स्थिति काफी जर्जर थी। वहां के लोग बार-बार इस समस्या से अवगत करा रहे थे। लोगों की समस्या को देखते हुए कांडी प्रखंड के बहेरवा मोड़ से नैनाबार होते हुए कांडी भवनाथपुर मुख्य पथ तक विशेष मरम्मती कर सुंडीपुर मोड़ बरकट से सुंडीपुर हनुमान मंदिर तक विशेष मरम्मती से पखनहा तक मेन रोड पखनाहा मोड़ से कुसुम नदी होते हुए पखनाहा विद्यालय तक, जयनगरा मंदिर से नहर तक कर्पूरी मोड़ से ढवरिया गांव तक, मरहटिया से बेलहट गांव तक, रानाडीह से सोगाड़ा गांव तक मोखापी मोड़ से कांडी महुली डैम तक, बड़हरिया मुख्य पथ से भी बराज तक, गरदहा मुख्य पथ से मठ तक, जतरो से शिवरी तक, बाहेरवा मोड़ से रतनगढ़ तक, मझिआंव पुरहे से बालीगढ़ तक, कौआखोह से सननी तक, अमर से भुसवा तक, रानपुरा मैन रोड से ओबरा तक, मझिआंव विश्रामपुर से सालगा तक, कोलुआ से बभनी तक, कुंद्रहे से थाना होते हुए पीएच मोड़ तक, लालगढ़ से मुद्रिका चंद्रवंशी के घर होते हुए अहारी बांध तक, अधौरा प्रधानमंत्री पथ से होते हुए सरहस ताल तक, अचोडीह नहर से रजवार टोला तक, बरडीह रेलवे नदी पुल से बंकी नदी पुल तक सहित 105 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण होना है।

उन्होंने कहा कि जो लोग जेसीबी और कुदाल लेकर जगह-जगह मिट्टी डलवाते चल रहे हैं। वैसे लोगों को हम आगाह करते हैं कि आने वाले दिनों में आपको कुदाल लेकर घूमने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आने वाले छह महीना में सभी सड़कों को दुरूस्त कर दिया जाएगा। उसके लिए सरकारी स्तर पर कार्य चल रहे हैं। कई सड़कों का निर्माण कार्य भी चल रहा है और आने वाले दिनों में अन्य कई सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, मझिआंव विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी सहित आदि लोग शामिल थे।

### दुर्घटना में पत्रकार और उनकी पत्नी घायल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार रामरंजन सिन्हा व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना गुरुवार ढाई बजे की है। घायल रामरंजन सिन्हा ने बताया कि मैं अपनी बाइक से अपनी पत्नी को इलाज के लिए कांडी ले जा रहा था। इसी दौरान पतीला गांव निवासी स्व. सुनेश्वर शर्मा का पुत्र गंगा दयाल शर्मा अपनी मोपेड से पीछे से धक्का मार दिया। इससे दोनों घायल हो गए। रामरंजन सिन्हा को दोनों हाथ, मस्तिष्क, छाती, पैर व उनकी पत्नी को पैर, सिर, चेहरे सहित शरीर के विभिन्न जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। पत्रकार की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। कांडी एसआई प्रबल कुमार महतो ने घायल पत्रकार व उनकी पत्नी को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया।

## दो वारंटी गिरफ्तार



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पेशरार पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। जानकारी के अनुसार दो गैर जमानतीय वारंटी जीआर-568/18 धारा- 341/323/504/506 भादवि के अभियुक्त केश्वर उराव पिता बलकु उराव साकिन ओनेगढ़ा, खूंटी टोली और सी 221/2020 धारा 26/41/63 भारतीय वन अधिनियम के अभियुक्त किशुन नागेशिया पिता चरण नागेशिया साकिन केकरांग दोनों थाना पेशरार जिला लोहरदगा के घर पर छापामारी कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। मौके पर पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली व थाना बल मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव। वहीं समिति कि ओर से मटका फोड कार्यक्रम किया गया। साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

### भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस जनों ने निकाली पदयात्रा, बंधू तिर्की ने कहा,

# देश का सामाजिक ताना-बाना खत्म करने पर आमादा है भाजपा और संघ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा का शुभारंभ किया गया, जो कचहरी मोड़ स्थित बिरसा मुंडा के प्रतिमा के समक्ष समाप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए। पदयात्रा के क्रम में डॉ राजेंद्र प्रसाद, सुभाष चंद्र बोस और भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर कांग्रेसियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। पदयात्रा में कांग्रेसियों द्वारा भारत जोड़ो नफरत छोड़ो के जोरदार नारे लगाये गये। अंत में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा के समक्ष सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बंधु तिर्की ने कहा कि विगत वर्ष 7 सितंबर 2022 को राहुल गांधी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग चार हजार किलोमीटर भारत जोड़ो पदयात्रा 12 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश से होकर गुजरा था। राहुल गांधी देश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आम जनता से सीधा संवाद भी किए थे। केंद्र की मोदी सरकार का विगत 9 साल का कार्यकाल से जनता परेशान है। महंगाई और बेरोजगारी विकराल रूप ले लिया है। भाजपा और आरएसएस जैसे संगठन देश के सामाजिक ताना-बाना को खत्म करने पर आमादा है। लोकतंत्र पर प्रहार किया जा रहा है और संविधान के साथ छेड़छाड़ किये जा रहे हैं। ऐसे में देश की राष्ट्रीय एकता खतरे में पड़ गयी है। सभा को जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव और प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एनएसयूआई सेवादल अल्पसंख्यक कांग्रेस ओबीसी कांग्रेस और एसटी कांग्रेस के काफी संख्या में कार्यकर्ता भाग लिए। जिसमें प्रदेश सचिव जगदीप भगत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस और श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

### 70 से ज्यादा छोटे छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण का स्वांग रचाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस और श्री कृष्णा जन्म उत्सव का कार्यक्रम बड़ा तालाब शिव मंदिर के प्रांगण में मनाया गया। जिसमें हजारों कृष्ण भक्त, नन्हे मुन्ने बाल गोपाल और माताएं, बहने शामिल हुई। यह कार्यक्रम बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार के नेतृत्व में किया गया। सर्वप्रथम महाआरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का उद्देश्य के बारे में बारीकी से बतलाया गया कि आज विश्व हिंदू परिषद लगभग 60 देश में यह संगठन विश्व हिंदू परिषद चल रहा है। साथ ही साथ युवा इकाई के लिए बजरंग दल हमेशा किसी भी परिस्थिति में खड़ा रहती है। किसी भी तरह के आपदा हो उसमें यह अहम भूमिका निभाती है आए दिन जिस तरह से लव जिहाद गौ हत्याएं भूमि विवाद जैसी अनेकों घटनाएं हमारे समाज और हमारे देश में हो रही है इसमें बजरंग दल तात्पर्य खड़ी रहती हैं। इस हिंदू संगठन का गठन वर्ष 1964 को हुई और यह संगठन आज पूरे विश्व में कम कर रही है। विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कृष्ण जन्माष्टमी काफी आयोजन किया गया। जिसमें 70 बच्चे राधा कृष्ण के रूप में उपस्थित हुए सभी बच्चे एक से बढ़कर एक राधा और कृष्णा के रूप में अपना प्रदर्शन किया और सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक राजेंद्र खत्री और विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परावर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्य समिति सदस्य लाल ओंकार नाथ शहदेव, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतीश जयसवाल, एकल अभियान अध्यक्ष नवल अग्रवाल, अशोक कांस्यकार और अनेंको कृष्ण भक्त उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस मनाया गया



**लोहरदगा।** विश्व स्तर पर वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यों को बढ़ावा देने और कार्रवाई को तेज करने के लिए इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज (नीले आसमान लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस) मनाया गया। इस मौके पर आज गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो की अध्यक्षता में सदर अस्पताल की ओर से लोहरदगा जिला में टुगेदर फॉर क्लीन रैली का आयोजन सदर अस्पताल से पावरगंज चौक और वापस पावरगंज चौक से सदर अस्पताल तक किया गया। रैली के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागर में कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि वायु प्रदूषण के असुरक्षित स्तर के संपर्क में आने वाले गर्भवती धात्री माताओं और बच्चों को जीवन भर स्वास्थ्य समस्यायों का सामना करना पड़ सकता है। वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव जैसे दिल की बीमारी, फेफड़े का कैंसर, दमा, स्ट्रोक, आंखो और गले में जलन इत्यादि के बारे में बताया गया। इस मौके पर सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक और कर्मीगण उपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार लातेहार के प्रखंड सह अंचल कार्यालय लातेहार के सभागार में नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रथम चरण में हेठपोचरा,परसही, और सासंग पंचायात के वार्ड के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कुल 44 वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान वार्ड सदस्यों को पंचायत के विकास में भूमिका और उतरदायित्व, स्थाई समिति, कार्यकारिणी बैठक, ग्राम सभा इत्यादि ग्रुप पर विशेष रूप से चर्चा कर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव और पंचायत शाखा के डीपीएम मानस मंडल ने शिरकत की और प्रशिक्षण ले रहे वार्ड सदस्यों को गांव के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यों में दक्षता लाती है। आप सभी प्रशिक्षण में सीखी गयी बातों का अपने कार्य क्षेत्र में उतरे एवं गांव के विकास में आम भूमिका निभायें। प्रशिक्षण में डीपीएम मानस मंडल के द्वारा वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्य और वार्ड के विकास में उनकी भूमिका संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर विनीता कुमारी के द्वारा दिया गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक सुमन कुमारी, रिसोर्स पर्सन पवन, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा सभी वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने कहा कि प्रशिक्षण से वार्ड सदस्यों में दक्षता आयेगी और ग्रामीण जनता के बीच जा कर कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी।

## कैरो में 22 सितंबर को मनाया जायेगा करम पर्व

**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत मुख्यालय स्थित सरना मंच कैरो में 07 सितंबर गुरुवार को बीरेंद्र उरांव की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 सितंबर को करम पूर्व संध्या समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बुधवा उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही गयी। जिसमें अमरेंद्र पन्ना को अध्यक्ष, विकास उरांव को सचिव, चंद्रदेव उरांव को सह सचिव, मोहन उरांव को उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि संरक्षक के रूप में बुधवा उरांव, श्रीराम उरांव, देवा उरांव, परमेश्वर उरांव आदि को रखा गया है। बैठक में मुखिया बीरेंद्र महली, देवा उरांव, जगबंधन उरांव, बाबूलाल उरांव, विकास उरांव, चंद्रदेव उरांव, नारायण उरांव, आशीष भगत, अंगनु उरांव आदि मौजूद थे।

# एसपी ने किया व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण, सुरक्षा को लेकर दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राज्य की अदालतों के अधिवक्ताओं और जजों की आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के एसपी को कई दिशा निर्देश दिए हैं। जिसके बाद लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने व्यवहार न्यायालय परिसर, जज और उनके आवासीय कॉलोनियों का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा को देखते हुए कई दिशा निर्देश भी दिये। जिले के कोर्ट परिसर में अब सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। साथ ही पदाधिकारी और सुरक्षा बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किया जायेगा। जिससे अधिवक्ताओ और जजों के साथ व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार का सेंधमारी न हो सके। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोर्ट परिसर में चारदीवारी, गेट, फेन्सिंग वायर और सीसीटीवी कैमरा लगाने और अन्य व्यवस्था मजबूत करने का लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने निर्देश दिया है। जल्द ही लोहरदगा कोर्ट परिसर में सुरक्षा के सारे उपकरण लगाये जायेंगे। लोहरदगा एसपी अपने स्तर से लगातार स्थिति का भी मॉनिटरिंग करेंगे।

## रसोइया संघ ने 11 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम को लेकर दिया ज्ञापन

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ प्रखंड कमिटी के जिला सचिव रीना देवी ने अपनी रसोइया बहनों कि बकाये मजदूरी सहित अन्य मांगों के सवाल को लेकर 11 सितंबर को बरवाडीह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष होने वाला धारणा प्रदर्शन कार्यक्रम से संबंधित ज्ञापन शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया है। जिसमें पिछले कई महीनों से रसोइया बहनों का बकाया मानदेय भुगतान समेतअन्य कई मांगे शामिल है। संघ के जिला सचिव रीना देवी ने कहा कि एक तो कई माह का मानदेय बकाया है। वहीं मानदेय भी मनमानी तरीका से मिलता हैं। आज जहां उन्हें सरकार के द्वारा उन्हें मात्र 2000 रुपये महीना पर 8 से 9 घंटे प्रतिदिन काम लिया जाता हैं। जो न्यूनतम मजदूरी से भी वंचित कर प्रति दिवस 70 से ही संतोष करना पड़ता हैं। पेंशन और बीमा जैसा कोई सुविधा उन्हें नहीं मिलता हैं। श्रीमती रीना देवी ने कहा उस दिन अपने मांग के समर्थन में सैकड़ों रसोइया बहाने धारणा प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## योगी सेना और हिंदू संगठन ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि का पुतला फूंका



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधी स्टालिन के हिन्दू विरोधी बयान को लेकर बरवा टोली चौक में योगी सेना के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया और उदयनीधी स्टालिन का पुतला फूंका गया। जिसमें योगी सेना के सदस्यों ने स्टालिन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार को चेतावनी दी की ऐसे ऐसे नेताओं के उपर कड़ी से कड़ी कारवाई की जाये और ऐसे नेताओं को गिरफ्तार किया जाये। पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन योगी सेना के सोशल मीडिया प्रभारी यशस्वी ओझा के नेतृत्व में हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष प्रवीन ठाकुर, नगर अध्यक्ष प्रियांशु कुमार, बरवा टोली मंदिर के अध्यक्ष रमेश कुमार, श्रेयांश सिद्धार्थ, तुषार कुमार, दीपक साहू, आर्यमान किशू, सतीश कुमार, विशाल गुप्ता, पीयूष सहित सैकड़ों लोग शमिल थे।

## कोचिंग जा रहे छात्रों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा राजू मिल के समीप टीवीएस चैंप अनियंत्रित हो सड़क के किनारे बिजली पोल के बगल में जा गिरा जिससे तीनो छात्रों को हल्की और अंदरूनी चोटें आयी है। वहीं घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने तीनों घायल छात्रों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। घायल छात्रों की पहचान जोगना मोड़ निवासी मनोज साहू के पुत्र हर्ष कुमार, जीतू उराँव के पुत्र अनीस उराँव तथा गया साहू के पुत्र प्रवीण साहू के रूप में किया गया।

## मुहर्रम पर्व के चालीसवें का ताजिया जुलूस निकाला



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार दोपहर बाद मुहर्रम की चालीसवां (चेहलूम) के मौके पर ताजिया जुलूस निकाला गया। चालीसवां जुलूस गुलजारबाग, ठुठकुसूम, गढवाताड समेत और मुस्लिम बाहुल क्षेत्र से मुस्लिम धमार्लंबियों के साथ निकाला गया। जो अपनी-अपनी चौक से निकाल कर मुख्य बाजार होते हुए प्रखंड के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर अंबेडकर चौक पहुंचा। चालीसवां के अवसर पर निकाल गये ताजिया जुलूस में नौजवान कमेटी का ताजिया आकर्षक बनाया गया था। इसके बाद अंबेडकर चौक में विभिन्न कमेटी के सदस्यों द्वारा लाठी डंडा का कर्तव्य दिखाया गया। कार्यक्रम में हसन हुसैन को याद करते हुए उनके शहादत में नारा भी लगाया गया। ताजिया जुलूस भ्रमण और मिलन के बाद पुन वापास हो गया। कार्यक्रम में अशफाक अहमद मुन्ना मुस्ताक अहमद खान एनुअल सिदिकी, शौकत खलीफा साबिर अहमद मुमताज अहमद समेत कमेटी के कई सदस्य समिति काफी संख्या में मुस्लिम धर्मवीर शामिल थे धर्म और लंबी और शामिल थे।

### डिवाइन स्पार्क स्कूल में राधा कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों ने कृष्ण और राधा का स्वांग रचाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल लोहरदगा के प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधा-कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कृष्ण की जयकारी से विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रारम्भ किया। जयकारा से विद्यालय का प्रांगण भक्तिमय हो गया। प्रधानाचार्य ने कृष्ण की तीनों माता के विषय में अर्थात रोहिणी' देवकी और यशोदा के बारे में बताया। वहीं संचालक बी के बालान्जिनप्पा ने बच्चो को संबोधित करते हुए मां और बच्चे अर्थात यशोदा और कृष्ण के बारे में बताये। कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चो ने कृष्ण और राधा का स्वांग रचकर आये थे। उनको देखने से ऐसा प्रतित हो रहा था मानो साक्षात कृष्ण - राधा इस धरती पर उतर आये हैं। सभी बच्चों ने अपने को बहुत अच्छे तरीके से श्री कृष्ण का स्वांग रचाया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय के सामी बालान्जिनप्पा, चंद्रशेखर प्रसाद , निकेत, मनीषा, रीतिका, महविश, नीदा, साक्षी समेत अन्य शिक्षक और शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम को मिलकर सफल बनाने में सहयोग किया।

# भाजपा देश तोड़ने का काम कर रही है : केएन त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार कांग्रेस पार्टी का आज ही के दिन से पद यात्रा की शुरूआत भारत जोड़ो यात्रा की गयी थी। यह यात्रा कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक किया था। जिसकी शुरूआत आज ही के दिन की गयी थी। इस पदयात्रा के आज 1 वर्ष पूरा होने पर लातेहार में कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक पैदल मार्च किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मुनेश्वर उरांव ने किया वहीं यह मार्च लातेहार के सर्किट हाउस से शुरूआत करते हुए लातेहार के थाना चौक तक समाप्त किया गया और इसी बीच कार्यक्रम प्रभारी झारखंड पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा पूरे देश में नफरत फैल चुकी है और हमारी कांग्रेस पार्टी पूरे देश को एक सूत्र में बांधकर रखना चाहती है। जिसे भाजपा लगातार तोड़ने का कोशिश कर रही है। जिसे हम सभी कांग्रेस के के लोग नहीं होने देंगे। लातेहार प्रभारी विजय चौबे ने कहा कि आज देश भाजपा के कथनी और करनी को जान चुकी है। इस अवसर पर लातेहार प्रखंड अध्यक्ष शंभू यादव मनिका प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात बरियातू प्रखंड अध्यक्ष रेगन प्रसाद अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सलाम अंसारी प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# मुहर्रम बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है : मोजम्मिल अहमद

**अस्त्र शस्त्र का इनामी मुकाबला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, बीस गांव की टीम लिया हिस्सा।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को नवाडीह मुख्य पथ पर स्थित मोहर्रम मेला टांड़ मैदान में चेहल्लुम कमेटी नूरी नवाडीह के जानिब से चेहल्लुम मोहर्रम के मौके पर अस्त्र शस्त्र का इनामी मुकाबला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, समाजसेवी मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू मुखिया जतरू उरांव, मुखिया मीना कुमारी, कमेटी के सरपरस्त कुदुस अंसारी एवं सदर रौनक इकबाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुहर्रम बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। वहीं अस्त्र शस्त्र का इनामी मुकाबला प्रतियोगिता में करीब 20 गांव से पहुंचकर खिलाड़ियों ने भाग लिया और लाठी, डंडा व तलवारबाजी कर अपने-अपने कला का बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम स्थान में करबला चौक उदारंगी, हसनैन ग्रुट कुर्से, मस्जिद चौक सुरसा गुमला, आकाशी, मिल्लत नगर सुकुरहुटू चान्हों रांची की टीम रहा। जबकि द्वितीय स्थान में तिगरा, मिल्लत नगर मराडीह, ऊपर तिगरा, लोहरदगा, चांदनी चौक आकाशी हासिल किया। वहीं तृतीय स्थान पर रही क्रमशः बेटहट, अल्फतह नूरी नवाडीह, कसियाडीह, होंदगा के आलावे सभी खिलाड़ियों को नकद व तलवार पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इधर प्रोग्राम का संचालन हुसैन अंसारी के द्वारा किया गया। मौके पर एएसआई अविनाश कुमार सिंह, नवाडीह मुखिया मीना कुमारी, परहेपाट मुखिया जतरू उरांव, जहूर अंसारी, शमसुल सहित कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## लवकुश जयंती समारोह में कुडू के पांच गांव के लोग होंगे शामिल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड के जिमा गांव में राजकिशोर महतो गोपाल महतो की अध्यक्षता में लव कुश जयंती धूमधाम से मानने को लेकर के बैठक रखी गयी। जिसमें सर्वसमति से निर्णय लिया गया कि लवकुश जयंती में कुडू प्रखंड से 5 गांव से लोग शामिल होंगे। जिसमें जिमा, नान तिलो, बारीडीह, कॉलसिमरी, लवागाई आदि शामिल हैं। रविवार को लव कुश जयंती शोभा यात्रा में शामिल होने लोहरदगा आयेंगे। जिला सचिव नंदलाल महतो ने कहा समाज को चलाने के लिए निस्वार्थ भावना से आगे आना चाहिए। हम लोग समाज को जोड़ने के काम करते हैं। मौके पर महामंत्री ओम महतो, राजेश महतो संरक्षक, मीडिया प्रभारी विक्की महतो, प्रभारी संतोष, कपिंद्र महतो, तपेश्वर, सुधांशु, मंटू, कृष्णा, उदित, बिजेंदर आदि मौजूद थे।

## कुडू में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया



कुडू (आजाद सिपाही)। कुडू के समीप सुंदरवर्ती ग्राम गोली में हर वर्ष की भांति इस इस वर्ष भी जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया था। यहां जन्माष्टमी में रात को भजन कीर्तन तथा दिन में मटका फोड़ का आयोजन किया जाता है। इस मटका फोड़ का आयोजन में आसपास के सभी गांव ने भाग लिया जिसमें गोली, कुंडों, जामुन टोली, कुडू, धोबी टोला आदि गांव भाग लिया था। इस आयोजन में 12 से 15 वर्ष के बच्चों को मौका दिया गया था। जिसमें ग्राम कुंडो के प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता को जीत लिया। जिसे राशि तथा अन्य चीजों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उदय यादव, लोकेश पाठक, डब्लू, रामप्रवेश पहन, विकास, नरेश, प्रेम, अरविंद, संदीप तथा सभी ग्रामीण वासियों का योगदान सराहनीय रहा।

# गुमला शहर में कृष्ण भक्ति के सागर में डुबकी लगाते रहे भक्त




**रौनियार धर्मशाला में रात्रि जागरण का हुआ आयोजन**

**श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहर में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। रौनियार धर्मशाला में भव्य रूप से रात्रि जागरण के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मना। इसके अलावा लोहरदगा रोड स्थित श्रीगोपाल मंदिर, डूमरडीह सहित अन्य जगहों पर भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रात्रि जागरण और भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

भक्तिमय गीतों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और गाते नजर आए। रौनियार धर्मशाला में बाहर से आए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन और झांकी का मंचन किया गया। रात 12:00 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही पूरा माहौल बाल गोपाल के जयकारे से गूंज उठा। भव्य आरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

गोपाल मंदिर में भी रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु झूमते नजर आए। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस नजर आया। विभिन्न मंदिर परिसर सहित चौक चौराहे पर पुलिस जवानों के तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी विनोद कुमार देर रात तक घूम घूमकर विधि व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण से परिवार सहित क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की।

## पालकोट प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे धूमधाम से मनायी गयी



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे धूमधाम से मनायी गयी। पालकोट के कंसारी मोहला चौभुजी मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया था। बुधवार को हरि कीर्तन में शामिल होने व माथा टेकने सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा व उनकी धर्म पत्नी पाकरडार जिप सदस्य जोशिमा खाखा पहुंचे। वहीं रात में दही-मटकी हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में कई बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि राम अवध साहू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार गुड्डू, अध्यक्ष मनमोहन कंसारी, सचिव राधेश्याम कंसारी, राजकिशोर कंसारी, कुमुद बिहारी षाड़ंगी, विनोद कंसारी, नंद कुमार गुप्ता, युधिष्ठिर कंसारी, रौनित साहू, राधेश्याम प्रसाद केशरी, दिलीप साहू, रिपू केशरी, पिंटू केशरी, श्रवण कंसारी आदि लोगों द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। श्री कृष्ण महा जन्माष्टमी महोत्सव पर चौभुजी मंदिर में चल रहे अखंड हरि कीर्तन के दौरान श्री कृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि भव्य एवं आकर्षक भगवान श्री राधा-कृष्ण की झांकियां निकाली गयीं। मौके पर सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ी। श्री कृष्ण जन्मास्टमी के आखरी दिन प्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे गांव के लोगों के सहयोग से भंडारा लगाया गया।

## सीएफटीयूआइ की त्रिजिला स्तरीय बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर की गयी चर्चा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूर संघ सीएफटीयूआई की त्रिजिला स्तरीय बैठक गुमला कार्यालय में हुई। जिसमें लोहरदगा, गुमला और खूंटी जिला के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। शांति नगर गुमला स्थित मजदूर संघ के कार्यालय में मजदूरों के हित में लिए जा रहे कार्यों की समीक्षा और मजदूरों की समस्या व समाधान को लेकर गहन चिंतन किया गया। जिसमें खूंटी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मांझी, सचिव मंदसौर आलम, महासचिव अजीत राय, प्रखंड अध्यक्ष निकोडिंग हेमरोम और लोहरदगा जिला अध्यक्ष नंदलाल महतो, उपाध्यक्ष सुकरू राम गुमला जिला अध्यक्ष, लोहरदगा प्रभारी रजक बक्स, महिला विंग की प्रदेश सचिव शाह, जिला विंग की जिला अध्यक्ष सुनीता कुमारी, सिमडेगा महिला विंग की लक्ष्मी देवी और जिला समिति सदस्य अमित लाल लकड़ा, मोहम्मद जावेद बख्श, गुड्डू आलम, मोहम्मद जावेद, रामू खड़िया, जगदेव पहन, मनी देवी, लालो पहान, सहित रायडीह प्रखंड अध्यक्ष, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष को पूर्ण रूप से सदस्यता ग्रहण कराया गया। सीएफटीयूआई के महिला सदस्यों की विशेष बैठक भी हुई। जिसमें महिलाओं, मजदूरों, किसान और दबे-कुचले लोगों पर होने वाली समस्याओं पर चर्चा हुई। जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि किसी भी गरीब का अगर शोषण हुआ तो इसको मजदूर संघ बर्दाश्त नहीं करेगा।

**प्रदर्शन :** कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्रा की मौत पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

# शव के साथ सड़क जाम, वार्डन पर लगाया लापरवाही का आरोप

**वार्डन को बर्खास्त करने के सीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया**

**जाम के कारण घंटों सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** जारी प्रखंड के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की नवीं क्लास की छात्रा जरडा मरियम टोली निवासी करिश्मा कुमारी, पिता फुदन नायक की मौत पर ग्रामीणों ने चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को घंटों जाम रखा। जिसके चलते सड़क की दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार करिश्मा कुमारी कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की नौवीं क्लास की छात्रा थी, जो पिछले आठ दिनों से बीमार थी लेकिन स्कूल की वार्डन कमला कुमारी ने छात्रा के परिजनों को इसकी जानकारी नहीं दी। फिर स्कूल के गार्ड ने छात्रा के परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद बुधवार को परिजन स्कूल पहुंच कर छात्रा को घर ले आए। जिसके बाद गुरुवार को उसे इलाज के लिए ले जाने के क्रम में छात्रा की मौत हो गई। जिससे ग्रामीण उग्र हो गए और इसकी जानकारी जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक को दी। जिसके बाद वार्डन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए छात्रा के शव के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने चैनपुर बस स्टैंड पर पंहुच कर चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और वार्डन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। वहीं जाम की सूचना पाकर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने जामस्थल पर पंहुच लोगों से वार्ता की। जिस पर ग्रामीणों ने वार्डन कमला कुमारी को बर्खास्त करने एवं उनके उपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। सीओ गौतम कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि इस मामले को उपायुक्त के पास पंहुचा दिया गया है। बहुत जल्द ही वार्डन कमला कुमारी को बर्खास्त कर दिया जाएगा और पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी लाभ दिया जाएगा।

इधर सीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों के द्वारा सड़क से जाम हटा लिया गया। वहीं जामस्थल पर लोगों ने मृतक छात्रा के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए चंदा कर उन्हें सहायता पहुंचायी।

# गुमला नगर परिषद क्षेत्र में मिले डेंगू के दो मरीज

**मिशन बदलाव ने ब्लीचिंग पाउडर और स्प्रे छिड़काव की रखी मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मिशन बदलाव की सैयदा खातुन ने बताया कि गुमला में डेंगू का प्रकोप शुरू हो गया है। जिसकी वजह से पूरे गुमला नगरपरिषद के लोग परेशान है। उन्होने नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गुमला में मछड़ो से बचाव के लिये नगर परिषद ने कोई कदम नहीं उठाया है।प्रतिदिन लोग मछड़ो से परेशान है और गुमला में 2 से 3 डेंगू मरीज भी मिले है। उन्होने लोगों से अपील किया कि वह मछड़ों से बचने के सभी उपाय करें। उन्होने यह भी बताया कि जब कोई एडीज मच्छर डेंगू के किसी रोगी को काटता है तो वह उस रोगी का खून चूसता है। खून के साथ डेंगू वायरस भी मच्छर के शरीर मे प्रवेश कर जाता है। मच्छर के शरीर मे डेंगू वायरस का कुछ और दिनों तक विकास होता है । फिर वह किसी दुसरे व्यक्ति का खून जब चूसता है तो डेंगू का वह वायरस इस नए आदमी के शरीर तक पहुंचा देता है। इस तरह वह संक्रमित मच्छड़ जितने लोगों का खून चूसता है सभी संक्रमित हो जाते हैं। इसलिये नगरपरिषद के लोंगो से अपील किया है कि पानी को जमा नहीं होने दे एवं नगरपरिषद क्षेत्र को खुर्द साफ सफाई रखें तो मच्छड़ के प्रकोपों से बच सकते है। मौके पर मिशन बदलाव के जिला सचिव मो.तफारेज, मो. सोहेल,मो. इस्माइल, मो. असलम मो. एजाज, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारत जोड़ो यात्रा एक जन आंदोलन के रूप में उभरी है : आजाद

**भाजपा सरकार की कथित 'विभाजनकारी राजनिति' के खिलाफ देश को एकजुट करना भाजपा जोड़ो यात्रा का उद्देश्य**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर गुमला जिला युवा कांग्रेस ने सर्किट हाउस गुमला में प्रेस कांफ्रेंस किया। मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा भारत जोड़ो यात्रा का प्रमुख उद्देश्य देश में राजनीतिक निराशा दूर कर यह उम्मीद जगाना है कि मोदी सरकार का प्रभावी रूप से मुकाबला किया जाए तथा इसके साथ भाजपा सरकार की कथित 'विभाजनकारी राजनिति' के खिलाफ देश को एकजुट करना है।

भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल गांधी द्वारा 7 सितम्बर 2022 को इसकी नींव रखी गई थी जिसमें कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग 3570 कि.मी यात्रा तय की गयी और जिसमें कुल 12 राज्यों को कवर किया गया। जिसे 150 दिनों में पूर्ण किया गया। भारत जोड़ो यात्रा वर्तमान समय में एक ताजा विषय बन गयी और लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। कांग्रेस नेता के साथ-साथ लाखों लोग आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इस जन आंदोलन में शामिल हुए हैं। इस यात्रा में राहुल गांधी ने एक बहुत गहरी बात की भी चर्चा की है।

'नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोल रहा हूं'। अपने इस बात से वह देश की जनता का ध्यान भाजपा सरकार की उन गैर राजनीतिक मापदंडों जैसे सांप्रादयिक या फिर किसी जाति विशेष से हो इन सभी की ओर आकर्षित करना चाह रहे हैं। वर्तमान समय में बच्चे जो भारत देश के भविष्य हैं, उनको नफरत नहीं मोहब्बत सिखानी है, ना कि उनके अंदर भेदभाव का जहर घोलना है। भारत जोड़ो यात्रा एक यात्रा ही नहीं बल्कि एक जन आंदोलन के रूप में उभरी है, जो देश का भविष्य को बदलने की क्षमता रखती है।

मौके पर राजनील तिग्गा, अंजलिनता बाड़ा, सादाब आलम, जय सिंह, मंगलेश्वर बा, वारिश खान, अमित साहू, लोटेम केरकेट्टा, सादाब आलम नीलेश उरांव, अशोक तिग्गा, रोहित एक्का, नसीम ताज, अमन लकड़ा, सुमित तिर्की, मिनहाज अंसारी, अशोक तिग्गा, जीवन खलखो, फिरोज खान, राजेश कुल्लू, उदित टोप्पो, नसीम ताज, आलम अंसारी, नीके उरांव सहित कई युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तपस्विनी ट्रेन का पोकला में ठहराव शुरू, सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** वैश्विक महामारी कोविड के कारण पोकला स्टेशन में तपस्विनी एक्सप्रेस के ठहराव को बंद करने के पश्चात पुनः रेल मंत्रालय से अनुमोदन मिलने पर गुरुवार को लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, सिसई विधायक जिगा सुसारन होरो, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, पूर्व विस अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव एवं रेलवे के अधिकारी डीआरएम जेएस बिंद्रा ने संयुक्त रूप से तपस्विनी ट्रेन के ठहराव के शुभारंभ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह रेल रोको संघर्ष समिति के रोशन बरवा, सुशील होता, बड़ाईक तारकेश्वर सिंह, मुखिया अमृता देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## घायल युवक के शरीर में नहीं मिली गोली, जांच में जुटी पुलिस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के पालकोट रोड श्मशान घाट निवासी 24 वर्षीय संदीप कुजूर को खड़ियापाड़ा में मंगलवार की रात्रि 10:30 बजे अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद उसे परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने उपचार कर उसे रिम्स रेफर कर दिया था। घटना की जानकारी गुमला पुलिस को मिलने के बाद एसआई कुंदन वर्मा रिम्स रांची जाकर घायल युवक के भाई से उसका बयान दर्ज किया। घायल के भाई पंकज कुजूर ने बताया कि मेरा भाई मंगलवार की रात्रि 10:30 बजे खड़िया पाड़ा बगीचा के समीप पुलिया के पास कार में जा रहा था, तभी पेशाब करने कार से बाहर उतरा तभी गोली चली। इसके बाद घायल युवक अपनी बहन के घर बेहरा टोली चला गया। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि रिम्स में डॉक्टर ने बताया कि उसके शरीर में गोली नहीं मिली। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

**कार्यक्रम :** गुमला जिला कांग्रेस ने भारत जोड़ो पदयात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर निकाली पदयात्रा

# भाजपा की गलत नीतियों का खुल कर करेंगे विरोध : चैतू उरांव

**इस यात्रा ने जनता के सामने राहुल गांधी की छवि को बदल दिया : सुखदेव भगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो पदयात्रा की प्रथम वर्षगांठ मनायी। इस अवसर पर बिरसा एग्रो पार्क में कांग्रेसियों ने एक बैठक भी की। साथ ही भारत जोड़ो यात्रा के लिए पदयात्रा निकाली। नेतृत्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव कर रहे थे। चैतू उरांव ने कहा कि ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर हम अपने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श पूर्ण जीवन, सहर्ष, शौर्य, पराक्रम का आशीर्वाद प्राप्त करने आए हैं। जिन्होंने निस्वार्थ भाव से आदिवासी समाज के सशक्तिकरण के लिये काम कर समाज को एक नई दिशा दिखाई और अपने क्रांतिकारी सोच से अंग्रेजों के विरुद्ध मोर्चा भी संभाला।

कार्यक्रम प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि कई विशेषज्ञों का मानना है कि इस यात्रा ने जनता के सामने राहुल गांधी की छवि को बदल दिया। अपनी 4000 किलोमीटर की यात्रा में राहुल गांधी अपने समर्थकों के साथ-साथ विरोधियों का भी ध्यान खींचने में कामयाब रहे। भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने बताया कि यह राहुल गांधी के लिए 'मन की बात' जैसा भाषण अभ्यास नहीं बल्कि जनता की चिंता सुनने का अवसर था, जो अभी भी विभिन्न रूपों में जारी है। यह यात्रा भारतीय राजनीति में परिवर्तनकारी साबित हुई है। इस यात्रा ने बढ़ती आर्थिक असमानताओं, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और गहराते राजनीतिक अधिनायकवाद पर ध्यान केंद्रित किया। पदयात्रा का समापन इस साल 30 जनवरी को हुआ। इस दौरान राहुल गांधी ने 12 पब्लिक मीटिंग, 100 नुक्कड़ मीटिंग और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस किए। इसके अलावा राहुल गांधी ने छात्रों, ट्रक ड्राइवरों, किसानों और फार्म कार्मचारियों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने मणिपुर की यात्रा भी की। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा मानिकचंद साहू ने की।

मौके पर आशिक अंसारी, अकील रहमान, राजीव रंजन महतो, फिरोज आलम, आलोक साहू, हंदु भगत, भूषण सिंह, तरुण गोप, जासमीन लुगुन, बेली जी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, सेल, प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## अहीर सेना सिसई ने लकेया डुमरटोली में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** अहीर सेना सिसई के द्वारा लकेया डुमरटोली में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। अहीर समाज के सैकड़ों लोग इसके साक्षी बने। कार्यक्रम के दौरान नागपुरी कलाकार मनोज महतो, फूलमनी देवी, महावीर साहु, बिंदेश्वरी देवी, पवन गोप, राजेश गोप व दिलीप गोप के मनमोहक भक्ति गीत-संगीत का लोगों ने भरपुर लुत्फ उठाया। मंच संचालन लोहरमन गोप और मनोज गोप ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अहीर सेना के अनिल गोप, संतोष गोप, मनोज गोप, दिनेश गोप, नीरज अधिकारी, घनश्याम गोप, विद्यासागर भगत, धनीराम गोप, नारायण गोप, रविंद्र अधिकारी, लक्ष्मी यादव, अमन यादव, भूषण महतो, जनक गोप, विनय गोप, दिलमेश्वर यादव, राजकिशोर भगत, अमित यादव, कुलदीप यादव, रामेश्वर भगत व धनेश्वर गोप ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हापामुनी महामाया मंदिर परिसर में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गम्हरिया ग्राम स्थित हापामुनी महामाया मंदिर परिसर में बुधवार की देर रात कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मुखिया सह मंदिर विकास समिति के संरक्षक आदित्य भगत ने कहा कि श्री कृष्ण का अवतार धर्म की रक्षा और पृथ्वी पर शांति और प्रेम का विस्तार के लिए हुआ था। इसके पूर्व समिति ने प्रो. अवध मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत और उप मुखिया अजित मनी पाठक को शॉल भेंट किया गया। इसके साथ ही रात्रि में मंदिर परिसर में भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया था। साथ ही भागवत कथा और मध्य रात्रि तक कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कीर्तन मंडली द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अवध मनी पाठक ने कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर उपस्थित सभी भक्तों को बधाई दी। वहीं मनमोहन भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप मनी पाठक, निलेश मनी पाठक, शैलेश मनी पाठक, मुकेश मनी पाठक, मिथिलेश मनी पाठक, सुंदर साहू, रूपेश साहू, मुकुंद मनी पाठक, रूद्र पियूष मनी पाठक, गौरव पाठक, राजेश मणि पाठक, पंचायत समिति के सदस्य दिलीप उरांव कई अन्य भक्त शामिल थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की हिंदी शिक्षिका प्रिया कुमारी ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर उत्सव की शुरुआत की। छात्र देवनाथ लोहरा ने सुंदर कृष्ण भजन प्रस्तुत किया। भजनों के बाद चारों सदनों के बीच दही-मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे कम समय लेते हुए टैगोर सदन के 21 गोविंदाओं ने मात्र 32.48 सेकंड में दही-मटकी फोड़ कर विजेता का खिताब जीता। विजेता गोविंदाओं में पवन उरांव, देवनाथ लोहरा, राजू सिंह, तेम्बू उरांव, रामराई लागुरी, बादल उरांव, जंगलु असुर, दशरथ टाना भगत, सूरज पहान, प्रेम उरांव, अनिश होरो, कनु मुंडा, अमित उरांव, अंकित उरांव, सुशांत उरांव, गंगा उरांव, बिरसाय असुर, रितिक तिर्की, समीर तिर्की, रोहन उरांव तथा नितेश उरांव थे। प्रतियोगिता संपन्न होने पर सभी छात्रों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। विजेता गोविंदाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों, विशेष कर रोबिन लकड़ा तथा रघुवीर कुमार साहू का योगदान रहा।

## सांसद सुदर्शन भगत और विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने संयुक्त रूप से दो सड़कों का किया शिलान्यास



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो में गुरुवार को सांसद सुदर्शन भगत एवं विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने संयुक्त रूप से दो सड़कों का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत भरनो के गुलैचीटोली से अमलिया पीडब्ल्यूडी तक 10 किमी एवं दुम्बो स्कूल से पबेया बांधटोली तक 9 किमी सड़क गौरी कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनायी जायेगी। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि आज हमने दो सड़कों का शिलान्यास किया है। दोनों ही सड़कें अत्यंत ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने समय अवधि में दोनों ही सड़क को गुणवत्तापूर्ण काम करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दोनों सड़कों के बन जाने से ग्रामीणों को इससे काफी लाभ मिलेगा। वहीं मौके पर विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि नेशनल हाइवे से जुड़ी ये सड़क काफी महत्वपूर्ण है। रांची-गुमला जाने-आने के लिए ग्रामीणों को इसी सड़क में आना-जाना पड़ेगा। उक्त दोनों सड़कों के बन जाने से दर्जनों गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। मौके पर जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, प्रमुख पारसनाथ उरांव, सांसद प्रतिनिधि रामनन्दन शाही, थानेदार कृष्णा कुमार तिवारी, जॉनसन बाड़ा, प्रकाश उरांव, बबिता तिर्की, पंचू उरांव, सोबराती मियां, समसाद खान, जहांगीर आलम, बबलू अख्तर, बुद्धदेव उरांव, मुरारी केशरी, श्रीकांत केशरी, पवन भगत सहित भाजपा एवं जेएमएम के कार्यकर्ता, विभागीय अभियंता व ग्रामीण मौजूद थे।

# देश के शहीदों का अपमान बर्दाश्त नहीं: पांकी विधायक

**सदर एसडीओ के फरमान के विरोध में अनिश्चितकालीन तरहसी बंद आज से**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** सदर एसडीओ द्वारा शहिद मंगल पांडेय की मूर्ति स्थापना कार्य को रोका जाना शहीदों का अपमान है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। उन्होंने बताया कि तरहसी प्रखंड के बेदानी ग्राम में देश के प्रथम शहिद मंगल पांडेय की मूर्ति का अधिष्ठापन कार्य विधायक फंड की राशि से चल रहा था । अचानक मेदिनीनगर के एसडीओ राजेश शाह द्वारा तुगलकी फरमान जारी कर निर्देश दिया गया कि मूर्ति की स्थापना का कार्य को रोका जाए। इससे देश के शहीद का अपमान है। साथ ही अन्य शहीदों का भी अपमान है। विधायक ने कहा कि इसके खिलाफ में शुक्रवार से तरहसी प्रखंड में हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित होंगे और तरहसी प्रखंड को अनिश्चितकाल के लिए बंद रखेंगे। साथ ही एसडीओ के आवासीय कार्यालय का भी घेराव करेंगे और उनके गेट पर धरना देंगे। विधायक ने कहा की हम सरकार से ऐसे पदाधिकारी जिसके आदेश से एक शहीद का अपमान होता है उसे अविलंब बर्खास्त करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से शहीदों का अपमान करते रहेंगे तो हम देश भक्तों को जीने का कोई अधिकार नहीं है।इसे हम सभी देशभक्त भारत मां के संतान इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे ।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से आग्रह किया है कि हजारों की संख्या में तरहसी पहुंचकर एक अमर शहीद के अपमान के विरोध में बंद कार्यक्रम को सफल बनाएं। साथ ही तरहसी के सभी व्यवसाई बंधुओ से आग्रह है कि अपने प्रतिष्ठान को अमर शहिद को सम्मान मिलने तक बंद रखें और ऐसे पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एकजुटता का परिचय दें।

# चेहल्लुम पर हुसैनाबाद के शिया समुदाय ने निकाला मातमी जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मुहर्रम के चेहल्लुम पर गुरुवार को हुसैनाबाद के शिया समुदाय के लोगों ने मातमी जुलूस निकाला। मुख्य कार्यक्रम वक्फ वासला बेगम सदर इमामबारगाह से हुआ, जहां तकरीर के बाद शहीदों का ताबूत, अलम, सिप्र, दुलदुल निकाला गया। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंचा। यहां मौलाना सैय्यद सफी हैदर साहब लखनऊ ने बताया कि आज हम सब शहीदों को श्रद्धांजली देने को यहां जमा हुए हैं। तकरीर के बाद खूनी मातम किया गया। लोगों ने जंजीर, बलेड, कमा का मातम कर अपने शरीर से खून बहाया। सभी या अब्बास या हुसैन का नारा लगा रहे थे। बताते चलें कि हुसैनाबाद का चहल्लुम बहुत प्रसिद्ध है, जिस कारण काफी दूर-दूर से लोग शामिल होने आते हैं। कार्यक्रम में मुत्तवल्ली सैयद हसनैन जैदी, सैयद फिरोज हुसैन, सैयद तकी रिजवी, मिर्जा नेहाल, सैयद जक्की हुसैन रिजवी उर्फ सम्मु, सैयद प्यारे हुसैन, मिर्जा अमिन, सैयद गजंफर हुसैन, डॉक्टर सैयद नादिर रिजवी, सैयद इब्ने हसन आदि शांति व्यवस्था बनाने का काम किया। संचालन अरशद हुसैन उर्फ अर्शी ने किया। जुलूस में हुसैनाबाद के अलावा हैदरनगर, मोहमदगंज, झरगड़ा, मांडर, रोहतास आदि से भी लोग भी शामिल हुए। पहलाम के बाद लोगों ने सामूहिक रूप से देश की तरक्की और शांति की दुआ की।

**अपील :** जहां-तहां गंदगी न फैलायें व मवेशियों से पौधों को बचाने सहयोग करें

# शहर को स्वच्छ रखने में मदद करें: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता


सड़क किराने लगे पौथो को खाता मवेशी।

**मेदिनीनगर।** इन दिनों महात्मा गांधी मार्ग में लगे कंक्रीट डिवाइडर, हरे-भरे पौधे और सुंदर लाइटों की शहर में विशेष चर्चा है। रात को तो शहर की खूबसूरती डिवाइडर युक्त लाइट एवं पौधे से और भी बढ़ जाती है। वहीं आवागमन भी सुगम हो गया है, लेकिन शहर में घूम रहे लावारिस मवेशी प्रतिदिन डिवाइडर में लगे पौधों को खाता जा रहे हैं। आश्चर्य इस बात का है कि अगल-बगल के लोग मवेशियों को पौधे खाते देखते भी हैं लेकिन हटाते नहीं है। निगम भी इन लावारिस मवेशियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं कर रहा है। जबकि यह निगम का दायित्व है। इस संबंध में प्रथम महापौर अरुणा शंकर से बात करने पर उन्होंने बताया कि मेरी नीजि गाड़ी, चालक, तीन माली और दो इलेक्ट्रीशियन शहर को सजाने, संवारने एवं फूल पत्ती में पानी देने के लिए लगे है।तभी गर्मी के दिनों में भी हम चौक चौराहा और पार्क में लगे पौधों को हरा भरा बचा सके। लेकिन शहर वाले पौधों को बचाने में सहयोग नहीं करेंगे तो हमारे शहर की खूबसूरती जो इन दिनों चर्चा में है, रील्स बन रहे हैं।जल्द खत्म हो जाएगी। प्रथम महापौर ने कहा कि दुख तो तब होता है जब लोग रंगे हुए डिवाइडर पर पान खाकर थूकते हैं। मैं ऐसे लोगों से अनुरोध करूंगी कि यह शहर आपका ही है। इसे सजाने संवारने और स्वच्छ रखने में हमारी मदद करें, क्योंकि बिना आम लोगों की मदद व सहयोग के यह शहर स्वच्छ एवं खूबसूरत नहीं रह सकता।

# बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू)।** लेस्लीगंज बाजार से बाइक चोरी करने के आरोप में एक अप्राथमिकी अभियुक्त को लेस्लीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान तरहसी थाना क्षेत्र के कसमार गांव निवासी सौरभ कुमार (25) के रूप में हुई है।पुलिस ने उसे गुरुवार को न्यायिक विरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर चोरी हुई बाइक और कांड में प्रयोग की गई एक अन्य बाइक को भी बरामद कर लिय गया है। गौरतलब हो कि विगत 29 अगस्त को उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात निवासी रमेश सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सुभाष सिंह की बाइक लेस्लीगंज इलाके से चोरी हो गई थी।सुभाष किराए का मकान लेकर लेस्लीगंज के डबरा में रहता है। जो बाजार करने लेस्लीगंज गया था। सुभाष की लिखित शिकायत पर लेस्लीगंज थाना में बाइक चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था।इसके बाद लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर छापामारी के लिए एक टीम का गठन किया गया।गहन अनुसंधान एवं छापामारी के दौरान चोरी कांड का उद्भेदन पुलिस ने जल्द कर लिया।गुरुवार को थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि कांड मे संलिप्त अन्य अपराधी के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में पुअनी सह थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, विट्टू कुमार, सअनी अभय कुमार त्रिपाठी, आरक्षी रंजीत कुमार साह, सपु गोविंद यादव एवं अन्य सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अष्टभुजी साई मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत नावाडीह कला आरसीआईटी कॉलेज स्थित मां अष्टभुजी साईं मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्यालय के प्राचार्या नूतन रानी में संयुक्त रूप से किया। बच्चों ने एक से बढ़ कर एक गीत, नृत्य झांकी व नाटक प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं विजयी प्रतिभागियों के बीच अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

# जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्षय में गुरुवार को कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़ी ही उत्सुकता दिखाई। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर प्री प्राइमरी के छात्र-छात्राओं ने कृष्ण और राधा के परिधान में कृष्ण लीला की। झांकियों में सत्य की असत्य, अच्छाई की बुराई पर जीत का मंचन किया गया। वहीं, प्रधानाचार्य मनुज शर्मा ने कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह से श्री कृष्ण ने विपरित परिस्थितियों में भी अपना धैर्य बनाए रखा एवं सदैव सकारात्मकता से जीवन का मार्ग प्रशस्त किया, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में साधारण बने रहना चाहिए और ज्ञान अर्जित करते रहना चाहिए। इस मौके पर प्री प्राइमरी से शशिरंजन-नंद बाबा, रीवा- यशोदा मैया का परिधान धारण किए। युवराज, हर्ष सिंह, आयांश, रितेश, ऋषभ, सत्यम, समन्यु आदि ने श्री कृष्ण का स्वांग रचा। सानवी, वेदिका, अनायरा, निवेदिता, अि श्रेया, मिश्का, राधिका, अतिफा, अनन्या आदि ने राधा का रूप धारण किया। शिक्षक दीपक, रूपेश रंजन, अविनाश और शिक्षिका रंजना, स्वेतलीना अमृता, अनिता ने कार्यक्रम को अपनी मेहनत से बेहतर बनाया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

# दिवंगत भाजपा नेता के ब्रह्मभोज में शामिल हुए सांसद सहित कई दिग्गज



**विपश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** पलामू जिला के दिवंगत वरीय भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के केतात पैतृक गांव में गुरुवार को ब्रह्मभोज संपन्न हुआ। जिसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम सहित कई दिग्गज नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने स्व ललन चौबे के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद महाभंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। ब्रह्मभोज में शामिल होने वालों में कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्यासी अमृत शुक्ला, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, धर्मदेव सिंह यादव, अजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पंकज तिवारी, ईश्वरी पांडेय, कुश कुमार ओझा, विजय ओझा, उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, सुनील पांडेय, अरविंद पांडेय, दिलीप चौबे, अखिलेश चौबे, संजय चौबे, श्यामलाल शुक्ला, उदय कांत दूबे, भूषण बिहारी चौबे, सुरेश पांडेय आदि मौजूद थे।

# नप मुख्यालय के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूम धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का झूला भी लगाया गया था। इस विशेष पूजा अर्चना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्रामपुर राजपरिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। राजा रंजित राय, रानी रागनी सिंह और युवराज शशांक राय ने बतौर जजमान खुद पूजा अर्चना किया। राजपुरोहित पंडित अच्युतानंद पांडेय ने पूजा संपन्न कराया। बताते चलें कि हर वर्ष जन्माष्टमी पूजा का आयोजन राजपरिवार ही करता है। पंचमुखी मंदिर का देख रेख और रख रखाव भी राजपरिवार के द्वारा ही किया जाता है। राजा रंजित राय ने कहा कि भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है। रानी रागनी सिंह ने कहा कि भगवान कृष्ण का उपदेश हम सब को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। मौके थाना प्रभारी शशि रंजन, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, राहुल सिंह आदि मौजूद थे।

# रेहला योगिबिर बाबा देव स्थल पर भव्य भक्ति जागरण व झांकी का आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन मौके पर गुरुवार को रेहला योगिबिर बाबा देव स्थल पर भव्य भक्ति जागरण व झांकी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व एसएस सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर चंद्रवंशी व संचालन राजीव रंजन ठाकुर व सचिव ज्वाला गुप्ता ने बारी-बारी से किया। इस दौरान बनारस की सुप्रसिद्ध गायिका नंदनी स्वराज व इलाहाबाद की लोकप्रिय गायिका जुली सिंह ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत व भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। साथ ही कोलकाता के प्रसिद्ध झांकी बंटी एंड ग्रुप द्वारा सुंदर व दिव्य प्रस्तुति दी गयी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, भाजपा नेता डॉ बीपी शुक्ला, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल सिंह, संत पॉल कान्वेंट स्कूल वे निदेशक एसएम एस्ले, पिंटू केशरी आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



क्रिकेटर एमएस धोनी यूएस ओपन टेनिस का मैच देखते नजर आए। वे कार्लोस अल्कारेज के पीछे नजर आये।



### अल्कारेड के पीछे बैठे नजर आए, क्वार्टर फाइनल में ज्वेरेन से जीते कार्लोस

# कार्लोस अल्कारेज का मैच देखने यूएस पहुंचे एमएस धोनी,सादगी ने जीता दिल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी यूएस ओपन टेनिस का मैच देखते नजर आए। उन्होंने मेंस सिंगल्स में कार्लोस अल्कारेज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला देखा। धोनी अल्कारेज के पीछे अपने दो दोस्तों के साथ बैठे नजर आए। अल्कारेज ने मुकाबले को सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 6-4 के अंतर से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में उनका सामना नौ सितंबर को डेनियल मेदवेदेव से होगा। यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में 22 अगस्त से 10 सितंबर तक खेला जा रहा है। मेंस सिंगल्स में अल्कारेज और ज्वेरेव का मुकाबला गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे (भारतीय समयानुसार) के बाद खेला गया। यहां अल्कारेज के पीछे एमएस धोनी अपने कुछ दोस्तों के साथ बैठे नजर आए। सोशल मीडिया पर धोनी का वीडियो भी शेयर हुआ है।वीडियो में धोनी कुछ लोगों से बात करते-करते हंसते नजर आए।

### कुछ दिनों से अमेरिका में हैं धोनी

31 अगस्त को एक महिला फैन के साथ धोनी की तस्वीर सामने आई थी। इसके बाद छह सितंबर को धोनी दो फैंस के साथ नजर आए। दोनों ही बार धोनी अमेरिका में थे। अब गुरुवार को धोनी न्यूयॉर्क में यूएस ओपन टेनिस का मैच देखने पहुंचे। यानी वह इतने दिनों से अमेरिका में ही हैं। बतातें चलें कि एमएस धोने ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब वह सिर्फ आइपीएल खेलते हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को 2023 के सीजन का खिताब भी जिताया था। आइपीएल अप्रैल से मई के दौरान दो महीनों तक जाता है। इसके अलावा धोनी किसी तरह के क्रिकेट में प्लेयर के रूप में इन्वॉल्व नहीं रहते। 42 साल के धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को कुल 5 आइपीएल ट्रॉफी दिलाई हैं। उन्होंने अब तक आइपीएल से संन्यास नहीं लिया है। वह 2024 के सीजन में भी टूर्नामेंट खेलते नजर आ सकते हैं।

# राजस्थान रॉयल्स ने यॉर्कशायर के लिए लगायी 260 करोड़ की बोली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) फ्रेंचाइजी इंग्लैंड की काउंटी टीम यॉर्कशायर को खरीद सकती है। आरआर फ्रेंचाइजी ने यॉर्कशायर को खरीदने के लिए 25 मिलियन यूरो (करीब 260 करोड़ रुपए) की बोली लगाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, क्लब इस डील को एक्सेप्ट करने पर विचार कर रहा है। उक्त पैसों से क्लब टीम पर लगे 15 मिलियन यूरो (155 करोड़ रुपए) का कर्ज चुकाएगा। बतातें चलें कि यॉर्कशायर क्लब इस वक्त कर्ज में डूबा हुआ है। क्लब के पूर्व चेयरमैन कोलिन ग्रेव्स ने 15 मिलियन यूरो का कर्ज ले रखा है। इसे ही चुकाने के लिए क्लब को बेचा जा रहा है। पिछले सप्ताह खबरें आ रही थीं कि फुटबॉल क्लब न्यूकासल के मालिक माइक एश्ले यॉर्कशायर को खरीद लेंगे। लेकिन अब राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने नई बोली लगाई है, जो बाकियों के मुकाबले बहुत ज्यादा है।

# भगवान श्रीकृष्ण ने गरीब सुदामा को गले लगाया और अत्याचारी मामा कंस का वध किया : बिट्टू

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** कोट खास स्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में बुधवार की रात श्रीकृष्ण पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोक गायको ने अपनी प्रस्तुति से सबको मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के अलावा जिप सदस्य आशा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। जहां पूजा कमेटी द्वारा सभी अतिथियों फूल माला एवं अंग वस्त्र लेकर सम्मानित किया गया।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिट्टू सिंह ने कहा कि जन्माष्टमी आपसी प्रेम, मित्रता की मर्यादा, धर्माचरण करने के साथ जुल्मी व अत्याचारियों का परित्याग करने का संदेश देती है। द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण ने गरीब सुदामा को गले लगाया और अत्याचारी अपने मामा कंश का विनाश कर दिया। उन्होंने कहा कि धरती पर जब-जब अत्याचार व दुराचार की पराकाष्ठा होगी तब-तब महामानव के रूप में भगवान का अवतार होगा। आयोजक मंडल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मैं सभी भरोसा पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

कार्यक्रम की शुरूआत लोकगायक गढवा से चल आए हुए सुरेन्द्र दीक्षित ने मंगलाचरण व गणेश वंदना से की। दूसरी ओर पलामू के झारखंडी राममुनी ब्यास द्वारा दुगोला मुकाबले में आपसी नोंक-झोंक से कार्यक्रम काफी रोचक बन गया। शास्त्रीय संगीत से लेकर राग भैरवी तक का आनन्द श्रोंताओं ने उठाया। व्यास सुरेंद्र दीक्षित ने अपने गीत निमियां ह मइया के घरवा दुवरवा हो... से खूब वाहवाही लूटी। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता सह कोट खास पंचायत के मुखिया पति राजन सिंह, पंसस मंगल किशोर पासवान, कांग्रेस पार्टी के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, बबलू सिंह, सुर्दशन सोनी, अशोक मिश्रा, अजित सिंह, राजू सिंह, पवन सोनी, मंटू तिवारी, मुंजीलाल, प्रेम गिरि, अंकु राय, ओमप्रकाश, राजू राम, गौतम सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर राम ने किया।

**शुभारंभ : शहीद शशिकांत की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद ली गयी पंच प्रण की शपथ, शहीद के घर से ली गयी मिट्टी**

# आमजन के भीतर राष्ट्रभक्ति पैदा करेगी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम: पीएन सिंह

## भाजपा का यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना : राज सिन्हा

## पूरे देश की जनता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है : रागिनी सिंह

**मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम की भाजपा जिला कमेटी ने की शुरुआत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला भाजपा महानगर कमेटी की ओर से गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसकी शुरूआत धनबाद के भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह द्वारा झरिया विधानसभा के जोड़ापोखर स्थित शहीद शशिकांत पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस असर पर पंच प्रण की शपथ भी ली गयी। इसके बाद सभी यहां से एक घड़ा लेकर शशिकांत पांडेय के घर तक पदयात्रा करते हुए पहुंचे, जहां शहीद के पिता राजेश्वर पांडेय और मां ललिता देवी ने उस घड़े में अपने घर के तुलसी के पौधे से एक चुटकी मिट्टी डाल दिया। इस दौरान सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि शहीद के घर से मिट्टी लेकर राष्ट्रस्तरीय इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। आगे जिले के सभी घरों से मिट्टी इकट्ठा की जाएगी और फिर इसे पहले प्रखंड, जिला, प्रदेश और फिर दिल्ली पहुंचाया जाएगा जहां पूरे देश की मिट्टी एक साथ जमा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों में राष्ट्रभक्ति को जगाने को लेकर भाजपा ने राष्ट्रस्तर पर इस प्रकार का कार्य कर बहुत बड़ा काम किया है। जबतक देशभक्ति नहीं रहेगी तब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत को विश्व का सबसे शक्तिशाली देश बनाने का संकल्प पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 17 सितबंर से दो अक्टूबर तक आयोजित की जाने वाले सेवा पखवाड़ा के दौरान किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। वहीं, धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पूरे देश से मिट्टी इकट्ठा कर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर जमा किया जाएगा। वहां इन मीट्टियों को मिलाकर पेड़ लगाया जाएगा। इसी प्रकार से अमृत वाटिका का निर्माण होगा। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना है। कहा कि जब कर्तव्य पथ पर होते हुए अमृत वाटिका की ओर हम आगे बढ़ेंगे तो यह हमें देश के प्रति हमारे कर्तव्यों को याद दिलाएगा। इसी लिए आज हमने इसकी शुरूआत शहीद शशिकांत पांडेय जी के घर से की है। वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम किया जा रहा है उससे हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता और पूरे देश की जनता खुद को गौरववित महसूस कर रही है। वैसे तो देश के सभी घरों से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी ली जानी है पर शहीदों के घर से विशेष रूप से मिट्टी लेकर प्रधानमंत्री और पार्टी शहीदों को सम्मान दे रही है। हमें आगे भी उम्मीद है कि पार्टी द्वारा शहीदों के सम्मान में इसी प्रकार से कार्यक्रम होते रहेंगें। मौके पर राजकुमार अग्रवाल, मानस प्रसून, संजय झा, योगेंद्र यादव, रमेश राही, अखिलेश सिंह, श्रवण राय आदि मौजूद थे।





शहीद शशिकांत पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह व अन्य। शहीद के घर से मिट्टी संग्रह करते भाजपाई।

# कतरास रेलवे स्टेशन में 9 से शुरू होगा 5 ट्रेनों का ठहराव



**सांसद- विधायक दिखायेंगें हरी झंडी, विधायक ढुल्लू ने लोगों से की कार्यक्रम में पहुंचने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास रेलवे स्टेशन पर नौ सितंबर से पांच ट्रेनों के ठहराव की घोषणा रेलवे ने की है। इन ट्रेनों को स्थानीय सांसद और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो नागरिकों के साथ हरी झंडी दिखाकर कतरास स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना करेंगे। इस बाबत गुरुवार को बाघमारा विधायक ने कतरास भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर स्थानीय लोगों से स्टेशन पहुंचने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के जनमानस का ख्याल रखते हुए सांसद और उनके संघर्ष के बाद ट्रेनों के ठहराव और परिचालन शुरू कराने में सफलता मिली है। शीघ्र ही इस क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली डीसी ट्रेन का भी परिचालन शुरू हो जाएगा। बताते चलें कि इस मार्ग पर भूमिगत आग का खतरा बताकर केंद्र सरकार द्वारा इसे बंद कर दिया गया था। जिससे इस रूट पर चलने वाली सभी 26 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। बाद में फिर इस मार्ग के चालू होने के बाद धीरे-धीरे कतरास स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव शुरू हो रहा है।

# बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा से झारखंड सरकार में पैदा हो चुकी है हलचल, दर्ज हो रहे फर्जी मुकदमे : बिरंची नारायण

**संकल्प यात्रा व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बोकारो में भाजपा की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** संकल्प यात्रा सभा की सफलता को लेकर बोकारो विधानसभा भाजपा की बैठक बोकारो विधायक के आवासीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भरत यादव व संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। बैठक में उतरी छोटानागपुर कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्र, विधायक बिरंची नारायण, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहितलाल सिंह, मुकुल ओझा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्म प्रभारी गणेश मिश्र ने कहा कि 29 सितंबर को बोकारो विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की जानी है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा में भाग लेने को सभी नौ मंडलो के कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। वहीं, कार्यक्रम के भव्य तरीके से आयोजन की तैयारी को लेकर योजना तैयार की गई है। जिसके लिये वरिष्ठ नेता व सभी जिला पदाधिकारी को बूथ शक्ति केंद्र स्तर पर बैठक कर कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल कराने को लेकर प्रचार-प्रसार में जुट जाने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रमुख कार्यकर्ता की जवाबदेही लेकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने सभी शक्ति केंद्रों में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय किए जाने का निर्देश दिया। जिसमें सभी शक्ति केंद्र के संयोजक एवं अध्यक्ष बूथ कमेटी के सदस्यों को उपस्थित रहने को कहा गया है। 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहने की जानकारी दी गई। विधायक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा से हेमंत सोरेन सरकार में हलचल पैदा हो चुकी हैं। जगह-जगह फर्जी मुकदमें दर्ज किये गये हैं। सरकार के सहयोगी दलों द्वारा। 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा सभी 14 सीट जीतेगी। वहीं, झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कार्यकर्ताओं को मेरी माटी मेरा देश के निमित्त हर गांव से मिट्टी संग्रह करने एवं बूथ स्तर पर विद्यालय व मंदिरों में पौधरोपण का निर्देश दिया। वहीं, आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया। मंडल स्तर पर प्रभारी के साथ पंचायत स्तर पर वोलेंटियर की सूची तैयार कर टोली बनाकर संग्रह करना है। बैठक में आरती राणा, कुमार अमित, केके मुन्ना, कमलेश राय, जयदेव राय, अशोक कुमार पप्पू, जयनारायण मरांडी, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, शंकर रजक, आरएन उपाध्याय, केके बोराल, मुकेश राय, ब्रज दूबे, हरिश सिंह, अनिल सिंह, विनय किशोर, पन्नालाल कांदु, टिंकू तापड़िया, पीयूष आचार्या, विक्की राय, गोलू उपाध्याय, गौतम शर्मा, भैरव महतो, चंद्रशेखर सिंह, विकास महथा, मंजीत सिंह, नीरज पाण्डेय, राधा देवी, वर्षा चौधरी, ममता गोस्वामी आदि मौजूद थे।




# कोयला डंप होते ही आमने-सामने हुए जमसं के बच्चा सिंह व कुंती गुट

आजाद सिपाही संवाददाता



**अलकडीहा।** जयरामपुर में शुरू हुई आउटसोर्सिंग परियोजना से कोयले का उत्पादन शुरू होते ही कोयला लोडिंग में वर्चस्व को लेकर क्षेत्र के प्रभावशाली संगठन के समर्थकों ने बाहें समेटना शुरू कर दिया है। गुरुवार को बागडिगी में परियोजना से लगभग 10 डंफर कोयला डंपिंग होते ही जनता मजदूर संघ (जमसं) बच्चा गुट और कुंती गुट के समर्थक आमने सामने आ गये। दोनों गुटों के समर्थकों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कभी भी दोनों पक्षों में भिड़ंत होने कि आशंका बलवती हो गयी है। स्थानीय प्रबंधन ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई कि मांग की है। बताते चलें कि कि जयरामपुर में फरवरी में शुरू हुई आउटसोर्सिंग परियोजना में जद्दोजहद के बाद आज कोयले का उत्पादन शुरू की गई। प्रबंधन ने उत्पादित कोयले को बागडिगी में स्टॉक करने को लेकर डम्फरों से गिराने लगा। जयरामपुर परियोजना का कोयला बागडिगी में गिराए जाने से भड़के बच्चा गुट के समर्थकों ने बागडिगी में कोयला जमा करने का विरोध करते हुए कोयला डंपिंग पर रोक लगा दिया। बच्चा गुट के नेता रामबाबू सिंह और रूपक सिन्हा ने कहा कि जयरामपुर परियोजना का कोयला जयरमपुर में और बागडिगी परियोजना का कोयला बागडिगी में डिपो खोलकर जमा कर स्थानीय बेरोजगारों को हाथ लोडिंग का काम प्रबंधन दे। जबतक प्रबंधन उनकी मांगें नहीं मानेगी तबतक जमसं का आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी ओर, बागडिगी में परियोजना का कोयला गिराए जाने का विरोध कर रहे बच्चा गुट के खिलाफ कुंती गुट के नेता हेमंत पासवान एवं उसके समर्थकों ने मोर्चा खोलते हुए बागडिगी में कोयला गिराने का प्रबंधन का समर्थन किया है। दोनों गुटों के समर्थकों के प्रबंधन के पक्ष विपक्ष में आमने-सामने आने से टकराव कि संभावना बढ़ गयी है। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में अविलंब हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित नहीं किया तो क्षेत्र के धरती को एक बार फिर से रक्तरंजीत होने से कोई नहीं रोक सकता है। मौके पर बच्चा गुट के रामबाबू सिंह ,दीपक सिंह, राकेश सिंह, राधेश्याम यादव, दिलीप महतो, बेबी खातून, रूपक सिन्हा, कन्हैया राम, सुरेश माली आदि डटे हैं।

**किसान संग्राम समिति का 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन**

# धनबाद जिले में किसानों की हालत बद से बदतर हो गयी: आनंद महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** किसान संग्राम समिति की गुरुवार को बैठक पुराना बाजार टेंपल रोड स्थित मासस के केंद्रीय कार्यालय हुई। जिसकी अध्यक्षता किसान संग्राम समिति के जिला अध्यक्ष एएम पाल ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि धनबाद जिले में किसान मजदूरों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। अपने परिवार का जीविकोपार्जन के लिए कड़ी मेहनत करने के बावजूद किसानों को उनका मेहनतना सही से नहीं मिल पा रहा है। झारखंड में सही समय पर बारिश नहीं होने के कारण किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। धनबाद कोयलांचल में रैयत किसानों को खारिज-दाखिल, जमीन का रसीद आदि कटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेती लायक जमीन धान रोपनी नहीं होने के कारण खाली पड़ा हुआ है। किसान मजदूर राज्य से काफी संख्या में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने मांग किया कि झारखंड सरकार अविलंब सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर किसानों को राहत देने का कार्य करे। उन्होंने आगामी 10 अक्टूबर को आम लोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में किसान संग्राम समिति के बैनर तले विशाल प्रदर्शन किये जाने की बात कही। बैठक में जिला अध्यक्ष पवन महतो, सचिव राणा चटराज, उपाध्यक्ष संतोष रवानी, जगदीश साव, बुटन सिंह आदि शामिल थे।




सरकारी उपेक्षा के प्रतिवाद में बैठक करते किसान संग्राम समिति के सदस्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीसीसीएल केंद्रीय चिकित्सालय में डीएमएलटी कोर्स के 2020-22 सत्र का परिणाम हुआ जारी



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के केंद्रीय चिकित्सालय धनबाद में डीएमएलटी कोर्स के सत्र 2020-22 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 13 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें पूरे धनबाद जिले में प्रथम कुमारी रश्मि, दूसरा विशाल कुमार और तीसरा स्थान लक्ष्मीचंद ने प्राप्त किया है। पिछले पांच वर्षों में पैथोलॉजी विभाग के छात्रों का प्रर्दशन बेहतर रहा है। छात्रों ने इसका श्रेय विभाग के चिकित्सकों, तकनीशियनों, थ्योरी और प्रैक्टिकल की बेहतर व्यवस्था को दिया है। सफल छात्रों के अनुसार उनकी सफलता में बीसीसीएल केंद्रीय चिकित्सालय के प्रमुख डॉ आरके ठाकुर, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ रणविजय प्रताप समेत विभाग में कार्यरत डॉ निर्मलेश महथा, डॉ राणु शुक्ला, डॉ शिवानी सिंह, डॉ सूरज टोप्पो समेत प्रमुख लैब टेक्निशियन सलाम अंसारी, आरके पॉल और दिनेश प्रजापति का योगदान रहा है।प्रमूख लैब टेक्निशियन सलाम अंसारी ने बताया कि केंद्रीय चिकित्सालय में पारा मेडिकल कोर्स के तहत विभिन्न विभागों में डिप्लोमा कोर्स कराया जाता है जिसमें पैथोलॉजी (डीएमएलटी), रेडियोलॉजी (एक्स रे टेक्निशियन), ऑप्थोल्मोलॉजी (ऑप्थेल्मिक टेक्निशियन), ओटी टेक्निशियन, आईसीयू टेक्निशियन आदि शामिल है।

### प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** शाखा की प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का गुरुवार को समापन हुआ। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार भी मौजूद रहे। महोत्सव का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दो दिवसीय इस महोत्सव के दौरान राधा कृष्ण की झांकी, श्रीकृष्ण के अलौकिक श्रृंगार दर्शन, नैना भीराम, चैतन्य झांकी, श्रीकृष्ण के जन्म का आध्यात्मिक रहस्य चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से श्रीकृष्ण के सोलह कलाओं का परिचय दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, डीवीसी के पूर्व उपमुख्य अभियंता अमित सेनगुप्ता, पूर्व उपमहाप्रबंधक प्रशासन रूद्रप्रताप सिंह, राजद की सुनीता सिंह, राजेश मिश्रा उर्फ बिट्टू मिश्रा, चिरकुंडा शाखा संचालिका अर्चना दीदी उपस्थित थीं। महोत्सव को सफल बनाने में चिरकुंडा शाखा से जोगेंद्र भाई, मुकेश भाई, जितेंद्र भाई, अजय साव, राजेश भाई, शिव अग्रवाल, मुकेश पाण्डेय, पिंकी बहन, ममता बहन, उषा दीदी, मोमिता दीदी, राधा बहन, मीरा बहन, जयंती बहन, बिमला बहन की भूमिका सराहनीय रही।

### प्रज्ज्वला महिला समिति ने गंगा गौशाला में किया पौधरोपण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** सिजुआ क्षेत्र के प्रज्वला महिला समिति की ओर से गुरुवार को कतरास स्थित गंगा गौशाला में जामुन, आम, अमरूद आदि के फलदार पौधे लगाए गए। समिति की सदस्यों ने गौ सेवा करते हुए गौ माता को हलवा पूड़ी एवं गुड़ भी खिलाया। समिति की अध्यक्ष काकुली राय ने कहा कि गौ माता की सेवा करने से सारे पापों का नाश होता है। समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। उन्होंने 2600 रुपया दान स्वरूप दिया। इस मौके पर सुनीता सिंह, संटू झा, विमला मिश्रा, वंदना विश्वकर्मा, माया सिंह, अर्पणा चौधरी, अनीता कुमार आदि उपस्थित थीं।

### इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई विषय पर हुआ कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के पर्यावरण नियंत्रण विभाग के तत्वावधान में स्वच्छ पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक बनाने को लेकर बोकारो जिले के कसमार और बांसगोड़ा मध्य विद्यालय में स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएसएल के महाप्रबंधक (ईसीएस) एनपी श्रीवास्तव और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धनबाद के अधिकारी राम प्रवेश के मार्गदर्शन में बीएसएल के पर्यावरण नियंत्रण विभाग के अंकित कुमार (वरीय प्रबंधक), वी एन कुमार (प्रबंधक), सानंद कुमार (प्रबंध प्रशिक्षु) ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। कसमार मध्य विद्यालय के 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों में मुकेश गोराईं को पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, विद्या रानी को द्वितीय और पल्लवी कुमारी को तृतीय स्थान मिला। जबकि अलोक कुमार, नैना कुमारी और मुस्कान को सांत्वना प्रस्कार से सम्मानित किया गया। कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में गंगाधर महतो को प्रथम पुरस्कार, प्रियंका कुमारी को द्वितीयऔर शोभा कुमारी को तृतीय पुरस्कार, जबकि हेमंत करमाली को सांत्वना पुरस्कार मिला। मध्य विद्यालय माराफारी, बांसगोड़ा में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में शमीर आलम को प्रथम, श्रुति कुमारी को द्वितीय, आलिया परवीन को तृतीय और लक्ष्मी कुमारी व श्रुति कुमारी को सांतवना पुरष्कार से प्राप्त हुआ।

### फुसरो में दो गैराज का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो के रानीबाग में बुधवार की देर रात दो दुकानों का ताला तोड़ लाखों रुपए की चोरी किए जाने की घटना घटित हुई। चोरों ने पत्ती मिस्त्री मोहन और गैराज मालिक मो कमरू की दुकान में सामानों की चोरी की। पता चला है कि मोहन की दुकान से 9 जक, 2 हैमर, एक नहाई, 12 पीस ट्रक की पत्ती, जबकि मोहम्मद कमरू के गैराज से ट्रक इंजीन का हेड, 2 प्रेशर जक, इंजन उतारने वाला ट्रॉली आदि चोरी हुई है। इस बाबत दोनों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

## न्यूज रील्स

### बिहार के भाजपा नेता की मर्डर मिस्ट्री का रेप कनेक्शन

बेतिया। बेतिया में भाजपा नेता सोनू कुमार की मर्डर मिस्ट्री में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक सोनू अपने दोस्त सुजीत के साथ मिलकर दो नाबलिग लड़कियों से रेप किया था। रेप का बदला दोनों लड़कियों के नाबालिग प्रेमियों ने लिया। उन्होंने टहलने गये भाजपा नेता और उसके दोस्त से नाम पूछे और चाकुओं से हमला कर दिया। भाजपा नेता की मौके पर मौत गयी है, जबकि दोस्त बच गया। हत्या चार दिन पहले हुई थी। इस पर जमकर बवाल मचा था। हत्या के मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिये गये हैं, जबकि लड़कियों की तरफ से रेप का मामला दर्ज कराया गया है।

### आदित्य-एल1 की सेल्फी, पृथ्वी-चंद्रमा की तस्वीरें खींची

बेंगलुरु। इसरो ने गुरुवार को आदित्य-एल1 पर लगे कैमरे से ली गयी सेल्फी के साथ पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों को 4 सितंबर को खींचा गया है। सेल्फी में आदित्य पर लगे दो इंस्ट्रूमेंट नजर आ रहे हैं। आदित्य को 2 सितंबर को लांच किया गया था। इसकी दो बार ऑर्बिट बढ़ायी जा चुकी है। अभी यह पृथ्वी की ऑर्बिट में ही है। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा।

# वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ में शिक्षक दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने उन शिक्षकों कोसम्मानित करके राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया, जिन्होंने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर ओडिशा के झारसुगुड़ा स्थित वेदांता लिमिटेड और छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित उसकी सहायक कंपनी बाल्को में दिल छू लेने वाली गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को पहचानना और उसकी सराहना करना था। वेदांता लिमिटेड, झारसुगुड़ा ने सरबहल गवर्नमेंट हाई स्कूल के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षक दिवस '23 को एक भावपूर्ण समारोह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में झारसुगुड़ा की जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा मिंज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान झारसुगुड़ा के विभिन्न स्कूलों के 22 प्रधानाध्यापकों को उनके असाधारण समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया, जिसके कारण उनके छात्रों ने इस वर्ष एचएससी परीक्षा में ए1 ग्रेड हासिल किया। इस बीच, बाल्को में, इसके सभी विभागों में ज्ञान-साझाकरण सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इन सत्रों ने कर्मचारियों को अंतर्दृष्टि, सर्वोत्तम प्रथाओं और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया, जिससे साझा सीखने और विकास के जीवंत माहौल को बढ़ावा मिला। बाल्को ने अपने कर्मचारियों को प्रशंसा कार्ड भी वितरित किए, जिन्हें भरकर उन व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है जिन्होंने उनकी पेशेवर यात्राओं में उनके शिक्षकों, सलाहकारों या मार्गदर्शक के रूप में काम किया है। वेदांत एल्युमीनियम ग्रामीण समुदायों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को सक्षम करके साक्षरता विभाजन को पाटने के लिए काम कर रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, कंपनी ने कई उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षिक हस्तक्षेप किए हैं, जिसमें प्री-स्कूल शिक्षा का समर्थन करने से लेकर पिछले दो वर्षों में महामारी के कारण पैदा हुई सीखने की कमियों को दूर करने के लिए ई-लर्निंग कार्यक्रमों को लागू करना शामिल है। ये कार्यक्रम झारसुगुड़ा जिले के औसत साक्षरता स्तर को 70.55% (2001) से बढ़ाकर 78.86% (पिछली जनगणना के आंकड़ों के अनुसार) करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससेपिछले शैक्षणिक वर्ष तक 7,400 से अधिक बच्चों को लाभ हुआ है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस के सीओओ, श्री सुनील गुप्ता ने कहा, शिक्षा प्रगति की आधारशिला है, और वेदांता लिमिटेड, झारसुगुड़ा में, हम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का समर्थन करने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। हमारी पहल का उद्देश्य है सीखने के अंतराल को पाटने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए, विशेष रूप से वंचित समुदायों में। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस हमें उन समर्पित शिक्षकों का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है जो भविष्य को आकार दे रहे हैं, और यह एक उज्जवल भविष्य के निर्माण में हमारे प्रयासों को जारी रखने के हमारे संकल्प को मजबूत करता है। इस अवसर पर बोलते हुए, झारसुगुड़ा की जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा मिंज ने कहा,मैं शिक्षा के अत्यधिकमहत्व और युवा दिमागों की क्षमता को पोषित करने में शिक्षकों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देना चाहती हूं। शिक्षा उज्जवल भविष्य की कुंजी है, और वेदांत एल्युमीनियम जैसे संगठनों को देखकर खुशी होती है।

# समाज में भेदभाव तक आरक्षण रहना चाहिए : मोहन भागवत

## आरएसएस प्रमुख ने अंखड भारत पर भी की टिप्पणी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हमारे समाज में आज भी भेदभाव मौजूद है। जब तक ये असमानता बनी रहेगी, तब तक आरक्षण भी जारी रहना चाहिए। हम संविधान में दिये गये आरक्षण को पूरा समर्थन देते हैं। भागवत ने यह भी कहा कि अखंड भारत या अविभाजित भारत का सपना आज के युवाओं के बूढ़े होने से पहले सच हो जायेगा, क्योंकि 1947 में भारत से अलग होने वाले लोग अब महसूस कर रहे हैं कि उन्होंने गलती की। भागवत का बयान ऐसे समय आया है जब महाराष्ट्र में आरक्षण के लिए मराठा समुदाय का आंदोलन एक बार फिर तेज हो गया है।

भागवत ने कहा कि हमने साथी मनुष्यों को सामाजिक व्यवस्था के तहत पीछे रखा। उनकी जिंदगी जानवरों जैसी हो गयी, फिर भी उनकी परवाह नहीं की। ये सब 2000 साल तक जारी रहा। जब तक हम उन्हें समानता प्रदान नहीं करते, तब तक कुछ विशेष उपाय करने होंगे और आरक्षण उनमें से एक है। इसलिए हम संविधान में दिये गये आरक्षण को पूरा समर्थन देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही हम इसे देख न सकें।

भागवक ने कहा कि भारत से अलग होने वाले देशों को लगता है कि हमें फिर से भारत बनना चाहिए था। वे सोचते हैं कि भारत बनने के लिए उन्हें मानचित्र पर रेखाओं को मिटाने की आवश्यकता है। लेकिन ऐसा नहीं है। भारत बनना भारत की प्रकृति या स्वभाव को स्वीकार करना है। वो स्वभाव हमें मंजूर नहीं था, इसलिए विखंडन हुआ। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन से, अपने आचरण से सब पड़ोसी देशों को ये सिखाना पड़ेगा। ये काम हम कर रहे हैं। मालदीव को पानी, श्रीलंका को पैसा, नेपाल में भूचाल के दौरान मदद और बांग्लादेश को मदद पहुंचाते हैं। और ये सबको बताकर कर रहे हैं।

# प्रशांत भूषण किसान रैली में शामिल होने पुरी पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** सामाजिक कार्यकर्ता और सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण पुरी में आयोजित किसान रैली में शामिल होने के लिए ओडिशा पहुंचे हैं। वेदांता यूनिवर्सिटी के खिलाफ संघर्ष में किसानों की जीत हुई है. इसके लिए प्रशांत भूषण का बिजू पटनायक हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत किया गया है. ओडिशा सरकार ने वेदांत विश्वविद्यालय के लिए पुरी, कोणार्क समुद्र तट क्षेत्र में लगभग 6 हजार एकड़ कृषि भूमि बहुत कम कीमत पर अधिग्रहित की। इससे 6000 परिवार और 30 हजार लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए. हालाँकि, 2011 से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने वेदांता यूनिवर्सिटी के खिलाफ लड़ते रहे। आखिरकार प्रशांत भूषण और किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में कानूनी लड़ाई जीत ली. सुप्रीम कोर्ट ने वेदांता विश्वविद्यालय के नाम पर राज्य सरकार द्वारा जब्त की गई महाप्रभु श्रीजगन्नाथ और किसानों की जमीन को तत्काल वापस करने को कहा। इसके अलावा,ओडिशा में मिटी के नीचे लौह अयस्क का खनन जिस तरह से किया जा रहा है अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो अगले 20 वर्षों में समाप्त हो जाएगा। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी दी. इसके अलावा खनन पर रोक लगाने की गुहार के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई. प्रशांत भूषण का तर्क है कि मिट्टी के नीचे खनिज सीमित मात्रा में हैं. हम अपनी इच्छा से खदानों का विस्तार या निर्माण नहीं कर सकते। इसका मतलब है कि मिट्टी के नीचे खनिजों की मात्रा सीमित है। प्रशांत भूषण ने कहा, इसलिए, अगर इसे जानबूझकर उठाया गया है, तो यह एक न एक दिन खत्म हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील ने कहा, इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

# बंगाल के राज्यपाल ने ममता से कहा, राजभवन में प्रदर्शन करें

- मुख्यमंत्री का आरोप,पास हुए बिल रोके गये
- विधायकों का वेतन 40-40 हजार रुपये बढ़ाने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राजभवन में गेस्ट के रूप में प्रदर्शन करने के लिए इनवाइट किया। दरअसल, ममता ने गवर्नर पर विधानसभा से पारित बिलों को रोकने का आरोप लगाया है। ममता ने इसके विरोध में राजभवन के बाहर धरना देने की धमकी दी थी। इसके बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस की यह प्रतिक्रिया आयी है। बोस ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं अपनी संवैधानिक सहयोगी (ममता बनर्जी) से अनुरोध करूंगा कि वे राजभवन के भीतर आयें और चाहें तो विरोध प्रदर्शन करें।

वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में राज्य के विधायकों के वेतन में 40,000 रुपये प्रति माह बढ़ोतरी की घोषणा की।

उधर, राज्यपाल ने एक वीडियो जारी कर राज्य के विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मैं राज्य के विश्वविद्यालयों को भ्रष्टाचार और हिंसा मुक्त बनाने की लड़ाई जारी रखूंगा। पहले नियुक्त किये गये कुलपतियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और यौन उत्पीड़न जैसे आरोप थे। सुप्रीम कोर्ट ने पहले हुई कुछ नियुक्तियों के खिलाफ फैसला सुनाया था। पद से इस्तीफा देने वाले 5 कुलपतियों ने मुझे बताया कि उन्हें धमकियां मिली थीं। बंगाल की अगली पीढ़ी राज्य के लिए बड़ी संपत्ति है। इसीलिए मैंने विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की है।

### भुवनेश्वर हवाई अड्डे से सोने के बिस्किट जब्त



**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर हवाईअड्डे से सोने के बिस्किट जब्त किये गये। चोरी के सोने के बिस्कुट की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम विभाग ने गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट चालान किया गया. गौरतलब है कि भुवनेश्वर एयरपोर्ट से 2 किलो 464 ग्राम सोने के बिस्किट जब्त किए गए है. जब्त किए गए सोने के बिस्कुट विदेश से भुवनेश्वर आ रहा था। कस्टम विभाग ने चोरी के सोने के बिस्कुट की तस्करी के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है. जब्त सोने के बिस्कुट पर विदेशी मार्का है ।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**